संसेक्स 77,341.08 +131.18
डॉलर 83.475 -0.088
पलामू सर्राफा
10 ग्राम 71,770
01 किलो 89,440

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

आषाढ़ कृष्ण पक्ष 4, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), मंगलवार, 25 जून 2024, वर्ष-30, अंक-247, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com





अपनी मां तरह बांसुरी स्वराज ने संस्कृत में ली....






## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।


# सरकार बहुमत से चलती है लेकिन देश सर्वसम्मति से : पीएम

**देश चलाने के लिए आम सहमति से आगे बढ़ने के सभी प्रयास किए जाएंगे ○ प्रधानमंत्री ने आपातकाल को बताया भारतीय लोकतंत्र पर एक काला धब्बा**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि देश के लोगों की सेवा के लिए संविधान के दायरे में रहते हुए आम सहमति से आगे बढ़ने के सभी प्रयास किए जाएंगे। प्रधानमंत्री ने सोमवार से शुरू हुए 18वीं लोकसभा के पहले सत्र की शुरूआत से पहले संसद के बाहर मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन संसदीय लोकतंत्र के लिए गौरवपूर्ण और गौरवशाली है, क्योंकि आजादी के बाद पहली बार शपथ ग्रहण समारोह नई संसद में होगा। प्रधानमंत्री ने सभी नवनिर्वाचित सांसदों को हार्दिक बधाई दी।

प्रधानमंत्री मोदी ने तीसरी बार सरकार चुनने के लिए नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि यह सरकार की नीयत, नीतियों और लोगों के प्रति समर्पण पर मुहर लगाता है। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि पिछले 10 वर्षों में हमने एक परंपरा स्थापित करने का प्रयास किया है क्योंकि हमारा मानना है कि सरकार चलाने के लिए बहुमत की आवश्यकता होती है, लेकिन देश चलाने के लिए सर्वसम्मति बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि सरकार का निरंतर प्रयास रहा है कि 140 करोड़ नागरिकों की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए सर्वसम्मति और सभी को साथ लेकर मां भारती की सेवा की जाए। प्रधानमंत्री ने इस संसद के गठन को भारत के सामान्य मानवी के संकल्पों को पूरा करने का माध्यम बताते हुए कहा कि यह नए उत्साह के साथ नई गति और ऊंचाई हासिल करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के शेष पृष्ठ 11 पर

## प्रधानमंत्री सहित मंत्रिपरिषद ने ली शपथ



**नई दिल्ली।** 18वीं लोकसभा के पहले सत्र की पहली बैठक में सोमवार को प्रधानमंत्री सहित मंत्रिपरिषद के सदस्यों ने शपथ ग्रहण की। प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब की अध्यक्षता में सदन ने शुरूआत में राष्ट्रगान के बाद मौन रखा। इसके बाद नेता सदन एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शपथ ग्रहण की। नई संसद में पहले शपथ ग्रहण समारोह से पहले सुबह राष्ट्रपति भवन में महताब को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शपथ दिलाई। राष्ट्रपति ने महताब को सहयोग करने के लिए पैनल भी तय किया था। इसमें कोडिकुन्नील सुरेश, टीआर बालू, राधा मोहन सिंह, फगन सिंह कुलस्ते और सुदीप बंदोपाध्याय का नाम शामिल था। इन्हें प्रधानमंत्री के बाद शपथ दिलाई जानी थी, लेकिन विपक्षी सदस्यों कोडिकुन्नील सुरेश, टीआरबालू और सुदीप बंदोपाध्याय शपथ के समय सदन में उपस्थित नहीं थे। बाकी तीनों पैनल सदस्यों ने शपथ ग्रहण की। इसके बाद कैबिनेट मंत्रियों राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी सहित एक-एक कर सबने शपथ ली। कैबिनेट के बाद स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्रियों और राज्यमंत्रियों ने शपथ ली। इसके बाद अल्फाबेटिकल क्रम शेष पृष्ठ 11 पर

## तीन गुना ज्यादा मेहनत करेंगे, तीन गुना बेहतर परिणाम लाएंगे

उन्होंने नागरिकों को भरोसा दिलाया कि सरकार पहले से तीन गुना अधिक मेहनत करेगी और तीन गुना बेहतर नतीजे भी लाएगी। विपक्ष की भूमिका पर बात करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश की जनता उनसे लोकतंत्र की गरिमा को बनाए रखते हुए अपनी भूमिका पूरी तरह निभाने की अपेक्षा करती है। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि विपक्ष इस पर खरा उतरेगा। मोदी ने जोर देकर कहा कि लोग नारों के बजाय सार्थकता चाहते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सांसद आम नागरिकों की अपेक्षाओं को पूरा करने का प्रयास करेंगे। प्रधानमंत्री ने सभी सांसदों की जिम्मेदारी को रेखांकित करते हुए कहा कि वे सामूहिक रूप से विकसित भारत के संकल्प को पूरा करें और लोगों का भरोसा मजबूत करें।

## जीएसटी के 7 साल : घरेलू सामान हुआ सस्ता लोगों के बचत क्षमता में हुआ सुधार : पीएम

**नई दिल्ली।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) को देशभर में लागू हुए 7 साल हो गए हैं। 1 जुलाई 2017 को मोदी 1.0 सरकार द्वारा इसे लागू किया गया था। इस जीएसटी में 17 स्थानीय कर और शुल्क समाहित किए गए थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन सात सालों में आम लोगों द्वारा उपयोग किए जाने वाले उत्पादों और सेवाओं पर टैक्स में आई कमी के बारे में एक्स पर लिखा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम आदमी को जीएसटी से हुए लाभ के बारे में जानकारी दी है। पीएम मोदी ने लिखा कि जीएसटी के जरिए सुधार हमारे लिए 140 करोड़ भारतीयों के जीवन को बेहतर बनाने का एक साधन है। जीएसटी लागू होने के बाद घरेलू उपयोग का सामान काफी सस्ता हुआ। इससे गरीबों और आम आदमी को काफी बचत हुई। हम लोगों के जीवन में बदलाव लाने के लिए आगे भी इन सुधारों को जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पीएम मोदी ने इसके साथ जो डाटा लगाया है, उसके अनुसार केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के आंकड़ों की मानें तो जीएसटी लागू होने के बाद आटा, सौंदर्य प्रसाधन, टेलीविजन, रेफ्रिजरेटर आदि सहित अधिकांश घरेलू सामान सस्ते हो गए हैं। घरेलू सामान के सस्ता होने से लोगों पर आर्थिक बोझ कम हुआ और लोगों की बचत करने की क्षमता में भी सुधार हुआ। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक्स पर लिखा कि अधिकांश घरेलू सामान जीएसटी के दायरे में आने के बाद सस्ते हुए हैं। इससे पहले शनिवार को जीएसटी काउंसिल की बैठक में वित्त मंत्री निर्मला ने कहा था, "मैं करदाताओं को आश्वस्त करना चाहती हूं कि हमारा इरादा जीएसटी करदाताओं के जीवन को आसान बनाना है।" हम सिस्टम की जटिलताओं को कम करने शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### सांसद वीडी राम ने ली संसद सदस्य की शपथ



**मेदिनीनगर।** सांसद पलामू विष्णु दयाल राम ने 18 वीं लोकसभा के संसद सदस्य के रूप में सोमवार को शपथ ग्रहण किया। शपथ ग्रहण के बाद उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सभी विकसित भारत के संकल्पों को सिद्ध करने के लिए शेष पृष्ठ 11 पर

## आज | कल




### प्रथम तल पर जुलाई अंत में हो जाएगी राम दरबार की स्थापना

## राम मंदिर का निर्माण 9 महीने में पूरा कर लिया जाएगा

–ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण का काम जोरों से चल रहा है। यहां रोजाना हजारों की संख्या में श्रद्धालु रामलला के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। राम मंदिर के प्रथम तल के बाद दूसरे तल को अंतिम रूप दिया जा रहा है। राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने रविवार को मंदिर निर्माण के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि राम मंदिर के प्रथम तल का निर्माण 90 फीसदी पूरा हो चुका है। जुलाई के आखिर तक प्रथम तल पूरी तरह तैयार हो जाएगा। इसके बाद राम दरबार की स्थापना की जाएगी। मालूम हो कि प्रथम तल पर राम दरबार की स्थापना की जानी है। राम दरबार में लगने वाली मूर्तियां संगमरमर की होंगी। इसके लिए राजस्थान के चार मूर्तिकारों से इसके लिए बात हुई है। ट्रस्ट की ओर से टेंडर भी जारी हो चुका है। इस प्रक्रिया को जल्द पूरा किया जाएगा। बता दें कि 2.7 एकड़ में फैले राम मंदिर का निर्माण गुलाबी बलुआ पत्थर से किया गया है। मंदिर एक बड़े प्रांगण से घिरा हुआ है और इसमें अन्य हिंदू देवताओं को समर्पित कई छोटे मंदिर हैं। मंदिर की सबसे खास विशेषता विशाल शालिग्राम पत्थर है, माना जाता है कि यह काला पत्थर भगवान राम का प्रतिनिधित्व करता है और इसे नेपाल में गंडक नदी से लाया गया था। अयोध्या में 161 फीट ऊंचे राम मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। पहली मंजिल भगवान राम को समर्पित है। यहीं राम दरबार स्थापित किया जाएगा। दूसरी मंजिल भगवान हनुमान को समर्पित है, और तीसरी मंजिल अयोध्या के इतिहास और संस्कृति को प्रदर्शित करने वाला एक संग्रहालय है। तीन मंजिला राम मंदिर में हर मंजिल की ऊंचाई 20 फीट होगी। इसके ग्राउंड फ्लोर पर 160 खंभे होंगे वहीं राम मंदिर में कुल 392 खंभे होंगे। इसके अलावा राम मंदिर में कुल 44 भव्य और बड़े शेष पृष्ठ 11 पर

## लातेहार में टीएसपीसी नक्सली संगठन के सात नक्सली गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर लातेहार पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुत कमेटी (टीएसपीसी) के सात उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार उग्रवादियों में दीपक उरांव, इस्लाम अंसारी, रूपेश कुमार, सुजीत कुमार, रितेश कुमार रवि, संजय भुइयां (सभी लातेहार) और पलामू के पांकी थाना क्षेत्र निवासी अजय सिंह शामिल हैं। गिरफ्तार उग्रवादियों के पास से दो देसी बंदूक और पर्चा के अलावे अन्य सामान भी बरामद हुए हैं। सोमवार को प्रेस वार्ता करते हुए एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि लातेहार थाना क्षेत्र के आसपास पिछले कुछ दिनों से टीएसपीसी संगठन के नाम पर व्यवसायियों, भट्ठा संचालकों से रंगदारी की मांग की जा रही थी। कुछ व्यवसायियों के द्वारा जब इसकी शिकायत पुलिस से की गई तो पुलिस की टीम उग्रवादियों की गिरफ्तारी के लिए शेष पृष्ठ 11 पर

## भूमिगत कोयला गैसीकरण के लिए झारखंड में भारत की पहली पायलट परियोजना शुरू

**रांची/नई दिल्ली।** कोयला मंत्रालय ने झारखंड में भूमिगत कोयला गैसीकरण के लिए भारत की पहली पायलट परियोजना का शुभारंभ कर दिया। सोमवार (24 जून) को कोयला मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। कोयला मंत्रालय द्वारा जारी बयान के मुताबिक इस पहल का उद्देश्य कोयला गैसीकरण के उपयोग के माध्यम से इसे औद्योगिक अनुप्रयोगों के लिए मीथेन, हाइड्रोजन, कार्बन मोनोऑक्साइड और कार्बन डाइऑक्साइड जैसी मूल्यवान गैसों में परिवर्तित करना है। कोयला मंत्रालय के रणनीतिक निर्देशन के अतर्गत ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) ने झारखंड के जामताड़ा जिले के कास्ता कोयला ब्लॉक में भूमिगत कोयला गैसीकरण (यूसीजी) के लिए एक अभिनव पायलट परियोजना की शुरूआत की है। दिसंबर 2015 में कोयला मंत्रालय ने कोयला और लिग्नाइट युक्त क्षेत्रों में यूसीजी के लिए एक व्यापक नीतिगत प्रारूप को स्वीकृति दी थी।

## इंडिया

## वीर भूमि को फिर अलगाववाद से लाल करने की तैयारी



सुनील बादल

*1966 में जब इंदिरा गांधी की सरकार थी, तब पंजाब तीन टुकड़ों में बंटा। सिखों की बहुलता वाला हिस्सा पंजाब, हिंदी भाषियों की बहुलता वाला हिस्सा हरियाणा और तीसरा हिस्सा चंडीगढ़ बना। इसके बावजूद खालिस्तान अलग देश की मांग बढ़ती गई।*

अमृतसर का पवित्र स्वर्ण मंदिर हो या दुर्गायना मंदिर मुख्य दरवाजे के अंदर देश से अलग दीवारों पर चंदा देने वालों के बजाय शहीदों की नाम पट्टिकाएं लगी हैं जिन्हें देखकर पंजाब के बलिदान और देशभक्ति पर गौरव की अनुभूति होती है पर इसी धरती और मंदिर से भारत विरोधी स्वर उठते हैं या योगाभ्यास तक विरोध होता है तो नब्बे के दशक की वे घटनाएं याद आ जाती हैं जब सिगरेट पीने के विरोध से शुरू हुआ आंदोलन निर्दोष बस यात्रियों की नृशंस हत्या की श्रृंखला में बदल गया था जिसे तत्कालीन दृढ़ निश्चयी पीएम इंदिरा गांधी ने सख्ती से दबा दिया था। खालिस्तान यानी खालसाओं का अलग देश। इस आंदोलन के तार वैसे तो आजादी के 18 साल पहले 1929 में हुए लाहौर अधिवेशन से ही जुड़े हुए हैं, जिसमें शिरोमणि अकाली दल ने सिखों के लिए अलग राज्य की मांग की थी, लेकिन आजादी के बाद जब भारत और पाकिस्तान अलग हुए तो इस मांग को और हवा मिली। 1947 में ही 'पंजाबी सूबा आंदोलन' शुरू हुआ। 1966 में जब इंदिरा गांधी की सरकार थी, तब पंजाब तीन टुकड़ों में बंटा। सिखों की बहुलता वाला हिस्सा पंजाब, हिंदी भाषियों की बहुलता वाला हिस्सा हरियाणा और तीसरा हिस्सा चंडीगढ़ बना। इसके बावजूद खालिस्तान अलग देश की मांग !बढ़ती गई। इसके नेता जरनैल सिंह भिंडरावाले, जिसे 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' में मार गिराया गया और 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या,



1985 में एयर इंडिया की फ्लाइट में ब्लास्ट, 1995 में तत्कालीन सीएम बेअंत सिंह की हत्या के बाद काफी हद तक खालिस्तानी घटनाएं कम हो गई थीं, जबकि भारत से बाहर खालिस्तान की मांग को लेकर आंदोलन होते रहे। भारत एक लंबे समय तक खालिस्तानी आतंक से मुक्त रहा, लेकिन हाल के वर्षों में एक बार फिर यह सिर उठा रहा है। विदेशी शक्तियों के सहयोग से बब्बर खालसा, सिख फॉर जस्टिस, वारिस पंजाब दे जैसे संगठन फिर से सिर उठाते दिख रहे हैं। विदेश से सिख फॉर जस्टिस का स्वघोषित सरगना गुरपतवंत सिंह पन्नू बैठकर पंजाब और हरियाणा में आतंकी साजिश रचता रहता है। पटियाला में खालिस्तान विरोधी मार्च पर खालिस्तान समर्थकों द्वारा हमले के केंद्र में भी पन्नू ही रहा है। एक बार उसने भारतीय युवाओं को खालिस्तान का समर्थन करने और झंडा उठाने के एवज में आईफोन देने का वादा किया था ।तीन कृषि कानूनों के विरोध में हुए किसान आंदोलन को भी सपोर्ट करने के आरोप लगे थे। सिंघु बॉर्डर पर आंदोलनकारी कथित तौर पर खालिस्तानी कट्टरपंथी जनरैल सिंह भिंडरावाले के फोटो लहराते दिखे थे और खालिस्तान के समर्थन में नारेबाजी भी हुई थी। एक बुक स्टॉल से ऑपरेशन ब्लू स्टार में मारे गए जरनैल सिंह भिंडरावाला और उनके साथियों का महिमामंडन करने वाली किताब शहीद-ए-खालिस्तान भी बांटी गई थीं। बाद में लाल किले पर खालिस्तानी झंडा फहराए जाने के भी आरोप लगे, हालांकि वो झंडा सिखों का एक धार्मिक झंडा था। हिमाचल विधानसभा के बाहर खालिस्तानी झंडे बंधे नजर आए थे। धर्मशाला के तपोवन स्थित विधानसभा भवन के बाउंड्री वॉल पर खालिस्तान समर्थक नारे भी लिखे गए थे। मामले में गिरफ्तार आरोपियों ने बताया था कि घटनास्थल से ही वीडियो बनाकर पन्नू को शेयर किए गए थे। एसआईटी ने 247 लोगों के एक मॉड्यूल का पता लगाया था, जिसमें 15 शेष पृष्ठ 11 पर

### 3046 अक्षर में संपूर्ण रामायण की रचना

## एक शब्द में लिख डाला पूरा रामायण

- **इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड में शामिल**
- **गिनिज बुक ऑफ रिकार्ड में शामिल कराने की है तैयारी**

राणा अरुणा सिंह




**मेदिनीनगर।** पलामू में मेधावी युवाओं की कमी नहीं है। प्रतिभा की परख शायद स्थानीय स्तर पर न हो, किन्तु राष्ट्रीय फलक पर कीर्तिमान तो बन रहे हैं। रेड़मा के शिवकुमार पांडेय अदभूत प्रतिभा का परिचय देते हुए एक शब्द में संपूर्ण रामायण लिखने का मिशाल कायम किया है। यह रामायण एक शब्द में लिखा गया है। उनका मानना है कि इस कला को समझने के लिए थोड़ा प्रैक्टिस की जरूरत है। यह हिंदी का सबसे लंबा शब्द है। पांडेय ने बताया कि इस रामायण में 3006 अक्षर हैं। जिनकी मदद से पूरा रामायण तैयार किया गया है। इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड ने इस रामायण को मान्यता दी है। साथ ही इसके लिए प्रमाण पत्र भी दिया है। उन्होंने बताया कि एक शब्दीय रामायण को गिनिज बुक ऑफ रिकार्ड में दर्ज कराने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। इसके लिए प्राइमरी स्तर पर सभी फार्मेट को भरने में जुटे हैं। उन्होंने बताया कि अगर गिनिज बुक में यह दर्ज हो जाता है, तब यह विश्व का पहला पुस्तक होगा जो केवल एक एक शब्द में लिखा गया है। उन्होंने बताया कि इस रामायण को तैयार करने में कई तरह की रूकावटें आई। लोग मानने को तैयार नहीं थे। किन्तु उन्होंने हौसला नहीं खोया। अब जब बहुत हद तक पुस्तक को मान्यता मिल गई, तब सब उनकी बातों पर गौर करने लगे हैं। वे बताते हैं कि इससे पूर्व वे एक दर्जन साहित्यों की रचना किए हैं। जिसमें अपना-अपना लेखन शैली का इस्तेमाल किया गया है। वे इस पुस्तक को लेकर काफी उत्साहित हैं। उनका मानना है कि यह पुस्तक एक दिन जरूर गिनिज बुक ऑफ शेष पृष्ठ 11 पर





## एक नजर

### कुआं से युवक का शव बरामद

**छतरपुर।** थाना के मदनपुर रविदास टोला अंबेडकर भवन के नजदीक कुए में संतोष राम के पुत्र 26 वर्षीय पुत्र अरविन्द कुमार शव बरामद किया गया। बताया जाता है कि मृतक का दिमागी हालत बहुत दिनों से खराब था। उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। अरविन्द के पिता संतोष राम बाहर में काम करने गये हैं। ग्रामीणों ने सुबह में कुएं में शव को देखा तो छत्तरपुर थाना को सूचना दी गई। पुलिस के सहयोग से कुएं से शव को निकला पोस्टर्माटम के लिए एमएमसीएच भेज दिया गया।

### हरिहरगंज में 353 छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण

**हरिहरगंज।** सीता प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर में सोमवार को आयोजित समारोह में प्रखंड के 353 छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामनरेश राम ने किया। बीइओ ने बताया कि कल्याण विभाग से प्रदत्त साइकिल प्रखंड के स्तरोन्नत उच्च विद्यालय तेंदुआ, कटैया, खड़गपुर, कोठिला, एमएस हरिहरगंज, सियरभूका, कोल्हुआडा आदि विद्यालय के छात्राओं को दी गयी। ये सभी वर्ग आठ के विद्यार्थी है। प्रखंड के अन्य विद्यालय के छात्रों के बीच शीघ्र साइकिल का वितरण कर दिया जायेगा। मौके पर बीपीएम रेखा कुमारी, एमआइएस कोऑर्डिनेटर संतोष कुमार, बीआरपी अनुज कुमार मिश्रा, प्रधानाध्यापक संतोष कुमार गुप्ता, प्रतिमा कुमारी, शिक्षक विपिन बिहारी मेहता, जिला इंचार्ज मिलन चटर्जी समेत शिक्षक व अन्य मौजूद थे।

नामांकन में निर्धारित राशि से अधिक वसूली को लेकर विद्यार्थियों व अभिभावक ने जमकर बवाल काटा

# विद्यालय को मनमाने तरीके से चलाने का आरोप



**नवीन मेल संवाददाता**

**नौडीहा बाजार।** प्रखंड के प्लस टू हाई स्कूल गुलाबझरी के सैकड़े छात्र-छात्राओं व अभिभावक ने सोमवारको प्रधानाध्यापक ओम प्रकाश लाल पर नौ वीं कक्षा के नामांकन में अधिक राशि वसूली को लेकर विद्यार्थियों व अभिभावकों ने जमकर हंगामा किया। हंगामा कर रहे अभिभावकों का कहना है कि सरकार के निर्धारित राशि से अधिक वसूली करने के साथ कोरोना काल की राशि वितरण नहीं किया जा रहा है। विद्यालय में पदस्थापित क्लर्क को भी प्रभार नहीं दिया जा रहा है। विद्यालय में मनमानी तरीके से काम किया जा रहा है। बताते चले कि विद्यालय में नामांकन में निर्धारित राशि से अधियक की वसूली की जाती है। छात्र-छात्राओं द्वारा रसीद मांगने पर प्रधानाध्यापक ने कहा कि उनके पास स्टाफ कम है, बाद में रसीद दे देगें। जबकी विद्यालय में खुद क्लर्क नियुक्त है। अध्यनरत छात्र-छात्राओं ने कहा कि शिक्षक नियमित शिक्षण कार्य नहीं करते हैं इससे विद्यालय में पठन पठान की स्थिति दिन प्रतिदिन खरा बोते जा रही है। मौके पर सत्य प्रकाश सिंह,सुरेंद्र कुमार सिंह,जितेंद्र कुमार सिंह,सुरेंद्र सिंह के आलावा सैकड़ों छात्र-छात्राओं व ग्रामीण मौजूद थे।

## सीएस ने हरिहरगंज सीएचसी का किया औचक निरीक्षण, दिए निर्देश

**हरिहरगंज।** हरिहरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को पलामू के सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार सिंह ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान स्वास्थ्य सुविधा बेहतर बनाने को लेकर सिविल सर्जन ने सीएचसी केंद्र में चिकित्सकों एवं कमीयों के साथ बैठक कर कई दिशा-निर्देश दिया है। सिविल सर्जन ने बताया कि अस्पताल को बेहतर बनाने एवं लोगों को समुचित स्वास्थ्य सुविधा देने को लेकर चर्चा की गई है। बैठक के दौरान चिकित्सा पदाधिकारी ने सीएस को महिला चिकित्सक व सर्जन की आवश्यकता रहने की बात बताई है। सिविल सर्जन ने उपायुक्त पलामू से चर्चा कर समाधान निकालने की बात कही। साथ ही अस्पताल में साफ-सफाई नियमित रूप से करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि चिकित्सालय में जो भी कमी होगी उसको जल्द दूर करने का प्रयास किया जायेगा। निरीक्षण टीम में संतोष कुमार, आलोक सिंह, नाजमीन शामिल थे। मौके पर सीएचसी प्रभारी डॉ. राजेश कुशवाहा, डॉ गोपाल प्रसाद, बीपीएम संजय कुमार सिंह व अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### रैयतों की मांगों पर नहीं बनी सहमति, बैठक असफल

**सतबरवा।** समाहर्ता कुंदन कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग तिवारी की अध्यक्षता में सोमवार को 20 गांव के रैयतों की बनी कमेटी के साथ बैठक सीओ कार्यालय में हुई। बैठक में रैयतों का मांग पूरा नहीं होने के कारया बैठक असफल रहा। अधिकारी व एनएचएआई ने कहा कि दूसरा नोटिस हो चुका है तीसरा नोटिस होने के बाद काम लगेगा। रैयतों का कहना है कि जब तक मुआवजे की राशि बढ़ाकर नहीं दी जाएगी, तब तक काम शुरू नहीं करने देंगे। हार नहीं मानेंगे। जरूरत पड़ी तो राज्यपाल के यहां भी जाएंगे। बैठक में जिला भू अर्जन पदाधिकारी कामदेनु टुडू, सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की, रैयतों की कमेटी के साथ बाहर में सैकड़ो रैयत मौजूद थे।

### आठ पंचायतों में 240 लोगों का ही बना आयुष्मान कार्ड



**हैदरनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी पलामू के आदेश के आलोक में हैदरनगर प्रखंड में 21 जून से ही तीन दिवसीय पंचायत व तिथिवार सभी पंचायत भवन में आयुष्मान कार्ड बनाने का काम शुरू हो गया है। अपेक्षित और अधिकांश जरूरतमंदों का आच्छादन इस योजना से नहीं किया जा सका है। हुसैनाबाद के सीएचसी प्रभारी दीपक कुमार सिन्हा ने बताया कि शनिवार को इस निमित हैदरनगर पूर्वी, संड़ेया व बरडंडा पंचायत में कैंप लगाया गया था। सर्वर की कमी से कार्य प्रगति शून्य रहा। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत, मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के आच्छादन से वंचित ग्रामीणों का तय रोस्टर के बाद पुनः 25 जून से इस लाभ से वंचित पंचायत व ग्रामीणों का आयुष्मान कार्ड बनाने का काम शुरू किया जायेगा। सीएचसी के बीपीएम विभूति कुमार ने बताया कि तय तिथि अनुसार 21 जून को हैदरनगर प्रखंड के तीन पंचायत सचिवालय में कैंप तो लगाया गया। लेकिन सर्वर काफी खराब रहने से इस कार्य में सफलता नहीं मिली है। इससे शत प्रतिशत लक्ष्य को पूरा करने में परेशानी व बाधा आई है। इन पंचायतों में पुनः कैंप लगाने का कार्य किया जायेगा। उन्होंने प्रखंड के सभी जनप्रतिनिधियों, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य व वार्ड सदस्यों से इस कार्य में सहयोग कर अधिक से अधिक ग्रामीणों का आयुष्मान कार्ड बनवाने का आग्रह किया है। इससे पांच वर्षों के लिये मान्य इस कार्ड से पांच लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज गरीबों को हो सकेगा। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अमरेश कुमार ने बताया कि 22 जून को बरडंडा 2, हैदरनगर पूर्वी 69, संड़ेया 16 जबकि 23 जून को बभंडी 44, परता 17, खरगाड़ा 38, चौकड़ी 19 और हैदरनगर पश्चिमी पंचायत सचिवालय में 35 लोगों का ही कार्ड बन सका है। हालांकि इस कार्य की सफलता में संबंधित पंचायत के स्वास्थ्य सहिया, सीएससी केन्द्र के संचालकों को लगाया गया है। बावजूद उत्साहवर्धक परिणाम सामने नहीं आया है।

## दिल्ली मोबाइल एसेसरीज का उद्घाटन




**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** शहर के अररुआ खुर्द कॉलेज मोड़ एनएच 139 स्थित दिल्ली मोबाइल एसेसरीज का उद्घाटन सोमवार को पूर्व मुखिया रिणू देवी, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन, राजद नेता बुधन सिंह यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर अतिथियों ने कहा कि अब क्षेत्र के लोगों को होलसेल व रिटेल खरीदारी के लिए बाहर नहीं जाना होगा। प्रोपराइटर गोपाल प्रसाद गुप्ता ने बताया कि दुकान में फोल्डर, डिसप्ले, हेडफोन, चार्जर, टच स्क्रीन, मोबाइल बैटरी सहित मोबाइल पाट्र्स होलसेल व रिटेल में किफायती दर पर मिलेगा। मौके पर उदय सिंह, अरविंद पासवान, शिवम गुप्ता, अमन गुप्ता, जितेंद्र दास, सुरेंद्र सिंह, चंदन मालाकार, विकाश मालाकर, प्रकाश कुमार, नागेंद सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

## इटको पंचायत में दिखावा बनकर रह गया जल मीनार






**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार।** प्रखंड के इटको पंचायत में लगाए गए सभी जल मीनार केवल दिखावा मात्र बनकर रह गया है। वार्ड 4 के लोग पेयजल के लिए भटक रहे हैं। इसकी शिकायत भी जिम्मेवार लोगों से की जाती रही है, लेकिन किसी द्वारा इसे संज्ञान में नहीं लिया गया। नतीजतन ग्रामीण पेयजल के लिए भटक रहे हैं। युवा समाजसेवी आरीज आलम ने बताया कि पंचायत क्षेत्र में कहीं भी बोरिंग सही व निर्धारित प्राक्कलन के अनुसार नहीं किया गया है। जलापूर्ति के लिए लगाया गया मोटर भी घटिया है। केवल 60 फीट पाईप डाला गया है, जो जरूरत के अनुरूप पानी नहीं देता है। प्रत्येक जलमीनार से 20 घरों को पानी आपूर्ति किया जाना है, लेकिन संवेदक द्वारा कहीं भी नियमानुसार कार्य नहीं किया गया। बताया कि इसकी शिकायत विभागीय अधिकारियों से भी की जाती रही है। लेकिन कोई सुनने वाला नहीं। कहा की अगर अगले दो दिनों के अंदर सुधार नहीं हुआ तो स्थानीय लोगों के साथ मिलकर आंदोलन किया जाएगा।

## जल सहिया ने मांगों के समर्थन में रांची में धरना प्रदर्शन किया



**नवीन मेल संवाददाता**

**नौडीहा बाजार।** प्रखंड के जल सहिया ने अपनी बकाया प्रोत्साहन राशि तथा मानदेय व प्रखंड क्षेत्र गांव से जुड़ी समस्या के निदान को लेकर रांची में धरना प्रदर्शन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट कराने पहुंची है। नौडीहा बाजार प्रखंड के जल सहिया संघ ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में भाग लेने के लिए रांची के मोरहाबादी मैदान से लेकर राजभवन तक मार्च कर राजभवन के गेट पर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में नौडीहा प्रखंड के ही जलसहिया ने भाग नही लिया, बल्कि पूरे झारखंड के जल सहिया संघ ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में भाग लिया। जल सहिया संघ के प्रदेश अध्यक्ष अतवारू महतो, प्रदेश महामंत्री गायत्री देवी, जल सहिया संघ प्रखंड अध्यक्ष ललिता देवी, बबिता देवी, सुचिता देवी, सबिता देवी, सुनीता देवी, लक्ष्मी देवी, श्रीमती देवी, पुष्पा देवी, उषा कुंवर, प्रभा देवी मौजूद थी।

### हज से वापस लौटे जेएमएम नेता, जीप उपाध्यक्ष ने किया स्वागत

**हुसैनाबाद।** जेएमएम के वरिष्ठ नेता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान को सोमवार को हज कर वापस हुसैनाबाद लौटे। बड़ेपुर मोड़ पर जेएमएम युवा नेता सह जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह समेत अन्य ने उन्हें फूल माला देकर स्वागत किया व आशीर्वाद लिया। हाजी एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान के आने की खबर सुन बड़ी संख्या में लोग उनके आवास के पास राजटोली मैदान में पहुंच गए। हाजी एजाज हुसैन के पहुंचते ही नारा ए तकबीर, अल्लाह हो अकबर से क्षेत्र गूंज उठा। लोगों ने हाजी एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान को को फूल माला देकर स्वागत किया व हज करने की मुबारकबाद दी। एजाज हुसैन उर्फ छेदी ने कहा कि अल्लाह का करम है। वह सही सलामत हज कर वापस लौट गए। उन्होंने लोगों का आभार जताया। कहा कि क्षेत्र राज्य व देश की खुशहाली के लिए दुआ मांगी है। मौके पर आलोक कुमार सिंह, मसरूर अहमद, डॉ. एजाज आलम, ग्यासुद्दीन सिद्दीकी, अशोक कश्यप, राज अली, हाजी अब्बास अंसारी, डॉ. अमीनुल हक अंसारी, सज्जू खान, अमीन खान, खुश्तर खान, कलीम खान, इस्लाम खान के अलावा सैकड़ों शामिल थे।

## मोहम्मद अयूब शमीम सूफी परंपरा के वाहक थे : डा. मंजर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मौलाना मोहम्मद अयूब शमीम नदवी शहसरामी पलामू जिला के गिरवर उच्च विद्यालय में पहले मौलवी के रूप में नियुक्त हुए थे। वह बिहार के सासाराम जिला के रहने वाले थे। पढ़ाई कोलकाता में हुई थी। मेदिनीनगर आने के बाद यही के होकर रह गए। शमीम नदवी साहब सूफी परंपरा के वाहक थे। ये बातें प्रगतिशील लेखक संघ द्वारा आयोजित शमीम नदवी की पुस्तक चांद उतरता है के विमोचन कार्यक्रम के दौरान डॉ. मकबूल मंजर ने कही। प्रगतिशील लेखक संघ द्वारा मेदिनीनगर के शाह मुहल्ला स्थित रॉयल मैरिज हॉल में मौलाना मोहम्मद अयूब शमीम नदवी शहसरामी की पुस्तक चांद उतरता है का विमोचन गया। बिहार के सासाराम से आएं अतिथि शायर नदीम जाफरी, अख्तर इमाम अंजुम, जीडी कॉलेज बेगूसराय के उर्दू के विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर सहर अफरोज, इप्टा पलामू के अध्यक्ष प्रेम भसीन, डा. अशरफ जमाल अश्क, अमीन रहबर, एमजे अजहर, डा. मकबूल मंजर, डा. इंतखाब असर, असगर इमाम असगर व प्रगतिशील लेखक संघ के सचिव नुदरत नवाज ने संयुक्त रूप से विमोचन किया। इस दौरान गोविंद प्रसाद, अच्छे लाल प्रजापति ने अतिथि शायरों को मोमेंटो व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मौके पर नुदरत नवाज ने पुस्तक निर्माण की प्रक्रिया की चर्चा करते हुए अरशद कमर के प्रति आभार व्यक्त किया। पुस्तक विमोचन के बाद प्रोफेसर सहर अफरोज ने नुदरत नवाज को साहित्यिक विरासत को संग्रहित कर संजोने के लिए अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। विमोचन कार्यक्रम के प्रारंभ में पलामू इप्टा के कलाकारों ने अजमल सुल्तानपुरी की रचना मुसलमा और हिंदू की जान, शैलेंद्र की रचना सोने वाले जाट समय अंगड़ाता है गाया। इप्टा के कलाकारों में धीरेंद्र कुमार, शशि पांडेय, संजीव कुमार संजू, घनश्याम कुमार, प्रेम प्रकाश, रवि शंकर शामिल थे।

## पौधरोपण से ही जल संकट भीषण गर्मी से मिलेगी निजात : कौशल

### पर्यावरणविद ने कवियों को पौधा देकर किया कवि सम्मेलन का शुभारंभ



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रांची यूनिवर्सिटी के श्यामा प्रसाद मुखर्जी ऑडिटोरियम में हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान ट्री मैन ऑफ झारखंड के नाम से विश्व भर में ख्यातिप्राप्त व विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म गुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने कई राज्यों से आये कवियों थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम का फला हुआ पौधा देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान पटना के उद्घोषक मनोज तिवारी ने कौशल किशोर जायसवाल के जीवनी से जुड़ी बातों का उल्लेख कर वहां उपस्थित लोगों का ध्यान आकृष्ट कराया। मौके पर पर्यावरण धर्म गुरु कौशल ने कहा कि कवि, कला संस्कृति, पेड़, पौधा, वन लोगों को जिंदा रहने का आधार है। इसे जिंदा रखने के लिए लोगों को अपने धर्म के साथ पर्यावरण धर्म को अपनाना होगा। तभी जल संकट व जलवायु परिवर्तन से निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी व प्रदूषण की आग पानी से नहीं शुद्ध हवा से ही बुझेगी। इसके लिए पौधरोपण कर उसे अपने बच्चों की तरह बचाना होगा। कौशल ने कहा कि संस्कृति में पौधा को देव तुल्य माना जाता है। कवयित्री कविता तिवारी ने मां सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संचालन कवि शंभू शिखर ने की। कवि अनिल चौबे, भावना तिवारी, अभय निर्भीक , अकबर ताज ने हास्यरस की कई कविताओं से श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया। मौके पर अध्यक्ष रामजी यादव, रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डा. तपन कुमार, ईश्वर चंद्र, शशांक भारद्वाज, नरेश बांका कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

**पुण्य स्मृति दिवस**

आध्यात्मिक ज्ञान दिवस के रूप में मनाई गई मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती की पुण्यतिथि

# 1936 में अपना जीवन ईश्वरीय सेवाओं में समर्पित किया : ब्रह्म कुमारी प्रियंका



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सद्भावना भवन, जपला सेवा केंद्र पर 'ज्ञान और शक्तियों की चैतन्य अवतार मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती' का 59वां पुण्य स्मृति दिवस 'आध्यात्मिक ज्ञान दिवस' के रूप में सोमवार को मनाया गया। इस दौरान मातेश्वरी जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए ब्रह्म कुमारी प्रियंका ने बताया कि उनका जन्म सन 1919 को अमृतसर में एक सामान्य परिवार में हुआ था। आध्यात्मिक पुरुषार्थ और साधना के लिए त्याग, तपस्या और आत्म अनुभूति के द्वारा समस्त मानव के जीवन को ज्ञान के प्रकाश से आलोकित करने का मार्ग चुना और पुरुष प्रधान समाज में सन 1936 में अपना जीवन ईश्वरीय सेवाओं में समर्पित किया। ज्ञान योग की श्रेष्ठ धारणा करने के कारण उनको 'मम्मा' और 'यज्ञ माता' के नाम से संबोधित किया गया। जिससे उनके व्यक्तित्व में दिव्य महा परिवर्तन हुआ। बीके नीरज ने कहा कि मातेश्वरी जगदम्बा पूरे विश्व की मां थी। यही कारण है कि मातेश्वरी द्वारा सिखाये गए कर्म- साधना के पथ पर चलते हुए राजयोग की साधना द्वारा रुद्र यज्ञ रक्षक, आज्ञाकारी और निरंकारी बन मानवता की सेवा करते रहे, यही उनकी सच्ची श्रद्धांजलि है। बीके वंदना ने मातेश्वरी के शक्ति स्वरूप का वर्णन करते हुए कहा कि मात्र 14 वर्ष की आयु में मम्मा ने अपना जीवन ईश्वरीय सेवाओं में समर्पित किया। उनकी निर्भयता, वात्सल्य, मातृत्व, त्याग, तपस्या और समर्पण के कारण उनका दिव्य स्वरूप को जो भी देखता देवी स्वरूप ही दिखाई देता और मां कहकर ही पुकारता। उन्होंने कहा कि मम्मा के जीवन की दिव्यता से प्रेरणा लेकर हम सभी अपनी जीवन को श्रेष्ठ बनाये। इस अवसर पर बीके. नीलम, बीके. कृष्णा प्रसाद, बीके धीरज, बीके रीतिका, मनोज भगत, कुसुम माता, शोभा देवी, रेखा, आनंद किशोर, डॉ. गया प्रसाद सहित सभी भाई बहनों ने शामिल होकर मातेश्वरी जगदम्बा जी को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

### मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती की 59 वीं स्मृति दिवस मनाया गया



**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ठाकुरबाड़ी मंदिर स्थित बगल के शाखा में सोमवार को मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती जी की 59 वीं स्मृति दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिप सदस्या सुधा कुमारी मातेश्वरी जगदंबा की चित्र पर फूलमाला चढ़ाकर श्रद्धा सुमन किया। कार्यक्रम में मौजूद बीके कविता बहन ने मातेश्वरी की जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मातेश्वरी जगदंबा का जन्म 1919 ई में हुआ था। उनका जन्म का नाम ओमू राधे थी। उनमें अपार विशेषताएं मौजूद थी। हमेशा सहनशील, मधुरता, नम्रता, गंभीरता में रहा करती थी। ओमू राधे में बालकाल्य अवस्था से ही अलौकिकता दिखाई देती थी। उन्होंने 16 वर्ष की आयु में ही ज्ञान में शीतल आत्म ज्ञान प्राप्त कर लिया था। एकाग्रचित, एकरस, स्थिति में रहती थी। सर्वशक्तियों के गुण समाहित थी। ओमा राधे ने अपना पुराना शरीर 1965 ई में त्याग दिया। मौके पर बीके ज्योति बहन, कृष्णा भाई, कौशल्या माता, मियां, वीणा, कलावती समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।





## एक नजर

### मजदूर ने किया आत्म हत्या

**नौडीहा बाजार।** प्रखंड के नक्सल प्रभावित सुदूरवर्ती पंचायत डगरा निवासीअतवारू भुइयां के 45 वर्षीय पु। उपेंद्र भुइयां अपने सगे भाई बिजेंद्र भुइयां के साथ मजदूरी करने आंध्रा प्रदेश एमजी रोड वी कोटा गांव नाका पली में सरिया सैट्रिंग में एक माह पहले काम करने गया था। वहां शराब के नशे में धुत होकर अचानक अपनी पत्नी से रविवार को रात्रि 11 बजे कॉल कर काफी लंबे समय तक बात करते हुए आखरी समय में कहा कि आज वह अपने आप को आत्म हत्या करने जा रहा है। बता दे कि अपने आप को आत्म हत्या करने की सूचना अपने सगे छोटे भाई बिजेंद्र को दिया था, लेकिन बिजेंद्र ने इस बात को नजर अंदाज करते हुए काफी समय बीतने के बाद सो गया। इस बीच उपेंद्र भुइयां से रूम से बाहर जाकर अपने गमछा से आम के पेड़ में झूल गया। सुबह में मजदूरों द्वारा काफी खोज बिन के बाद शव आम के पेड़ में झूलता मिला।

# सदर एसडीओ के आदेश के बाद भी एमएमसीएच में सुधार नहीं, अस्पताल परिसर में है अव्यवस्था

## आरओ मशीन खराब, साफ-सफाई नहीं



### शौचालय की स्थिति ठीक नहीं : मरीज



जपला से इलाज कराने पहुंची मरीज सुशीला देवी के परिजन अनिल कुमार ने बताया कि बाथरूम में प्रयाप्त पानी तो है, लेकिन उसके दरवाजे में कुंडी नहीं है। साथ ही शौचालय में पैन भी टूटा हुआ है।

> 'एक सप्ताह बीत जाने के बावजूद आरओ मशीन को ठीक नहीं कराया गया। उसमें नल टूटे हुए हैं। साथ ही तंबाकू व गुटखा खाकर उसके पानी गिरने वाले स्थान को दूषित कर दिया गया है।'

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर एसडीओ के आदेश के बावजूद एमएमसीएच के अंदर मरीज तथा परिजनों के लिए लगाया गया आरओ मशीन अब तक खराब पड़ा हुआ है। साथ ही शौचालय में भी पर्याप्त साफ सफाई का अभाव है। किसी शौचालय का दरवाजा टूटा हुआ है तो किसी में कुंडी ही नहीं है। बताते चले कि नगर आयुक्त जावेद हुसैन तथा सदर एसडीओ अनुराग तिवारी ने 15 जून को अस्पताल का निरीक्षण किया था। औचक निरीक्षण के दौरान कई खामियां उजागर हुई थी। साथ ही आरओ मशीन के ठीक होने तक पेयजल के लिए स्वच्छ जल उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया था। एमएमसीएच में जल संकट की समस्या का समाधान तो करा दिया गया, जिससे पानी भी उपलब्ध हो रहा है। लेकिन पीने की पाने की विवशता अभी भी बरकरार है। पलामू उपायुक्त की बैठक में भी सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह को निर्देश दिया गया था कि मेदनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सुविधाओं का अभाव है। सिविल सर्जन को यह निर्देश मिला था कि प्रतिदिन अस्पताल जाकर अस्पताल में हो रही सुविधाओं को दुरुस्त करें। इस संबंध में जानकारी लेने पर अस्पताल अधीक्षक आरके रंजन ने बताया कि जल संकट के समाधान के लिए बोरिंग करा दिया गया है। साथ ही आरओ का मोटर खराब होने के कारण उसे मिस्त्री के पास दिया गया है। एक-दो दिन में वह बनकर आ जाएगा। मरीजों व उनके परिजन इसका प्रयोग कर सकेंगे। शौचालय वगैरह में साफ सफाई भी रखने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। धीरे-धीरे सारी व्यवस्था बेहतर की जा रही है।

## न्यूज बॉक्स

### समर्पण से ही लक्ष्य की प्राप्ति संभव : रविंद्र

**मेदिनीनगर।** विहंगम योग संत समाज ने नित्य अनादि सद्गुरु का प्राकट्य दिवस मनाया। इस अवसर पर जिला मुख्यालय मेदिनीनगर स्थित गोविंद भवन में विशेष सत्संग गोष्ठी का आयोजन किया गया। भक्तों ने श्रद्धा, भक्ति भाव के साथ फूलमाला अर्पित कर सद्गुरुदेव की पूजा अर्चना किया। गोष्ठी में वक्ताओं ने नित्य अनादि सद्गुरु की महान महिमा का बखान किया। मुख्य अतिथि प्रचारक रविंद्र प्रसाद श्रीवास्तव ने कहा कि सद्गुरु चार प्रकार के होते हैं। नित्य अनादि सद्गुरु चारों युगों में प्रकट होते हैं व जगजीवों के कल्याण के लिए ब्रह्मविद्या का उपदेश कर सत्मार्ग दिखाते हैं। सद्गुरु की कृपा से ही ईश्वर प्राप्ति का दुर्लभ ज्ञान प्राप्त होता है। भूले हुए जग जीवों को परमात्मा का साक्षात्कार कराकर अमरलोक पहुंचाना ही सद्गुरु का कार्य है। जीवन के उद्देश्यों को हासिल करने के लिए श्रद्धा व समर्पण भाव के साथ ईश्वर की भक्ति करनी चाहिए। सद्गुरु की प्रसन्नता में ही शिष्य का कल्याण निहित है। जिला सह संयोजक बनारसी प्रसाद यादव ने विहंगम योग के सिद्धांत, सद्गुरु सेवा की महता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विहंगम योग ईश्वर प्राप्ति का एकमात्र मार्ग है। सद्गुरु ही ब्रह्मविद्या के प्रदाता व जीवों के मुक्तिदाता हैं। जीवन के कल्याण के लिए भक्तों को नियमित सद्गुरु की सेवा, सत्संग, साधना करना चाहिए, गोष्ठी में कई भक्तों ने भेदिक भजन प्रस्तुत किया। मौके पर राकेश पाठक, विशुनदेव मेहता, रेणु बाला सहाय, शंभू कुमार, किशोर पासवान, रमेश कुमार, छाया सिंह, गायत्री तिवारी, उजाला उपाध्याय सहित काफी संख्या में भक्त शामिल थे।

### समाज के 51 महिलाओं को सिलाई मशीन व गरीब बच्चों को छात्रवृत्ति देंगे : ज्ञान शंकर

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन की हेरिटेज जेनी किड्स स्कूल में आयोजित बैठक में आगामी चार अगस्त को वैश्य समाज की जनसभा को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। जनसभा में पलामू जिले के सभी प्रखंडों से लोग काफी संख्या में भाग लेंगे। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ज्ञान शंकर ने समाज में उत्थान के लिए 51 महिलाओं को सिलाई मशीन, समाज के गरीब बच्चों को छात्रवृत्ति देना का वादा किया। अगली बैठक भी रविवार को हेरिटेज जेनी किड्स मे करने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रभात अग्रवाल ने की। संचालन राजेश कुमार गुप्ता ने किया। बैठक में बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री अरविंद गुप्ता, प्रो. जुगल किशोर, राजहंश अग्रवाल, जुगल किशोर शरण, सुनील कुमार गुप्ता,अरुण कुमार, प्रदीप कुमार बाबुल, रंजन कुमार अग्रवाल,लाल बाबू, दिनेश कुमार गुप्ता,रविशंकर, पाटन प्रमुख शक्ति गुप्ता, अरुण कुमार गुप्ता, पप्पू लाठ, चिंटू गुप्ता, सुरयमल कुमार, विनोद कुमार गुप्ता, सत्येंद्र कुमार, आनंद कुमार गुप्ता, संतोष गुप्ता, बिरजू प्रसाद गुप्ता, मनीष कुमार अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।

> चार अगस्त को वैश्य समाज की जनसभा को सफल बनाने निर्णय

### मोहर्रम इंतजामिया कमेटी जेनरल को पगड़ी पोशी कर सम्मानित किया

**मेदिनीनगर।** पहाड़ी मोहल्ला स्थित कर्बला मैदान में मोहर्रम इंतजामिया कमेटी जेनरल ने सम्मान समारोह का आयोजन कर मोहर्रम इंतजामिया कमेटी जेनरल के सदर जिशान खान को माला पहनाकर व पगड़ी बांध कर सम्मानित किया। इसके बाद अन्य लोगों को भी पगड़ी बांध कर सम्मानित किया गया। जेनरल सदर जिशान खान ने कहा कि शांति व सौहार्द्र पूर्ण वातावरण में आपसी प्रेम भाईचारा के बीच मोहर्रम त्योहार मनाया जायेगा। सभी कमेटी के लोगों को मुहर्रम की तैयारी शुरू करने का सुझाव दिया। साथ ही मुहर्रम त्योहार को सफल बनाने में समाज के प्रबुद्ध लोगों के साथ युवाओं से सक्रिय सहयोग की अपील की। समारोह में शामिल लोगों ने कहा कि मुहर्रम पर्व सभी मिल जुलकर प्रेम भाईचारा के साथ मनाएंगे। समारोह के बाद जेनरल के नेतृत्व में मुहर्रम का जुलूस निकाला गया। कर्बला मैदान से निकलकर जुलूस सांई मोहल्ला चौक, मुस्लिमनगर, लाल कोठा, कन्नी राम चौक, सत्तार सेठ चौक, कुंड मोहल्ला, गमहेल रोड होते वापस हुआ। जुलूस में शामिल लोग या हुसैन,या अली का नारा लगा रहे थे। समारोह में जेनरल के पूर्व सदर शहरेयार अली, हाजी शमीम उर्फ ललन, पप्पू अजहर, मो कलाम, मो. नेयाज अहमद, असगर हुसैन, इसराइल आजाद उर्फ मिंटू, सन्नू सिद्दीकी, रेयाज खान, आजाद खान, सन्नू खान, राशिद बक्शी, शाहिद खान, असफर रब्बानी, महमूद आलम, मुनन साव, सोनू,राशिद खान, वसीम, बंटी राइन, आशिफ राइन, विक्की राइन, नावेद, जाफर महबूब, फरदीन सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे। अध्यक्षता अंजुमन इसलाहुल मुस्लेमीन कमेटी के जिला सदर मुस्तफा कमाल ने की। संचालन कमाल खान व सैफ आलम ने संयुक्त रूप से किया।

# प्रशासनिक रोक के बाद भी खुलेआम बिक रहा है गुटखा, तंबाकू



> शहरी क्षेत्र में खुलेआम तंबाकू व उससे बना पदार्थ बेखौफ होकर बेचा जा रहा हैं। इन उत्पादों का सेवन करते युवा ही मिलेंगे, जिसमें अधिकतर स्कूल या कॉलेज के विद्यार्थी होते है।

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला प्रशासन भले शैक्षणिक संस्थाओं के 100 मीटर परिधि में गुटखा सिगरेट तथा अन्य तंबाकू पदार्थ नहीं बिक्री होने का दावा करे, लेकिन यह दावा कोरा साबित हो रहा है। सोमवार को भी गिरवर स्कूल के सामने गुमटीनुमा दुकानों में खुलेआम सिगरेट पीते युवा देखे गए। ब्राह्मण विद्यालय के नजदीक हरेक जनरल स्टोर में सभी प्रकार का तंबाकू उत्पाद, गुटखा, बीड़ी आदि उपलब्ध है। पूर्व में राष्ट्रीय नवीन में अखबार में इस मुद्दे को गंभीरता से उठाया था। अब इसे जिला प्रशासन की विफलता कहें या सिगरेट गुटखा आदि बेचने तथा परोसने वालों का बढ़ा हुआ मनोबल। शहरी क्षेत्र में खुलेआम तंबाकू व उससे बना पदार्थ बेखौफ होकर बेचा रहा हैं। इन उत्पादों का सेवन करते युवा ही मिलेंगे, जिसमें अधिकतर स्कूल या कॉलेज के विद्यार्थी होते हैं। शहर के सबसे खूबसूरत जगह कोयल रिवर फ्रंट पर प्रशासनिक महकमे के भी कई अधिकारी और कर्मचारियों का आना-जाना लगा रहता है। गिरवर और ब्राह्मण स्कूल नहीं जिला मुख्यालय में दर्जनों ऐसे निजी और सरकारी विद्यालय तथा कॉलेज हैं जिस रास्ते से रोज अधिकारियों का आना-जाना लगा रहता है। वहां भी सुगमता से तंबाकू आधारित उत्पाद ग्राहकों के लिए उपलब्ध रहता है। इस मामले पर एसडीओ अनुराग तिवारी बताया कि इस आदेश की अवहेलना करने वालों पर प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगा।

### वाहन जांच अभियान में सात बाइक जब्त

**मेदिनीनगर।** एंटी क्राइम चेकिंग अभियान के तहत सोमवार को स्थानीय छहमुहान पर संघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान दोपहिया, चार पहिया वाहनों की गहता से जांच की गई। दोपहिया वाहन चालकों को ट्रिपल लोड, बिना हेलमेट, लाईसेंसों की जांच की गई। इसी तरह चार पहिया वाहनों की जांच के क्रम में भी वाहनों का लाईसेंस सीट बेल्ट की जांच की गई। सात दो पहिया वाहनों को सीजेएम कोर्ट में चलान काटने के लिए भेज दिया गया है। ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने बताया कि एंटी क्राइम चेकिंग के तहत अभियान नियमित चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दोपहिया वाहन चालक हेलमेट हमेशा पहने। हेलमेट पहने से चालक का ही जीवन सुरक्षित रहेगा।

## सहायक अध्यापकों को एक माह से नहीं मिला मानदेय

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले के सहायक अध्यापकों को पिछले महीने का मानदेय भुगतान नहीं से निराशा व्याप्त है। पूर्व शिक्षा मंत्री स्व. जगरनाथ महतो ने पारा शिक्षकों को लेकर नियमावली बनाई थी, जिसमें प्रत्येक महीने ससमय मानदेय भुगतान करने की भी बात कही गई थी। कई सहायक अध्यापक जिन्हें एक माह मानदेय नहीं मिलने के कारण गुजर-बसर करने में परेशानी हो रही है। कई सहायक अध्यापकों ने अलग-अलग कार्य के लिए बैंक से लोन ले रखा है। मानदेय नहीं मिलने के स्थिति में लोन का किश्त चुकाने में मुश्किल हो रही है।

### झारखंड के सहायक अध्यापक का हाल बेहाल : ऋषि कांत

झारखंड सरकार को सहायक अध्यापक से सारे कार्य लेना है और उन्हें मिलने वाला अल्प मानदेय भी समय पर नहीं मिलता। ये बातें ऋषि कांत ने कही। उन्होंने कहा कि झारखंड के शिक्षा सचिव से निवेदन है कि कम से कम झारखंड के सहायक अध्यापक को जो अल्प मानदेय मिलता है। वह समय पर देने का कार्य करें। कई सहायक अध्यापक ने लोन ले रखा है। कितने परिवारों का भरण पोषण इस मानदेय से चलता है, परंतु सरकार के पदाधिकारी झारखंड के सहायक अध्यापकों के प्रति एकदम उदासीन रवाया अपना रहे हैं। मानदेय भुगतान से जुड़ी जानकारी लेने पर एपीओ अशोक रजक ने बताया कि राज्य को पूर्व में ही एडवाइस बनाकर भेज दिया गया है। हाल ही सभी सहायाक अध्यापकों का मानदेय आज या कल भुगतान होने की संभावना है।

### सर्प दंश से युवक घायल

**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड के ग्राम दुबा निवासी सुरेंद्र सिंह के पुत्र रूपेश सिंह को रविवार की रात जहरीला सांप ने काट लिया। परजनों ने उन्हें इलाज के तत्काल ही एमएमसीएच में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने उन्हें एंटी वेनम दिया, लेकिन स्थिति बिगड़ने के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। परिजनों ने बताया कि सुरेंद्र रात में शौच के लिए जा रहे थे। इस बीच अंधेरे में सांप ने उन्हें काट लिया। बता दे कि पिछले कुछ दिनों से सर्पदंश की घटनाओं में बढ़ोतरी हो हुई है। अधिकत्तर जहरीले सांप रात को ही शिकार करने निकलते हैं। कई बार लोग सामने आने पर सर्प दंश का शिकार हो जाते हे।

वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में महिला कॉलेज ने 7 पदक अपने नाम किया

## छात्राओं को आगे बढ़ाने में कॉलेज मदद करेगा : प्राचार्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** योध सिंह नामधारी महिला कॉलेज की छह एनसीसी कैडेट्सों ने 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में भाग लेकर सात मेडल अपने नाम कर कॉलेज का नाम रौशन किया। जीएलए कॉलेज में 14 से 23 जून तक 44 झारखंड बटालियन द्वारा आयोजित प्रशिक्षण शिविर का नेतृत्व कर्नल अमिताभ मुखर्जी कर रहे थे। प्रशिक्षण शिविर में योध सिंह नामधारी महिला कॉलेज की एनसीसी कैडेट्सों ने हर क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन किया। शिविर में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। बेहतर प्रदर्शन करने वाले कैडेट में पूजा कुमारी, अमृता कुमारी ने नृत्य में कांस्य पदक प्राप्त किया। अमृता कुमारी, पूजा कुमारी ने चित्रकला में रजत पदक भी अपने नाम किया। सार्जेन्ट आस्था सिंह जिन्होंने हिमालयन पर्वतारोहण संस्थान के बैनर तले पर्वतरोहण कोर्स में अकेली गर्ल्स कैडेट के तौर पर झारखंड का प्रतिनिधित्व करने वाली सार्जेन्ट आस्था सिंह ने मंच संचालन किया व एकल नृत्य में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। छात्राओं के बेहतर प्रदर्शन से कॉलेज में हर्ष का माहौल है। प्रभारी प्रचार्या डा. मोहिनी गुप्ता की छात्राओं के प्रदर्शन से कॉलेज गर्व महसूस कर रहा है।

## अभियान

### अबुआ, वीर अबुआ और दिशोम अभियान विषय पर कार्यशाला का आयोजन

# मजबूत इच्छाशक्ति जागृत कर दायित्वों का निर्वहन करें : मुख्यमंत्री




- वनपट्टा आवेदनों को जान बूझकर रद्द न करें
- कार्यक्रम में पलामू उपायुक्त भी रहें शामिल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि वन अधिकार अधिनियम को सरल व पारदर्शी बनाकर झारखंड के वन क्षेत्र में रहने वाले आदिवासी, मूलवासी सहित सभी वर्ग, समुदाय के लोगों को ग्राम सभा के निर्णय अनुसार सम्मान के साथ वनपट्टा प्रदान करें। ग्राम सभा के अनुशंसा के अनुरूप वनपट्टा के लिए मिले आवेदनों में भूमि की मांग हेक्टेयर में हो या एकड़ में उतनी भूमि उन्हें प्राथमिकता के तौर पर उपलब्ध कराएंगे। इस लक्ष्य के साथ कार्य करने की जरूरत है। वह सोमवार को रांची में श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान अबुआ वीर अबुआ दिशोम अभियान विषय पर आयोजत कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कार्यशाला के बाद अबुआ वीर अबुआ दिशोम अभियान में तेजी आएगी। वनपट्टा वितरण में जो कमी रही है, उसे इस अभियान के तहत पूरा करना ही मुख्य उद्देश्य है। ग्रामीण व शहरी लोगों के विकास में कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए। सबका एक समान विकास का लक्ष्य हो।

### वनपट्टा हेतु प्राप्त आवेदनों को जानबूझकर रद्द न करें : चम्पाई सोरेन



मुख्यमंत्री ने कहा कि वन अधिकार अधिनियम वर्ष 2006 में लागू हुआ है। अधिनियम के लागू हुए 18 साल हो चुका है, फिर भी लोग वन क्षेत्र में रहने वाले परिवारों को वन भूमि का अधिकार उन्हें अभी तक देने में काफी पीछे हैं। झारखंड के विभिन्न कार्यालयों में वनपट्टा के हजारों आवेदन रद्द कर दिया गया है। कार्यशाला में 2 डिसमील व 3 डिसमील भूमि का वनपट्टा आवेदकों को देने की चर्चा करने के लिए उपस्थित नहीं हुए हैं, बल्कि वनवासियों को उन्हें उनका पूरा अधिकार देने के संकल्प के लिए एकत्रित हुए हैं। उन्होंने कहा कि घने जंगलों में दिख रहे हैं, इन जंगलों के संरक्षक भी हमारे आदिवासी-मूलवासी परिवार के लोग ही हैं। वन क्षेत्र में बने ग्राम समितियों के बदौलत ही जंगल को बचाया जा सका है। आदिवासी-मूलवासी बहुत ही सरल व साधारण स्वभाव के लोग हैं। यह समाज परंपरा, संस्कृति, अस्तित्व की सुरक्षा के लिए पीछे नहीं हटते हैं। बदलाव, सकारात्मक मानसिकता के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि कार्यशाला में गंभीर विषय पर चिंतन कर रहे हैं। वन अधिकार अधिनियम कानून वन क्षेत्र में रहने वाले परिवारों को संरक्षित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी है। कार्यशाला में मुख्य सचिव एल खियांग्ते, पीसीसीएफ संजय श्रीवास्तव, प्रधान सचिव वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग वंदना डाडेल, विभागीय सचिव कृपानंद झा, सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता संजय उपाध्याय, आदिवासी कल्याण आयुक्त, अजय नाथ झा, पलामू उपायुक्त शशि रंजन, हजारीब उपायुक्त नैंसी सहाय सहति सभी ज़िलों के उपायुक्त, जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी उपस्थित थे।


## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित **'दैनिक राष्ट्रीय मेल'** को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊजोवान रिपोर्टर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोर्टर, की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक **'राष्ट्रीय नवीन मेल'** ,502 बी,मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)

# दिनदहाड़े अपराधियों ने गोली मारकर की युवक की हत्या, ग्रामीणों में आक्रोश

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

सदर थाना क्षेत्र के पचपड़वा बाजार में दिनदहाड़े अपराधियों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक का पहचान गढ़वा थाना क्षेत्र के महुलिया नवाडीह गांव निवासी करार अंसारी का पुत्र तैयब अंसारी 25 वर्ष के रूप में हुई है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि तैयब अंसारी पचपड़वा बाजार में कुछ काम के लिए गया था। इस दौरान स्कॉर्पियो से आए हुए अज्ञात अपराधियों ने गोली चला दी। जिसमें तैयब अंसारी के सिर में गोली लगी है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने आनन फानन में उसे सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना का कारण फिलहाल परिजन कुछ भी बताने से इनकार कर रहे हैं। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस सदर अस्पताल पहुंच गई है।

इधर इस संबंध में थाना प्रभारी वृज कुमार ने बताया कि तैयब की हत्या अज्ञात अपराधियों द्वारा गोली मारकर कर दी गई है। सूचना के बाद पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल पुलिस हत्या के पीछे कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। जल्द ही हत्यारे पुलिस के गिरफ्त में होंगे।



**पुलिस अपने कार्य प्रणाली में सुधार करे**

**दिनदहाड़े हत्या से आम ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। ग्रामीणों का मानना है कि पुलिस की उदासीनता से ही इस तरह अपराधियों का मनोबल बढ़ा है। ग्रामीणों ने बताया कि अगर पुलिस अपने कार्य प्रणाली में सुधार नहीं करती है तो आम नागरिकों को सड़क पर उतरना पड़ेगा।**

# छात्रा ने लगाया शिक्षक पर छेड़छाड़ का आरोप, हंगामा



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

गढ़वा थाना क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय नवादा की एक छात्रा ने उसी विद्यालय के एक शिक्षक नीरज श्रीधर पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। उक्त मामले में उसके परिजनों ने विद्यालय में आकर जमकर हंगामा किया। साथ ही शिक्षक के साथ मारपीट भी किया। उक्त मामले में छात्रा के पिता ने गढ़वा थाने में प्राथमिक के लिए आवेदन भी दिया है। घटना के संबंध में छात्रा के पिता ने बताया कि उसकी पुत्री उत्कर्मिक मध्य विद्यालय नवादा में पढ़ती थी। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक नीरज श्रीधर ने मेरे पुत्री के साथ छेड़छाड़ किया है। जिसकी शिकायत वह आकर अपने परिजनों से की। उसके बाद आक्रोशित परिजन विद्यालय में पहुंचकर स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापिका बबीता देवी से शिकायत किया। उसे दौरान प्रधानाध्यापिका ने छात्रा को बुलाकर विद्यालय में पूछताछ भी किया। पूछताछ के दौरान छात्रा ने शिक्षक पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। उसके बाद परिजन आक्रोशित हो गए। और जमकर हंगामा करने लगे। बढ़ती भीड़ और लोगों के आक्रोश को देखते हुए स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना गढ़वा थाना को दिया। पुलिस तत्काल विद्यालय में पहुंचकर शिक्षक को हिरासत में लेकर अपने साथ थाना ले आई है।

## एक नजर

### मोटरसाइकिल में साड़ी फंसने से महिला गिरी, घायल

**गढ़वा।** कांडी थाना क्षेत्र के बलियारी गांव निवासी श्याम लाल विश्वकर्मा की पत्नी विमला देवी 40 वर्ष मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल हो गई है। उसका इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। घटना के संबंध में बताया गया की अपने रिश्तेदार के साथ मोटरसाइकिल सवार होकर अपने घर की ओर जा रही थी। इस दौरान मोटरसाइकिल के पहिए में उसका साड़ी फस गया। जिससे मोटर साइकिल से अनियंत्रित होकर गिर गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### कीटनाशक खा कर आत्महत्या का प्रयास

**गढ़वा।** मझिआंव थाना क्षेत्र के खरसोता गांव निवासी अशोक पासवान की पुत्री कृति कुमारी 23 वर्ष कीटनाशक दवा खा कर आत्महत्या करने का प्रयास किया। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में बताया की किसी बात को लेकर घर में फटकार पड़ा था। उसी बात को लेकर कृति ने कीटनाश्क दवा खा ली। घटना के बाद परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहा उसका इलाज चल रहा है। चिकित्सक के अनुसार उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताया गया है।

### सीढ़ी से गिरकर बालिका घायल, चल रहा इलाज

**गढ़वा।** मझिआंव थाना क्षेत्र के चिरकुटही गांव निवासी श्यामलाल उरांव की पुत्री पांच वर्षीय कविता कुमारी सीढ़ी से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। बताया गया कि कविता कुमारी अपने घर में ही छत पर खेल रही थी। इस दौरान वह दौड़ते हुए सीढ़ी से उतरने लगी। इससे पैर फिसलने के कारण सीढ़ी पर गिरकर घायल हो गई। उसका बायां पैर फ्रैक्चर हो गया है।

### ठनका गिरने पर डर कर बेहोश हुआ ग्रामीण, चल रहा इलाज

**गढ़वा।** मेराल थाना क्षेत्र के टिकुलडीहा गांव निवासी इस्राफिल खान ठनका गिरने की आवाज से बेहोश हो गया। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया गया कि सोमवार को दोपहर में करीब साढ़े तीन बजे इस्राफिल खान खलिहान से भूसा को उठाकर कमरे में रख रहा था। इस दौरान हल्की बूंदाबादी होने लगी और कुछ दूर से अचानक ठनका गिरने की आवाज हुई। इससे डर कर इस्राफिल खान बेहोश होकर जमीन पर गिर गया। इस घटना में उसके सिर में हल्की चोट लगी है। इसके बाद उसके स्वजनों ने आनन फानन में उसे सदर अस्पताल में लाकर भर्ती कराया। इलाज के बाद उसकी हालत में सुधार हो रहा है। चिकित्सक ने उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई है।

### एनजीटी के बालू घाट से बालू उठाव पर प्रतिबंध के बावजूद

# बेखौफ हो रहा अवैध बालू का कारोबार

**नवीन मेल संवाददाता। रमना**

राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी)के अंतर्गत 10 जून से 15 अक्टूबर तक किसी भी नदी घाट से बालू का उठाव पूर्णतः बंद है लेकिन यह आदेश केवल कागजो पर ही सिमट कर रहा गया है क्योंकि प्रखंड में बालू के अवैध परिवहन और विक्रय का खेल खुलेआम हो रहा है, शासन-प्रशासन के अधिकारी मौनी बाबा बने है।

अवैध बालू परिवहन और उच्चे मूल्य पर क्षेत्र में हो रहे विक्रय का पता, क्या एनजीटी और प्रशासनिक पदाधिकारियों को नहीं है यदी उन्हें पता नहीं है तो उनका खुफीया तंत्र क्या कर रहा है या प्रशासनिक व्यवस्था के नाक के नीचे यह अवैध कारोबार एनजीटी द्वारा प्रतिबन्ध के बावजूद फल-फूल रहा है फिर भी खनन विभाग के अधिकारी व प्रशासनिक पदाधिकारी अंजान बने हैं। अवैध बालू कारोबारियों चतुराई से रात के अंधेरे में बालू का अवैध खनन और परिवहन करते हैं जो भोर 4-5 बजे तक चलता है ताकि दिन के उजाले में उनकी काली करतूत जनता की नजर से बची रहे और सभी पाक-साफ बने रहे।ग्रामीणों में यह सरेआम चर्चा है कि बालू का अवैध कारोबार प्रशासनिक मिली भगत से हो रहा है, प्रतिदिन अवैध बालू लदे दर्जनों ट्रैक्टर एक साथ निकलती है,' घाटों से बालू का उठाव पर रोक है फिर भी गाड़ियां बालू भरकर वापस लौटती हैं अवैध बालू ले जाने वाले ट्रैक्टर ट्रालियों की तस्वीर और वीडियो भी लगातार सामने आते रहे हैं परंतु खनन विभाग के अधिकारी व पुलिस कार्रवाई करने से कतराते हैं। अवैध बालू कारोबारी एनजीटी (नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल) के निदेशों का भी खुलेआम धज्जिया उड़ा रहे है पडोसी प्रखंडो के नदियों और वन क्षेत्र के जल स्त्रोतो से बालू का अवैध उठाव बेखौफ हो रहा है। कभी कभार प्रशासन द्वारा अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को जब्त किया भी जाता है, इसके बावजूद अगले ही दिन कई अवैध गाड़ियां लगातार क्षेत्र में बालू लेकर आजाती है, इससे यह साफ पता चलता है कि अवैध बालू कारोबारीयों कि प्रशासन व्यवस्था कि क्या डर है।





### अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त केतार

**केतार।** केतार थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी ने सोमवार की सुबह गुप्त सूचना पर छापेमारी कर परती कुशवानी पंचायत से अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर को जब्त किया। जानकारी के अनुसार दोनों ट्रैक्टर सोन नदी से अवैध बालू का उठाव कर बगल के गांव में बालू की ढुलाई कर रहे थे। इसी बीच पुलिस ने योगीयावीर गांव के बाघमानवा जंगल से दोनों ट्रैक्टर को बालू परिवहन करते जब्त कर लिया। पुलिस को आते देख ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर भागने में सफल रहे। जब्त दोनों ट्रैक्टर को सुरक्षा के दृष्टि से थाना लाया गया। उक्त दोनों ट्रैक्टर संतोष यादव का बताया जा रहा है।इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी ने बताया की अंचलाधिकारी के आवेदन के आलोक में दोनों ट्रैक्टर और मालिक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर खनन विभाग को सुचना दे दिया गया है। उन्होंने कहा की अवैध बालू का कारोबार थाना क्षेत्र में नहीं चलने दिया जायेगा। गौरतलब है की 10 जून से 15 अक्टूबर तक एनजीटी द्वारा नदियों से बालू खनन पर रोक लगाई गई है। वावजूद बालू कारोबारियों द्वारा सोन नदी और पंडा नदी से बालू की ढुलाई किया जा रहा है। हालांकि नये प्रभारी के इस कार्रवाई से बालू कारोबारियों में हड़कंप मच गई है।

### लंबित मामले की जांच पंचायत प्रतिनिधियों के समक्ष कराने की मांग

**भवनाथपुर।** समाज कल्याण सेवा संस्थान गढ़वा के केंद्रीय अध्यक्ष सर्वेश ठाकुर ने श्री बंशीधर नगर एसडीओ को आवेदन सौंपकर भवनाथपुर प्रखंड में लंबित मामले की जांच पंचायत प्रतिनिधियों के समक्ष कराने की मांग की है। साथ ही भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा को भवनाथपुर बीडीओ नंदजी राम द्वारा अपमानित किये जाने के मामले पर भी कार्रवाई करने की मांग की है। सौंपे गये आवेदन में श्री ठाकुर ने कहा है कि गढ़वा जिले के भवनाथपुर बीडीओ नंदजी राम ने भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी कुमारी उर्फ शर्मा रंजनी को सरकार एवं जिला प्रशासन के पत्र का अनुपालन कराने की आग्रह करने पर काफी अपमानित किया गया है। आवेदन में कहा गया है कि जिपस लगातार अबुआ आवास योजना एवं मुख्यमंत्री पशुधन योजना आदि में हो रहे भ्रष्टाचार पर रोक लगाने के लिए लगातार पत्राचार करते रही हैं। परंतु बीडीओ उस पत्र के आलोक में कार्रवाई करने के बदले और तेजी से भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं।

# सेविका पद के लिये तीन उम्मीदवारों ने अपना दावा पेश किया

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

नगर पंचायत क्षेत्र के दबगर मोहल्ला (चेचरिया) में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र के लिये सेविका का चयन सोमवार को चयन समिति द्वारा आमसभा कर किया गया योग्यता के आधार पर चयन समिति द्वारा वीणा कुमारी का चयन किया गया। सेविका पद के लिये तीन उम्मीदवारों ने अपना दावा पेश किया, जिसमें पूजा कुमारी, वीणा कुमारी तथा सुषमा गुप्ता शामिल थी.चयन प्रक्रिया के नियमों के तहत पूजा कुमारी को मैट्रिक के लिए 7अंक, इंटर के लिए 3 अंक और स्नातक के लिये 10 अंक, कुल 20 अंक दिया गया,जबकि वीणा कुमारी को मैट्रिक के लिए 11 अंक,इंटर के लिए 15 अंक,स्नातक के लिये 5 अंक और स्नातकोत्तर के लिये 7 अंक, कुल 38 अंक दिया गया,वहीं सुषमा गुप्ता को मैट्रिक के लिए 11 अंक,इंटर के लिये 7अंक तथा स्नातक के लिये चार अंक, कुल मिलाकर 22 अंक दिया गया.चयन प्रक्रिया में वरीयता क्रम के अनुसार वीणा कुमारी को कुल 38 अंक प्राप्त हुये। सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर वीणा कुमारी का चयन सेविका पद पर किय्या गया।चयन समिति में अंचलाधिकारी विकास कुमार सिंह, सीडीपीओ राजकिशोरी खलको, पर्यवेक्षिका माया गुप्ता, एएनएम ममता कुमारी तथा राजकीय मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनिल कुमार विश्वकर्मा शामिल थे मौके पर पूर्व मुखिया अजय कुमार, पूर्व सदर तस्लीम खान, आशा देवी, चमेली देवी, ज्योति कुमारी, सुमित्रा देवी, मंजू देवी, सुनीता देवी, बबली देवी, देवंती देवी, अंकुर कुमार, काशी प्रजापति, प्रमोद कुमार, अनिल कुमार, विमला देवी, ललिता देवी, चांदनी देवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



### बेला झगड़ा पूर्व मुस्लिम टोला के आंगनबाड़ी केंद्र की नई सेविका बनी शमीमा

# नियमावली के तहत की गई है सेविका का चयन : बीडीओ

**नवीन मेल संवाददाता। डंडाई**

प्रखंड के बेला झगड़ा गांव में सोमवार को आंगनवाड़ी केंद्र के लिए सेविका चयन किया गया। गांव के पूर्व मुस्लिम टोला के लिए सेविका चयन को लेकर प्रमुख रूप से स्थल पर पहुंचे वीडियो सह सीडीपीओ जागो महतो ,सीओ यशवंत नायक,सीआई राजेन्द्र यादव, प्रमुख कांति देवी, सुपरवाइजर पुष्पा देवी, मुखियपाती महेश्वर राम के साथ-साथ गांव के बड़ी संख्या में महिला व पुरुषों के बीच पूरी तरह पारदर्शी तरीके से सेविका चयन का काम किया गया। सेविका बनने के लिए गांव के 8 आवेदिकाओं की ओर से चुनाव समिति के पास अपना अपना आवेदन जमा किया गया। इस बीच बारी-बारी से उनके द्वारा सभी आवेदकों के दस्तावेजों का अवलोकन कर उसे अंक में बदल दिया गया। उसके बाद कई आवेदकों को अप्लाई फॉर व पोषक क्षेत्र से बाहर होने के साथ-साथ गांव के पुत्री आवेदकों के आवेदन को चयन समिति के द्वारा निरस्त कर दिया गया। जबकि शेष बचे 4 आवेदक के आवेदनों पर चयन समिति के पदाधिकारीयों के द्वारा प्रमुखता से विचार विमर्श किया गया। उक्त लोगों के विचार के बाद शमीमा खातून नामक आवेदिका को सबसे ज्यादा 25 अंक होने के कारण उन्हें आंगनबाड़ी केंद्र के सेविका के रूप में सर्व समिति से चुन लिया गया। इससे पहले पदाधिकारीयों के द्वारा चुनाव के नियम शर्त व क्राइटेरिया के बारे में आवेदकों के साथ-साथ चुनाव स्थल पर मौजूद महिला व पुरुषों को विशेष रूप से जानकारी दिया गया। मौके पर बीडीओ ने कहा कि आज के दिन सेविका चयन के लिए पूर्व से तिथि निर्धारित थी। उसी तिथि के अनुसार बैला झखड़ा गांव के पूर्व मुस्लिम टोला आंगनवाड़ी केंद्र के लिए सेविका चयन किया गया है। इस दौरान हम सभी चुनाव समिति के पदाधिकारियों के समक्ष गांव के 8 महिला आवेदकों के द्वारा आवेदन जमा किया गया। उनमें चार आवेदकों के आवेदन को अमुख अमुख कारणों से निरस्त कर दिया। जबकि शेष चार आवेदकों के आवेदन पर विचार करने के बाद शमीमा खातून आवेदिका को सबसे ज्यादा 25 अंक होने के कारण उन्हें केंद्र की सेविका के रूप में चयन कर लिया गया।



## न्यूज | बॉक्स

### सहायिका पद के लिए अंजू देवी का चयन



**केतार।** प्रखंड के केतार बाजार अंतर्गत उत्तरी आंगनबाड़ी केंद्र पर सोमवार को सहायिका चयन हेतु बाल विकास परियोजना पदाधिकारी की अध्यक्षता में आमसभा का आयोजन किया गया। बीडीओ सावित्री कुमारी, सावित्री कुमारी, थाना प्रभारी अरुण कुमार, पर्यवेक्षिका रिंकी देवी, मुखिया प्रमोद कुमार की की उपस्थिति में सहायिका पद पर चयन के लिए सात अभ्यर्थियों का आवेदन प्राप्त हुआ। जिसमें शैक्षिक योग्यता के आधार पर सभी अभ्यर्थियों का अंक का निर्धारण किया गया। जिसमें अंजू कुमारी 22 अंक, सूर्यमाला देवी 14 अंक, चिंता देवी 14 अंक, ललिता देवी 14 अंक, शारदा देवी 12 अंक, संध्या देवी 10 अंक प्राप्त हुए।इस प्रकार सहायिका पद के लिए अंजू देवी पति दिलीप कुमार राम को चयनित किया गया। वहीं इस मौके पर प्रधानाध्यापक देवेंद्र कुमार, मुखिया प्रमोद कुमार, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष उपेंद्र बैठा, कुंदन प्रसाद, बिंदु राम, जोखू राम,शैला देवी, सहीत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### मृतक के श्राद्धकर्म में मुखिया ने किया सहयोग



**केतार।** केतार प्रखंड के मुकुन्दपुर पंचायत के ताली गांव निवासी मृतक एतवरीया कुंवर के घर मुखिया मुंगा ने उनकी मृत्यु पर शोक संवेदना व्यक्त किया। मुखिया ने श्राद्धकर्म करने के लिए उनके परिजनों को 50 किलो आटा और नगद राशि देकर सहयोग किया। मुखिया ने कहा की पंचायत वासियों के दुःख सुख में वे हमेशा शामिल रहते हैं और जरूरतमंदों को सहयोग करते हैं।इस मौके पर आशिष राम,सुनील कुमार, दिनेश गुप्ता, उमेश गुप्ता, चंदेश्वर गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### मां-बेटे को पीटकर किया घायल, सदर अस्पताल में भर्ती

**गढ़वा।** रंका थाना क्षेत्र के मानपुर गांव निवासी हसीना बीबी पति स्व.शौकत अंसारी एवं उसके पुत्र सयमुद्दीन अंसारी को भसूर, जेठानी आदि ने मिलकर मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इनमें हसीना बीबी का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस संबंध में हसीना बीबी ने बताया कि उसके पति की मौत हो जाने के बाद उसके भसूर नेजाम अंसारी, उसकी पत्नी सायदा बीबी उसे घर से निकालने के लिए हमेशा तंग करते रहते हैं। उसने बताया कि उसके दो पुत्र बाहर कमाने के लिए गए हैं। जबकि छोटा पुत्र सयमुद्दीन अंसारी उसके साथ ही रहता है। रविवार की देर शाम को नेजाम अंसारी एवं उसके परिवार के लोग उसे गाली गलौज करने लगे। तब वह गांव में ही मुखिया के घर जाकर इसकी शिकायत की। वहां से लौटने के बाद नेजाम अंसारी, पत्नी सायदा बीबी, पुत्र नौशाद अंसारी, पुत्री सबाना खातून आदि ने मिलकर हसीना बीबी व उसके पुत्र सयमुद्दीन अंसारी के साथ मारपीट कर घायल कर दिया।

### आंगनबाड़ी सेविका चयन का ग्रामीणों ने किया विरोध, ग्राम सभा स्थगित



**धुरकी।** धुरकी थाना क्षेत्र के गनियारी कला गांव में सोमवार को आंगनबाड़ी सेविका का चयन के लिए ग्राम सभा आयोजित की गई थी। ग्राम सभा में कुल 8 कैंडिडेट ने कागजात जमा किया गया वहीं कुछ कैंडिडेट का शिक्षा उत्तर प्रदेश एवं अन्य राज्यों के होने से ग्रामीणों में आक्रोश हो गया जो ग्रामीणों ने स्थानीय कैंडिडेट को प्राथमिकता देने की बात कही। जबकि सबिता कुमारी का 35% एवं अन्य का 29%, 18,17,11 था। ग्राम सभा में ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सबिता कुमारी का मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट का आवेदिकाओं का प्रमाण पत्र फर्जी है ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा की अन्य राज्यों में शिक्षा ग्रहण करने वाले से ज्यादा प्राथमिकता झारखंड वालों को होनी चाहिए वही जिस जमीन में आंगनवाड़ी बना हुआ है उस जमीन का मालिक का कहना है कि मेरा जमीन है मेरा होना चाहिए।

### पुलिस ने एक क्विंटल जावा महुआ किया नष्ट



**केतार।** केतार पुलिस ने सोमवार को थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी के नेतृत्व में दासीपुर गांव में अवैध महुआ शराब चुलाई और बिक्री के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने एक घर से लगभग एक क्विंटल जावा महुआ और शराब बनाने की उपकरण बरामद कर मौके पर ही नष्ट कर दिया।वहीं शराब कारोबार में संलिप्त लोग पुलिस की आने की भनक लगते ही भागने में सफल रहे। थाना प्रभारी अरूण कुमार ने कहा की किसी भी हाल में थाना क्षेत्र में अवैध कारोबार संचालित नहीं होने दिया जायेगा। उन्होंने शराब बनाने वाले लोगों को इस कार्य को छोड़ने को कहा। अन्यथा चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई करने की चेतावनी दी।

## जागरूकता

### विद्यालय के प्रांगण में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# नशे की लत जीवन को नष्ट कर देती है : थाना प्रभारी

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

प्रखंड मुख्यालय केतार स्थित लोहिया समता उच्च विद्यालय के प्रांगण में सोमवार को नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यकम में प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी और थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी शामिल हुए। इस अवसर पर थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी ने मध्य विद्यालय और उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं को नशा नहीं करने की सलाह दी और उससे होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। थाना प्रभारी ने कहा की नशा एक ऐसी बुराई है जो हमारे समूल जीवन को नष्ट कर देता है।नशे की लत से पीड़ित व्यक्ति परिवार के साथ समाज पर भी बोझ बन जाता है। आज के युवा पीढी सबसे ज्यादा नशें की लत से पीड़ित हैं।नशा करने वाला व्यक्ति घर में अपने परिवार के सदस्यों से लड़ाई-झगड़ा करने लगता है,वहीं नशा करने के लिए जमीन जायदाद भी बिक्री कर देता है। उन्होंने छात्रों को कहा की आप सभी मेहनत से पढ़ाई कर अपने जीवन में आगे बढ़े और नशे की लत से अपने और अपने घर परिवार के लोगों को दुर रखने का प्रयास करें। उन्होंने कहा की नशा की लत जीवन को नष्ट कर देता है।। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी ने कहा की आज के युवा वर्ग भारी संख्या में नशे की लत में पड़ गया है। उन्होंने कहा की नशा एक भयानक और स्लो पॉवाइजन वाली घातक बीमारी है। इससे कैंसर, पिलिया सहित अन्य बीमारी होने लगता है। नशा करने के लिए व्यक्ति अपना सब कुछ दांव पर लगाते हुए जिंदगी बर्बाद कर लेता है। बीडीओ ने छात्रों को अपने जीवन काल में नशा और धुम्रपान नहीं करने का सलाह दी।



### सड़क दुर्घटना में युवक घायल, सदर अस्पताल में भर्ती

**गढ़वा।** गढ़वा-मझिआंव रोड में जोबरइया के समीप सड़क दुर्घटना में पीयूष कुमार पिता गौतम कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। वह मेराल थाना क्षेत्र के विकताम गांव का रहनेवाला है। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार रविवार की देर रात पीयूष कुमार एवं उसका फुफेरा भाई गोलू कुमार मोटरसाइकिल से विकताम से गढ़वा आ रहे थे। इस दौरान जोबरइया गांव के समीप उसकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर की ट्राली से टकरा गई। इस घटना में उसके ठुड्डी में गंभीर चोट लगी है।

## एक नजर

### नाबालिग दौड़ा रहे ट्रैक्टर, हादसे की आशंका

**इटखोरी(चतरा)।** परिवहन विभाग के नियमों की अवहेलना कर इटखोरी प्रखंड क्षेत्र में वाहनों को दौड़ाया जा रहा है। सूत्रों की माने तो बालू लोड ट्रैक्टर नाबालिग चालक या नौसिखिया युवक चलाते हैं। लोगों का कहना है कि ट्रैक्टर वैसे चालकों द्वारा अनियंत्रित गति से दौड़ाया जाता है। जिला परिवाहन विभाग व पुलिस भी इन वाहन चालकों को अनदेखी कर रही है। कार्रवाई न होने की वजह से इनके हौसले बुलंद हैं। ऐसे में कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

### विशेष लोक अदालत का गिद्धौर में आयोजन आज

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड कार्यालय परिसर में विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के तत्वाधान में स्थाई लोक अदालत का आयोजन मंगलवार को किया जाएगा। उक्त जानकारी बीडीओ सह सीओ राहुल देव ने देते हुए बताया कि झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के तत्वाधान में स्थाई लोक अदालत सह शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें दाखिल-खारिज एवं राजस्व संबंधी विविध वादों का निष्पादन किया जाएगा। बीडीओ ने प्रखंड के सभी बुद्धिजीवी समेत ग्रामीणों को उक्त कार्यक्रम में भाग लेने की अपील भी की है।

### प्रतिदिन बढ रही सड़क दुर्घटनाएं, रोकथाम की आवश्यकता

**प्रतापपुर (चतरा)।** दिन प्रतिदिन शहर से लेकर गांव तक सडक बढ़ती जा रही दुर्घटनाएं लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। इन सड़क दुर्घटनाओं में बडी संख्या में लोग असमय काल के गाल मे समा रहे हैं। इसमें युवा पिढी की संख्या अधिक है। चुकि वाहन चालक अधिक युवा हीं होते हैं। जबकि युवा ही हमारे देश की रीढ भी हैं, सडक दुर्घटना के रोकथाम के लिए सरकार द्वारा नियम, कानून तो बना दिए गये हैं, परन्तु इसका पालन नही होना सड़क दुर्घटना का पहला कारण साबित हो रहा है। वाहन चलाने के दौरान लापरवाही तथा तेज गति से भी लोगों को क्षति हो रही है। दुसरी ओर प्रशासन यातायात नियमों के अनुपालन सख्ती से करवाने में विफल रही है।

### फ्रीज फटने से लगी आग लाखों का हुआ नुकसान

**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय के मुरपा मोड़ के पास तापमान बढ़ने से गोदरेज कंपनी की फ्रीज फटने से घर में आग लग गई और लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। यह घटना बालूमाथ के मुरपा मोड निवासी राजेंद्र पांडे के पुत्र परमेश पांडे के घर में घटी है। इसकी जानकारी देते हुए परमेश पांडे ने बताया कि वह अन्य दिनों की तरह घर के बाहर सड़क किनारे बैठे हुए थे कि अचानक उन्हें घर में ब्लास्ट होने की जानकारी मिली।

### लाधुप में जंगली हाथी ने जमकर मचाया उत्पात

# तीन घरों को किया छतिग्रस्त और घर में रखे धान व चावल को किया चट

**संवाददाता। चंदवा**

चंदवा थाना क्षेत्र के लाधूप पंचायत के दूधिमाटी गांव के पथलाही टोला में रविवार की देर रात जंगली हाथी ने जमकर उत्पात मचाया है। हाथी ने पथलाही टोला निवासी पैरवा देवी,दिनेश गंझू और सुधु गंझू के घर को बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया। घर मे रखे मकई, धान, चावल और गेंहू को खा गया। इसके अलावा घर मे रखे सामानों को भी क्षति पहुंचाई है। भुक्तभोगी परिवारों ने बताया कि रविवार रात हमलोग अपने घर मे सोये हुए थे तभी अचानक आधी रात को एक अकेला हाथी आ धमका और घरों में तोड़ फोड़ शुरू कर दिया। हम लोगो ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। घटना की जानकारी मिलते ही भुक्तभोगी परिवार से मिलकर पंचायत समिति सदस्य पति सह समाजसेवी बुधन गंझू ने हर संभव मदद का आश्वासन दिया। रात में ही ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों को घटना की जानकारी दी। सूचना के बाद वन विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से हाथी को गांव से दूर भगाया।



हाथी के आतंक से भयभीत हैं ग्रामीण

चंदवा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में पिछले कुछ वर्षों से जंगली हाथियों ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है। हाथियों ने अब तक कई ग्रामीणों की जान तक ले ली है और उनके हमले से कई लोग घायल हो चुके हैं, आखिर ग्रामीण जाएं तो कहां जाए। हमेशा इनपर जान का खतरा बना रहता है। रात-रात भर जागकर पहरा देते हैं। वन विभाग के प्रति ग्रामीणों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। बावजूद इसके विभाग कोई ठोस कदम नही उठा रही है।

### पेड़ से लटका मिला युवक का शव बरामद

**बरवाडीह।** छिपादोहर थाना क्षेत्र अंतर्गत चुंगरू पंचायत के हेहेगड़ा रेलवे स्टेशन से 100 मीटर की दूरी पर सोमवार की शमा छिपादोहर पुलिस ने पेड़ से लटका एक युवक शव बरामद किया है। इस संबंध में छिपादोहर थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह ने बताया की हेहेगड़ा के कुछ ग्रामीणों द्वारा जानकारी मिली की रेलवे स्टेशन के कुछ दूरी पर पेड़ से एक शव लटका हुआ है। उन्होंने बताया की जानकारी मिलते ही सशस्त्र बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर शव को बरामद कर लिया गया है। उन्होंने कहा की शव की पहचान नहीं हो पाई है, शव के पास से कुछ कपड़ा मिला है किसी प्रकार का कोई आईडी प्रूफ नही है जिसके कारण शव की पहचान नहीं हो पाई है। उन्होंने बताया की शव को छिपादोहर थाना लाया गया है, मंगलवार को लातेहार सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया जायेगा। थाना प्रभारी ने कहा की पोस्टमार्टम के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा की यह आत्महत्या है या हत्या।

### मुख्यमंत्री के प्रस्तावित चतरा आगमन को लेकर डीडीसी ने की बैठक, कहा

# बिना सूचना के मुख्यालय से बाहर रहने वाले अधिकारी पर होगी कार्रवाई

**संवाददाता। चतरा**

मुख्यमंत्री झारखंड सरकार चंपाई सोरेन के जुलाई माह में चतरा जिला में आगमन प्रस्तावित है। इसे लेकर समाहरणालय सभा कक्ष में उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल की अध्यक्षता में तैयारियों से संबंधित बैठक की गई। जिसमें सर्व प्रथम सभी विभाग व प्रखंड कार्यालय के कार्यालय प्रधान को उनके कार्यों का दायात्व सौंपने के साथ आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा सभी कार्यालय प्रधान और प्रखंड विकास पदाधिकारी राज्य से प्राप्त योजनाओ के लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण करें। वैसे अधिकारी जो इस चतरा जिले के अलावे कहीं और उनकी प्रतिनियुक्ति है, वैसे पदाधिकारी चतरा मुख्यालय में तीन दिन रहने का प्रतिवेदन उपलब्ध कराएंगे साथ ही कार्य को अधिकता को देखते हुए तीन दिन मुख्यालय में रहकर शत प्रतिशत कार्यों को पूर्ण कराएंगे। कोई भी अधिकारी बिना सूचना के मुख्यालय से अनुपस्थित पाए जाते हैं तो कार्रवाई के लिए तैयार रहें। साथ ही उन्होंने कहा सभी पदाधिकारी सप्ताह में दो दिन मंगलवार और शनिवार को जनता दरबार का आयोजन कर आम जनों के समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर मामले का निष्पादन करें। जनता दरबार से संबंधित दिन और समय सूचना पट्ट पर लगाना सुनिश्चित करें। बैठक में अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, एसडीओ चतरा सुरेंद्र उरांव, जिला आपूर्ति पदाधिकारी मनिंदर भगत, जिला भू अर्जन पदाधिकारी वैभव सिंह, जिला खेल पदाधिकारी तुषार रॉय, सभी बीडीओ, सीओ समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।



# राशन कार्ड निर्गत व आधार सीडिंग को ले कर शिविर का आयोजन

**संवाददाता। बारियातू**

प्रखंड अंतर्गत साल्वे और बारियातू पंचायत सचिवालय मे झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के तहत सुयोग्य लाभुकों का ग्रीन (हरा) राशन कार्ड निर्गत करने और आधार कार्ड सीडिंग करने को लेकर पंचायत स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया. शिविर के माध्यम से छुटे हुए सुयोग्य लाभुकों को हरा राशन कार्ड निर्गत के लिए आवेदन जमा व आधार सीडिंग किया गया .खबर लिखे जाने तक साल्वे पंचायत के शिविर में 09 लोगो का राशनकार्ड मे नाम जोडने के लिए आवेदन प्राप्त हुआ। 13 आधार सीडिंग भी किया गया। तथा 21 सुयोग्य लाभुकों का राशन कार्ड निर्गत के लिए आवेदन दिए गए। वही बारियातू पंचायत सचीवालय के शिविर में 08 हरा राशन कार्ड का लाभुकों द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ। इस अवसर पर बीडीओ सह सीओ नंद कुमार राम, प्रखंड आपुर्ती पदाधिकारी चंदन कुमार, बीससुत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझू ने शिविर का जायजा लिया. मौके पर स्थानीय मुखिया, वार्ड सदस्य, समाज सेवी, सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। इस संबंध में आगामी शिविर 26 जुन को अमरवाडिह एवं टोंटी 28 जुन को शिबला एवं गोनिया एव अंत में 01 जुलाई को डाढा, फुलसु और बालुभांग पंचायत मे शिविर का आयोजन किया जाएगा. बिडिओ सह सीओ नंद कुमार राम व प्रखण्ड आपुर्ती पदाधिकारी चंदन कुमार ने शिविर में अधिक से अधिक लोगो को हिस्सा लेने की अपील की।



# अंडर 17 फुटबॉल प्रतियोगिता में सिमरिया को 3-2 से हराकर टंडवा बना विजेता

**संवाददाता। चतरा**

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग रांची झारखंड के तत्वाधान में जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय 63 वीं सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता 2024-25 के दूसरे दिन सोमवार को अंडर 17 बालक वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत सदर प्रखंड बनाम लावालौंग के बीच हुआ। जिसमें चतरा 2-0 विजय हुई । दूसरा मैच प्रतापपुर बनाम गिद्धौर के बीच हुई, जिसमें गिद्धौर 1-0 से विजय हुई। तीसरा मैच कुंदा बनाम पत्थलगड़ा के बीच हुई, जिसमें पथलगडा 1-0 से विजय हुई। चौथा मैच मयूरहंड बनाम कान्हाचटी के बीच हुई, जिसमें कान्हाचट्टी 1-0 से विजय हुई। वहीं पहला क्वार्टर फाइनल मैच सिमरिया बनाम चतरा में सिमरिया 1-0 से विजय हुई। दूसरे क्वार्टर फाइनल में हंटरगंज बनाम गिद्धौर में गिद्धौर 1-0 से विजय हुई। तीसरे क्वार्टर फाइनल में पत्थलगडा व इटखोरी में इटखोरी ने पेनाल्टी शूटआउट में विजय हुई। चौथा क्वार्टर फाइनल कन्हाचटी बनाम टंडवा के बीच हुई, जिसमें टंडवा 2-0 से विजय हुई। वहीं पहले सेमी फाइनल मैच में सिमरिया-इटखोरी में सिमरिया 1-0 से, दूसरे में गिद्धौर-टंडवा में टंडवा 4-0 से, तीसरे में इटखोरी-गिद्धौर में पेनल्टी शूटआउट में गिद्धौर 4-3 से विजय हुई। जबकी फाइनल मैच सिमरिया बनाम टंडवा के बीच हुआ, जिसमें टंडवा सिमरिया प्रखंड को 3-2 से हराया। कार्यक्रम में झारखंड शिक्षा परियोजना के एडीपीओ मनोज कुमार सिंह, ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष जितेंद्र चंद्रवंशी, नोडल पदाधिकारी दीपक कुमार, शारीरिक शिक्षक अबोध राम, मुकेश कुमार, मंजू कुमारी, कुशुम कुमारी सुबीर कुमार, जितेंद्र कुमार पांडेय, सीमा श्रीवास्तव, श्याम किशोर, कृष्ण कुमार टिंकू, जितेंद्र कुमार पाण्डेय, चंदन कुमार पाण्डेय, धर्मेंद्र कुमार कुशवाहा, उपस्थित थे। मैच में रैफरी के रूप में वीरेंद्र कुमार रविदास, जगदीश सिंह भोक्ता, योगेंद्र रविदास, संतोष यादव, डब्लू राम एवं दिलीप राम थे।



# आतंक का पर्याय बने हरेंद्र गंझू के घर पुलिस ने बढ़ाई दबिश



पत्नी ने पुलिस पर लगाया गंभीर आरोप, एसटी/एससी हजारीबाग थाने में प्राथमिक को लेकर दिया आवेदन

**संवाददाता। चतरा**

नक्शली हरेंद्र गंझू उर्फ रामदास के गिरफ्तारी को लेकर चतरा जिला में पुलिस लगातार अभियान चला रही है। इस कड़ी में पुलिस ने चतरा सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत देवरिया मोक्तमा गांव में अवस्थित घर पहुंच कर छापामारी की। इस दौरान रामदास पुलिस के हाथ नही लगा। लेकिन उसके सुराग पाने के लिए पुलिस द्वारा उसके घर से दो लोगो को हिरासत में लेने का आरोप सहित अन्य कई गंभीर आरोप लगाते हुए रामदास भोक्ता की पत्नी राजमणि कुमारी ने हजारीबाग एसटीएससी का मामला दर्ज करने को लेकर आवेदन दिया है। दिए गए आवेदन में चतरा और गिद्धौर थाना के पुलिस पर कई गंभीर आरोप लगाईं है। आवेदन में लिखी है कि उचित जांच-पड़ताल करते हुए कानूनी कार्रवाई करें ताकि मेरा ननदोसी रमेश भोक्ता, भैसुर नागेश भोक्ता सुरक्षित मिल सके तथा पुलिस द्वारा छिन कर लिए गए सारे सामान मुझे वापस मिल सके। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार टीएसपीसी नक्सली हरेंद्र गंझू के विरुद्ध चतरा जिला सहित अंतर जिला में एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। इसी निमित जिले के कई क्षेत्रों में छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। मुकतम्मा स्थित देवरिया गांव में भी उसके आने की सूचना पर छापामारी की गई थी।

## राजनीति

### भाजपा ला सकती है मनिका विधानसभा से उम्मीदवार के रूप में नया चेहरा

# जिप सदस्य ने बाबूलाल के समक्ष थामा भाजपा का दामन

**संवाददाता। बरवाडीह**

बरवाडीह पूर्वी क्षेत्र से जिला परिषद के सदस्य कन्हाई सिंह ने रांची स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। कन्हाई सिंह के भाजपा में शामिल होने को लेकर लोकसभा चुनाव के पूर्व से ही गतिविधि चल रही थी जिस पर अब पूरी तरह से विराम लग गया है। भाजपा मे शामिल होने को लेकर कन्हाई सिंह ने बताया की भाजपा मे शामिल होने का मुख्य उदेश्य वर्तमान सरकार की गलत नीति, जमीन लूट, आदिवासी की सरकार कह के आदिवासियों के साथ हो रही लगातार लूट का मजबूती के साथ विरोध करना है उन्होंने यह भी कहा की वह भाजपा के कार्यकर्ता के रूप में काम करते हुए वर्तमान झूठी सरकार के खिलाफ आवाज उठाने और सगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्य करेंगे। उधर कन्हाई सिंह के शामिल होने पर मंडल अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह के साथ जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, पूर्व सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, दिलीप यादव, सुनील सिंह, दीपक तिवारी, दिलीप पासवान, मनोज यादव समेत अन्य भाजपा नेताओं ने बधाई दी है। मनिका विधानसभा से भाजपा को मिला मजबूत नेता ज्ञात हो की पिछले कुछ सालों में मनिका विधानसभा में भाजपा के कई कद्दावर नेता का असमय मृत्यु हो गई है जिससे मनिका विधानसभा में भाजपा कमजोर पड़ गई थी। साथ ही पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह को भाजपा से टिकट न मिले जिसको लेकर मनिका विधानसभा के कई क्षेत्रों में विरोध भी शुरू हो गया है। ऐसे में भाजपा मनिका विधानसभा से उम्मीदवार के रूप में नया चेहरा कन्हाई सिंह के रूप में ला सकती है।



- कन्हाई सिंह के भाजपा में शामिल होने को लेकर लोकसभा चुनाव के पूर्व से ही गतिविधि चल रही थी जिस पर अब पूरी तरह से विराम लग गया
- वर्तमान सरकार की गलत नीति, जमीन लूट, आदिवासी की सरकार कह के आदिवासियों के साथ हो रही लगातार लूट का विरोध करना उदेश्य

### नशा मुक्ति को लेकर चलाया गया जागरूकता अभियान

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड़ में नशा मुक्ति को लेकर आंगनबाड़ी सेविकयों ने छात्र-छात्राओं के साथ सोमवार को जागरूकता अभियान चलाया। जिसका नेतृत्व सुपरवाइजर उषा प्रसाद ने किया। नशा मुक्ति अभियान मध्य विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्र गिद्धौर से निकल, जो मुख्य चौक होते पूरे गांव का भ्रमण किया। इस दौरान नशीले पदार्थ की गैर कानूनी तरीके से खेती करना दंडनीय अपराध, नशीले पदार्थों की खरीद बिक्री करना अपराध, उत्पादन, भंडारण, बिक्री, परिवहन या उपयोग भी दंडनीय अपराध है आदि नारे लगा कर लोगों को जागरुक किया गया। अभियान में सुनैना कुमारी, प्रभा सिन्हा समेत कई सेविका व स्कूली बच्चे शामिल थे।

## न्यूज बॉक्स

### आम चुनने गई छात्रा की सर्पदंश से मौत, झाड़ फूंक के चक्कर में गई जान



**महुआडांड़।** झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय में अध्ययनरत 12वीं कक्षा की छात्रा शोभा एक्का (उम्र लगभग 18 वर्ष) पिता संतोष एक्का ग्राम साले निवासी की मौत सर्पदंश से रविवार को हो गई। जानकारी के अनुसार शोभा एक्का गर्मी की छुट्टी में अपने घर गई हुई थी। जहां 18 जून को अपने घर के पास ही आम चुनने चली गई। इस क्रम में एक सांप ने छात्रा को डंस दिया। जब परिजनों की इसकी जानकारी हुई तो अस्पताल न लाकर घर में ही परिजनों के द्वारा झाड़ फूंक कर इलाज किया गया। जहां हालात गंभीर होने पर महुआडांड़ स्थित कार्मेल हॉस्पिटल इलाज के लिए लाया गया। जहां से डॉक्टर द्वारा उस रेफर करते हुए मिशन हॉस्पिटल तुम्बागढ़ा भेजा। परंतु यहां इलाज के दौरान रविवार की सुबह तीन बजे छात्रा की मौत हो गई। मौत की खबर से गांव और परिवार में शोक की लहर है। परिवार के सदस्य का रो रोकर बुरा हाल है।

### आपसी विवाद के बाद मां-बेटे ने खाया जहर, सदर अस्पताल लातेहार रेफर



**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत डुमारो पंचायत के काली गांव में सोमवार को मां व नाबालिग बेटे के बीच हुए मामूली विवाद में दोनो ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जहरीला पदार्थ खाने के बाद दोनो की तबियत बिगड़ गयी, जिसके बाद मां किमली देवी व बेटे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा लाया गया, जहां डॉक्टर मनोज कुमार की देखरेख में दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। डॉक्टर मनोज कुमार ने बताया कि दोनो की स्थिति नियंत्रण में है व खतरे से बाहर हैं, दोनों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया गया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मां किमली देवी और 13 वर्षीय पुत्र के बीच किसी बात को लेकर आपस में झगड़ा हो गया। झगड़ा होने के बाद मां बेटे दोनों ने जहरीला पदार्थ खा लिया, जिसके बाद दोनो की तबियत बिगड़ने लगी। परिजनों द्वारा दोनो को इलाज चंदवा अस्पताल में भर्ती कराया गया। विदित हो कि किमली देवी पति धनराज गंझू ने पूर्व में भी अपने पति से झगड़ा होने के बाद जहर खाई थी जिसका इलाज चंदवा अस्पताल में किया गया था।

### विद्यालय स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता की हुई शुरूआत



**बरवाडीह।** सोमवार से प्रखंड मुख्यालय के रेलवे क्लब मे विद्यालय स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता की शुरूआत की गई जिसका उद्घाटन प्रमुख सुशीला देवी, जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह (पिंटू) समेत अन्य अतिथियों के द्वारा सयुंक्त रूप से फीता काट कर किया गया। फूटबॉल प्रतियोगिता का मध्य विद्यालय बरवाडीह और उत्क्रमित मध्य विद्यालय गम्हरिया के बीच खेला गया। पहला मैच खेलने उतरी दोनों टीमों से बेहतर खेल की नसीहत देते हुए अतिथियों ने फुटबॉल में कीक मार कर औपचारिक शुरूआत की घोषणा की। पहले दिन अपना मैच खेलने उतरी मध्य विद्यालय बरवाडीह और उत्क्रमित मध्य विद्यालय गम्हरिया की टीम ने बेहतर प्रदर्शन किया चारों मानसिक मुकाबले में बरवाडीह की टीम ने एक गोल से गम्हरिया को हराते हुए अगले राउंड मे जगह बना लीं। वहीं इसके साथ मध्य विधालय हहेंदेहास और उत्क्रमित उच्च विद्यालय सैदुप के बीच हुए मैच मे हेंदेहास ने सैदुप को एक गोल से हराया। मौके मे कांग्रेस के कार्यकारिणी अध्यक्ष सुरेश मिश्रा, खेल कोच अशफाक अहमद मुन्ना, सत्येंद्र कुमार, राजीव कुमार, मुकेश चंद्रवंशी, सुमन कुमार, अरुण कुमार समेत काफी सख्या मे लोग मौजूद थे।

### सीओ ने गुल्ली मोड़ से अवैध बालू लदे 4 ट्रैक्टर को किया जब्त



**इटखोरी(चतरा)।** बीडीओ सह सीओ सोमनाथ बंकिरा ने पुलिस के साहियोग से सोमवार को अवैध बालू खनन व परिवहन के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाकर इटखोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत गुल्ली मोड़ से 4 अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया। इस बाबत बीडीओ सह सीओ ने बताया कि जब्त अवैध बालू लदे 4 ट्रैक्टर को इटखोरी थाने को सौंप दिया गया है। ज्ञात हो कि थाना क्षेत्र अंतर्गत मुहाने नदी(हलमता, जुलुडीह) से धड़ल्ले से बालू खनन कर उसे चतरा, चौपारण में जाकर ऊंचे दामों पर बेचा जाता है। इस कार्रवाई से बालू कारोबारियों में हड़कंप मचा गया है। सूत्रों की माने तो जुगुडीह, हलमता, दरीदग आदि क्षेत्र से दो दर्जन से अधिक ट्रैक्टर बालू लोडकर सुबह 5 से 7 बजे तक चतरा की ओर रवाना होते हैं। इतना ही नही इन ट्रैक्टर के आगे और पीछे मोटरसाइकिल से लोगों द्वारा स्कॉट किया जाता है। हालांकि प्रशासन को देखकर कुछ बालू लदे ट्रैक्टर ने खेत में ही बाल गिरा डाला।

### बनियों ग्राम के समीप बाइक दुर्घटना में पिता पुत्री समेत तीन घायल



**बालूमाथ।** बालूमाथ पाकी मार्ग पर बालूमाथ थाना क्षेत्र के बनियों ग्राम के पास हुई बाइक दुर्घटना में पिता पुत्री समेत तीन लोग घायल हो गए। घायल लोगों की पहचान पलामू जिले के पाकी थाना क्षेत्र अंतर्गत सुड़ी बांध गांव निवासी रामधनी यादव के पुत्र संतोष यादव संतोष यादव की 6 वर्षीय पुत्री संध्या कुमारी तथा 15 वर्षीय पुत्र रोहित यादव शामिल है। जिसे स्थानीय लोगों द्वारा बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। जहां पर डॉक्टर सुरेंद्र कुमार के द्वारा इलाज किया गया ' मिली जानकारी के अनुसार संतोष यादव अपने पुत्र और पुत्री को लेकर रांची से अपना घर लौट रहा था कि इसी दौरान अचानक सड़क पर मवेशी के दौड़ जाने से वह अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया और यह घटना घट गई है।

### जेएसएफएसएस द्वारा लगाये गए शिविर में आये 86 नए आवेदन, राशन कार्ड के 29



**बालूमाथ।** निर्धारित कार्यक्रम के तहत सोमवार को बालूमाथ प्रखंड के बालूमाथ पंचायत एवं झाबर पंचायत में जेएसएफएसएस द्वारा शिविर लगाया गया। इस शिविर में बालूमाथ और झाबर पंचायत से कुल 86 आवेदकों ने आवेदन किया। जिसमें नया राशन कार्ड के लिए 29, नाम जोड़ने के लिए 38, आधार सीडिंग एक, डिलीट मेंबर दो, नाम सुधार दो, आयुष्मान कार्ड 4 के लिए आवेदन प्राप्त हुए।

## एक नजर

### इमरजेंसी को ले आज काला दिवस मनाएगी बीजेपी

**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व कर्ता अनिल उरांव (संयोजक )तथा विमल कान्त सिंह (सह संयोजक ) ने कहा की 25 जून 1975 को संविधान के विरुद्ध जाकर कांग्रेस की सरकार ने इमरजेंसी पूरे देश में लगाई थी उसके विरुद्ध भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा जिला के तत्वाधान में 25 जून 2024 दिन मंगलवार को काला दिवस मनाया जाएगा. 25 जून 1975 को कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व में पूरे देश में संविधान को ताक में रखकर इमरजेंसी लगाई गई थी, इमरजेंसी के दौरान पूरे देश को बंधक बनाया गया था आम जनता डर कर जिंदगी जीने के लिए मजबूर थी जो एक काला अध्याय था जिसे भारतीय जनता पार्टी काला दिवस के रूप में मानाती है इस निमित्त कुशवाहा भवन हटिया गार्डन लोहरदगा के सभागार में एक चर्चा परिचर्चा किया जायेगा जिसमे जिला के बीजेपी के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ता उपस्थित रहेंगे। ये जानकारी जिला बीजेपी महासचिव राजकुमार वर्मा ने दिया है।

### अमन के समर्थन में समिति के युवा गए हजारीबाग



**लोहरदगा ।** अमन कुमार के समर्थन में मनीष कश्यप का हजारीबाग में हजारों लोगों ने जोरदार स्वागत किया। आयोजित कार्यक्रम में झारखंड के कई स्थानों से भैरो सिंह समेत लोग शामिल हुए। जिसमें लोहरदगा जिला जय श्रीराम समिति नगर महामंत्री सुशील पटनायक समेत कई कार्यकर्ता लोहरदगा जिला का प्रतिनिधित्व किया ।ज्ञात हो की अमन कुमार के रिहाई को लेकर लोहरदगा जिला में समिति के बैनर तले सैकड़ो की संख्या में पावरगंज चौक में जोरदार प्रदर्शन किया गया था। नगर महामंत्री सुशील पटनायक ने कहा रिहाई न होने तक क्रमबद्ध आंदोलन होता रहेगा। आगे कहा झारखंड सरकार अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए हिंदुओं को पड़ताडित कर रही है ।जो आने वाले विधानसभा में झामुमो को उखाड़ फेंकने के लिए संकल्पित है।

### मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती का मनाया गया 59वां पुण्य स्मृति दिवस



**गुमला।** गुमला जिला मुख्यालय स्थित ब्रह्मा कुमारीज के पालकोट रोड स्थित शाखा गुमला में मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती की 59वीं पुण्य स्मृति दिवस मनायी गई। मौके पर जिला उपभोक्ता फोरम के न्यायाधीश ओमप्रकाश पांडे , राजयोगिनी शांति दीदी, व्यवसाय पवन अग्रवाल, संजय अग्रवाल, संतोष अग्रवाल सहित संस्था के सैकड़ो भाई बहन ने मातेश्वरी जगदंबा की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। शांति दीदी ने मातेश्वरी जी को याद करते हुए कहा कि मातेश्वरी जगदंबा की वाणी सरल मधुर कशिश वाली थी , जिसे सुनकर सुनने वालों के विचार ही बदल जाते थे। उनमें परखने की शक्ति निर्णय करने की शक्ति बहुत तेज थी।

### इस मानसून में अपने आसपास के क्षेत्र में लगाएं पौधे : सत्यम कुमार

**लोहरदगा।** विश्व हिन्दू परिषद-बजरंग दल लोहरदगा ने रविवार को पौधरोपण अभियान की शुरूआत की। इस मौके पर विहिप के नगर पर्यावरण प्रमुख सत्यम कुमार ने कहा कि जिस तरह गर्मी से बेहाल हो रहे हैं। मनुष्य के साथ-साथ पक्षी, छोटे-छोटे जानवर, केंचुआ इत्यादियों का पानी के कारण मृत्यु हो जाना यह बहुत गंभीर विषय है। इसलिए सब लोग इस इस बरसात में पौधरोपण जरूर करें।

## मादक पदार्थों के विरुद्ध पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# पुलिस ने 140 किलो अवैध गांजा किया बरामद

- लोहरदगा एसपी हारीश बिन जमां ने प्रेस कांफ्रेंस कर दी जानकारी
- गांजा की कीमत लगभग 70 लाख




**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

झारखंड में नशे के कारोबारियों के हौसले बुलंद होते जा रहे है। सूबे के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने नशे के कारोबारियों पर लगाम लगाने के सख्त निर्देश दिए है। इसी कड़ी में लोहरदगा पुलिस को अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध बड़ी कामयाबी मिली है।

जहाँ पुलिस ने 140 किलो गांजा बरामद की है। जिसकी अनुमानित लागत लगभग 70 लाख है। इस संदर्भ में पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमा ने सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि सेन्हा के कल्हेपाट इलाके में गांजा की तश्करी होती है। इस सूचना पर कार्रवाई करने के लिए पुलिस ने टीम बनाई। जिसमें मुख्यालय डीएसपी समीर तिर्की, इंसपेक्टर सच्चिदानंद साहू, थाना प्रभारी सेन्हा अजित कुमार, कुडू थानेदार कुलदीप राज टोप्पो, मनोज कुमार, अविनाश राम, पंकज कुमार यादव, राजेश राम लोहरा, जयकुमार यादव, नमिता गोस्वामी, नीरज कुमार मिश्र आदि मुख्य रूप से शामिल थे। इन्होंने कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी तौफीक अंसारी के घर से लगभग 140 किलो अवैध गांजा बरामद किया है। जिसकी अनुमानित लागत 70 लाख होगी ।मुख्य आरोपी तौफीक अंसारी फिलहाल पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। उसकी धर पकड़ के लिए पुलिस टीम लगातार कार्रवाई कर रही है। आरोपी के विरुद्ध सेन्हा थाना कांड संख्या 46/2024, दिनांक 22.06.2024, धारा 20बी, सी/15/28/19 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। एसपी ने बताया कि आरोपी की गाड़ी से पुलिस लिखा हुआ बोर्ड बरामद किया गया है। जो संभवतः पुलिस से बचने के लिए आरोपी रखा हो। वही तीन गाड़ियों में एक महिंद्रा एक्सयूवी, फॉर्च्यूनर, क्रेटा शामिल हैं।

**बरामद सामानों की सूची**

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आहूजा कंपनी का हार्ड डिस्क, मोबाईल सेमसंग कम्पनी, फोरचुनर वाहन सं0-जेएच 10 एएन-3103 में लाल ब्लू रंग में लिखा हुआ पुलिस बोर्ड, एसएमपी -30 लिखा हुआ डिब्बा में पांच टैबलेट एवं फोरचूनर वाहन का दो चाभी एवं उक्त वाहन का रजि० कार्ड, हुन्डई वाहन का दो चाभी, नगद राशि 42,800, महिन्द्रा वश 500 वाहन स०-डीएल 8 सीएसी -2826 में कुल पांच बोरी 139 पैकेट, जिसमें करीब 140 किलो गांजा, क्रेटा वाहन सं0- जेएच 10 बीएल -4458 प्लास्टिक में काला रंग का चिपचिपा पदार्थ जैसा एवं एसएमपी-30 लिखा हुआ डिम्बा में दो टैबलेट तथा एक निडिल, ब्लू रंग का एक डायरी आदि बरामद किया गया है।

## अतिसुदूरवर्ती क्षेत्र नकटीझरिया ग्राम में हुआ मेगा कैंप का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

सोमवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देश के आलोक में रायडीह प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र में स्थित नकटीझरिया ग्राम अंतर्गत जिला स्तरीय एक विशेष मेगा कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के सभी कल्याणकारी विभागों के पदाधिकारियों ने अपने अधिनस्तों के साथ कैंप लगाते हुए उक्त क्षेत्र के ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित किया।

**ग्रामीणों को ऑन द स्पॉट योजनाओं से किया गया आच्छादित**

पिछले गुरुवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के क्षेत्र भ्रमण क्रम में उन्होंने उक्त ग्राम का दौरा किया था जहां ग्रामीणों से मुलाकात कर उपायुक्त ने उनके सभी समस्याओं के निवारण करने का वायदा किया था एवं आज उपायुक्त के निर्देश पर नकटीझरिया ग्राम अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाते हुए कैंप का आयोजन किया गया। उक्त कैंप का मुख्य उद्देश्य था कि वहां के ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं के लिए सरकारी कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े एवं एक ही बार में उन्हें सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एवं लाभ मिल सके।

आज आयोजित कैंप में जिले के सभी विभाग जिसमें जिला समाज कल्याण विभाग, कृषि विभाग, जिला कल्याण विभाग, जिला श्रम विभाग, जेएसएलपीएस, जिला पशुपालन विभाग, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, अग्रणी जिला प्रबंधन,आपूर्ति विभाग, मनरेगा, आवास योजना, यूआईडी,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, जिला नियोजन कार्यालय सहित कई विभागों के द्वारा कैंप लगाए गएं एवं नागरिकों को ऑन द स्पॉट योजनाओं से आच्छादित करने की प्रक्रिया की गई। वहीं कैंप में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा सभी नागरिकों का स्वास्थ्य जांच ,सिकल सेल एनीमिया सहित अन्य महत्वपूर्ण जांच भी किए गए। एवं आयुष्मान कार्ड बनाने की भी प्रक्रिया की गई। इस दौरान सभी संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारी , बीडीओ एवं सी.ओ. रायडीह भी मौजूद रहें। पूर्वाह्न 9 बजे से अपराह्न 4 बजे तक लगे इस कैंप में नकटीझरिया ग्राम के शत प्रतिशत ग्रामीणों को हर संभव योजनाओं से आच्छादित करने का प्रयास किया गया।

### प्रखंड स्तरीय टूर्नामेंट में शामिल हुई 17 टीमें

**गुमला।** सोमवार को संत इग्नासियुस उच्च विद्यालय के जुबली स्टेडियम में सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता के प्रखण्ड स्तरीय मुकाबलों का भव्य शुभारंभ हुआ। द्रोणाचार्य अवार्ड से सम्मानित कोच वीणा केरकेट्टा और रिजवान अली ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टूर्नामेंट का विधिवत उद्घाटन किया। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि गुमला जिले की खेल नगरी के तौर पर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान रही है। ऐसे में इस प्रतिष्ठा को भविष्य में भी बनाए रखने की जिम्मेवारी आप नौनिहालों की है, इसलिए खेल को खेल भावना से खेलें। टूनामेंट में 17 टीमों ने हिस्सा लिया। अंडर 17 बालक वर्ग में संत इग्नासियुस उच्च विद्यालय, गुमला ने अरमई उच्च विद्यालय को 5-0 से, संत पात्रिक उच्च विद्यालय ने खोरा उच्च विद्यालय को 4-0 से, और स्कूल ऑफ एक्सीलेंस एसएस प्लस टू गुमला ने मुरकुंडा उच्च विद्यालय को 2-0 से हराया।

## 63वीं सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

# खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है : मेरी लकड़ा



**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर**

चैनपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित बारवे हाई स्कूल के खेल मैदान में प्रखंड संसाधन केंद्र के द्वारा प्रखंड स्तरीय 63 वीं सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता की शुरूआत मुख्य अतिथि चैनपुर जिप सदस्य मेरी लकड़ा सहित उपप्रमुख प्रमोद खलखो व अन्य अतिथियों के द्वारा सामुहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं मुख्य अतिथि के द्वारा फुटबॉल किक मारकर किया गया। इस प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्ग के कुल 7 टीमों ने हिस्सा लिया। मौके पर मुख्य अतिथि मेरी लकड़ा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए। कहा कि खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है खेल के क्षेत्र में हमारे झारखंड के बच्चों ने पदक जीतकर अपने गांव व देश का नाम रौशन किया है। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर छुपे प्रतिभा को निखारकर राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर लाना है।वहीं उपप्रमुख प्रमोद खलखो ने कहा कि खेल से शारीरिक एवं मानसिक विकास भी होता है।पढ़ाई के साथ साथ आप खेल के माध्यम से भी अपना कैरियर बना सकते हैं। इधर प्रतियोगिता के फाइनल में बालक वर्ग अंडर 17 में बारवे हाई स्कूल चैनपुर ने बलबीर उच्च विद्यालय कटकाही को पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया।वहीं बालिका वर्ग अंडर 17 में झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय चैनपुर ने संत अन्ना बालिका उच्च विद्यालय को पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया।वहीं बालक वर्ग अंडर 15 में भी बारवे स्कूल की टीम विजेता रही।

### नवडीहा में दो दिवसीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ



**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित घाघरा प्रखंड शिक्षा विभाग द्वारा नवडीहा खेल मैदान में सोमवार दो दिवसीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। टूर्नामेंट का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने दीप प्रज्वलित कर किया । शुभारंभ मैच बालक वर्ग में प्रोजेक्ट विद्यालय बदरी बनाम मॉडल स्कूल घाघरा के बीच खेला गया। जिसमें दो गोल से प्रोजेक्ट विद्यालय बदरी की टीम बिजयी रही। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने कहा कि खेल को खेल की भावना बच्चे खेले। हारे हुए टीम को हताश न होकर निरंतर प्रयासरत रहने की जरूरत है। खेल से शारीरिक मानसिक और बौद्धिक विकास होता है।

### सांसद सुखदेव भगत को संसद में शपथ लेने पर कांग्रेसियों ने दी बधाई

**लोहरदगा।** लोहरदगा लोकसभा से निर्वाचित सांसद सुखदेव भगत आज नई दिल्ली में 18वीं लोकसभा के पहले दिन संविधान को हाथ में लेकर सरना मां के नाम पर लोकसभा सदस्य की शपथ लिए। माननीय सांसद सुखदेव भगत के शपथ लेने पर पूर्व मंत्री गीता उरांव ,पूर्व गुमला जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीप नारायण उरांव, गुमला के पूर्व जिला अध्यक्ष शिवकुमार भगत, प्रदेश सचिव रोशन वरवा, रमेश चीनी, अकील रहमान, जगदीप भगत आलोक कुमार साहू ,राजनील तिग्गा, नेसार अहमद, साजिद अहमद, राजेश रूद्रा, फूलदेव उरांव,पवन गौतम ,शाहिद अहमद बेलू, सत्यजीत सिंह, मोहन दुबे, कुणाल अभिषेक, मनोज सोन तिर्की, राजू कुरैशी, पप्पू होता, सुजीत जायसवाल, रवि रोशन बेक,संतोष गुप्ता उर्फ गुड्डू ,अल्बर्ट जी ,विकास नाथ शाहदेव, दयानंद उरांव सहित अनेक लोगों ने बधाई दिए।

## नारी सम्मान ग्रुप लोहरदगा ने मनाया अंतरराष्ट्रीय विधवा दिवस



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

नारी सम्मान ग्रुप, लोहरदगा की ओर से 23 जून अंतर्राष्ट्रीय विधवा दिवस पर विधवाओं के लिए एक कार्यक्रम रखा गया जो लोहरदगा के लिए एक पहल एवं सराहनीय प्रयास रहा। नारी सम्मान ग्रुप की ओर से सभी विधवाओं को एक एक साड़ी एवं फूलों की वर्षा और तिलक लगाकर विशेष रूप से सम्मानित किया गया अंतर्राष्ट्रीय विधवा दिवस का उद्देश्य विधवाओं के लिए समर्थन जुटाना है साथ ही यह दिन उनकी स्थिति के बारे में जागरूकता फैलाने का काम करता है दुनिया भर में कई महिलाएं अपने जीवनसाथी को खोने के बाद चुनौतियों का सामना करती है आमतौर पर विधवाओं को समाज से बहिष्कार जैसी स्थिति से गुजरना पड़ता है विधवाओं एवं उनके बच्चे के साथ किया जाने वाला दुर्व्यवहार मानव अधिकारों की श्रेणी में गंभीर उल्लंघन है ' नारी सम्मान ग्रुप की महिलाएं द्वारा इस कार्य की पहल को काफी सराहा गया और प्रशंसनीय रहा। 23 जून इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह लोगों में उन समस्याओं के बारे में जागरूकता लाता है।

# करीब सात महीने बाद अपने घर जिंदा लौट आया रामेश्वर

**जारी।**

जारी प्रखंड निवासी रमेश्वर महतो गांव के ही एक व्यक्ति के साथ दिसम्बर 2023 में अपने भाई के पास गोवा ट्रेन से जा रहा था। रास्ते में ही ट्रेन से गिर गया, इसकी जानकारी साथ मे जा रहे व्यक्ति ने दी थी। इसके बाद परिजन अपने स्तर से काफी खोजबीन की, लेकिन पता नही चला । तब से रामेश्वर महतो लापता हो गया था। उसे लेकर ग्रामीण तरह तरह की बात कर रहे थे कि जब ट्रेन से गिरा ,तो मर गया होगा। ग्रामीण परिवार को दाह संस्कार के लिए भी दबाव बना रहे थे,लेकिन परिजनों को उम्मीद थी कि वह नही मरा है, जरूर जिन्दा है। इसलिए दाह संस्कार करने से इन्कार करते रहे। रविवार सुबह 11 बजे बिटू नामक बस से रामेश्वर महतो उतरा, तो ग्रामीण उसे जिंदा देख हैरत में पड़ गये। रामेश्वर ने बताया कि उसे ट्रेन मे अच्छा नहीं लगने लगा तो ट्रेन से नीचे कूद गया। जिससे उसका सिर फट गया। कुछ देर तक बेहोश रहा। जब होश आया तो वह इधर उधर गांव खोजने लगा। वह पागल की तरह घूमने लगा । जहां खाना मिलता था खा लेते थे,नही मिलता था तो भूखे रहते थे। मुम्बई से वह पैदल चलकर उतर प्रदेश के प्रयागराज पहुंच गया। वहां बालकृष्ण यादव नामक व्यक्ति से भेंट हुआ । उसने उसे अपने घर में रखा और काम दिया ।जब वह

### गुमला में अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ की बैठक

**गुमला प्रतिनिधि।** कर्मचारियों के हक-अधिकार व सम्मान के संरक्षण को लेकर सक्रिय झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ की गुमला जिला इकाई संगठनात्मक मजबूती को लेकर आठ सिंतबर को जिलास्तरीय सम्मेलन करेगा। और विभिन्न प्रखंडो में पदास्थापित कर्मियों के हक-अधिकार को लेकर आंदोलन की रूप रेखा अख्तियार करेगा। रविवार को मुरारी प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में कर्मचारी महासंघ की बैठक आयोजित हुई। बैठक में पालकोट अंचल में पदास्थापित कर्मियों के पिछले चार महीने से लंबित वेतन भुगतान को लेकर नाराजगी व्यक्त की गयी। और इस मामले के निराकरण को लेकर महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने डीसी से मिलकर अपनी मांग रखने का फैसला लिया है। इससे पूर्व महासंघ के जिला सचिव भूषण कुमार ने सम्मानित सक्रीय सदस्यों के समक्ष अपनी बात रखी। सबों ने पदाधिकारियों के दमनात्मक कार्यशैली पर अपनी पीड़ा-व्यथा बयां किया। और पूरे प्रकरण के संज्ञान में होने के बावजूद वरीय पदाधिकारियों द्वारा कोई सार्थक पहल न किये जाने से पीड़ित महासंघ अब गोलबंद होकर आंदोलन की राह पर जाने के मूड में दिख रहा है।

### सांसद सुखदेव भगत के निर्देश पर हाथियों से प्रभावित परिवारों से मिले कांग्रेसी

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

विगत 15 -20 दिनों से लोहरदगा में हाथियों के द्वारा तांडव मचाया जा रहा है जिसके कारण कल एक युवक की मौत हो गई। कितने घर को हाथियों ने ध्वस्त कर दिया है। काफी किसानों के फसलों को भी हाथियों ने नष्ट कर दिया है। लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत मामला को गंभीरता से लिया है। उन्होंने कहा कि हाथियों के उत्पात से जनता परेशान है। लोग रतजगा कर रहे हैं। हाथियों को भगाने के लिए वन विभाग के अधिकारियों को त्वरित गति से काम करना चाहिए।हाथियों से जनता को जो भी नुकसान हुआ है उसका मुआवजा उन्हें दिलवाया जाएगा। कल हाथियों से बचकर भाग रहे तान गांव निवासी उमेश उरांव का कुआं में गिरने से मौत हो गई थी उसके प्रति सांसद ने संवेदना प्रकट किए हैं तथा उन्हें चार लाख का मुआवजा भी दिलाया जाएगा। सांसद की सारी बातों को कांग्रेस नेता आलोक कुमार साहू डीएफओ को अवगत कराते हुए इस पर शीघ्र कार्रवाई करने का आग्रह किये ।डीएफओ ने श्री साहू को बताया कि ग्रामीण संयम से रहे हाथियों को नहीं छेड़े ।प्रशासन हाथियों को भगाने के लिए प्रयासरत है तथा सभी प्रभावित लोगोंको मुआवजा दिया जाएगा ।शनिवार को कुडू प्रखंड के इटरा गांव में हाथियों ने दो परिवार सोनू उरांव एवं राजेंद्र उरांव का घर को ध्वस्त कर दिया था तथा उनका धान, गेहूं को भी खा गया था ।सांसद के निर्देश पर आलोक कुमार साहू इटरा गांव पहुंचकर हाथियों द्वारा ध्वस्त किये गये घर का मुआयना किया। तथा प्रभावित परिवारों से मिलकर उन्हें बताया कि संसद आपके साथ हैं आपकी समस्याओं का निदान किया जाएगा। श्री साहू ने मौके पर से ही डीएफओ से वार्ता कर शीघ्र मुआवजा देने की बात किए। श्री साहू ने प्रखंड विकास पदाधिकारी कुडू से वार्ता कर प्रभावित परिवारों को अबुआ आवास देने का आग्रह किये श्री साहू ने अंचलाधिकारी कुंडू से वार्ता कर शीघ्र क्षतिपूर्ति रिपोर्ट तैयार करने की बात कहें ।मौके पर लोहरदगा विधानसभा युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष लाल विकास नाथ शाहदेव, मनीष शर्मा ,महावीर भगत, महादेव भगत सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से किशोर घायल



**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित चैनपुर थाना क्षेत्र के खोपाटोली के समीप अज्ञात बोलेरो वाहन के धक्के से 13 वर्षीय आलोक तिग्गा, पिता प्रवीण तिग्गा गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। घटना में आलोक का पैर फ्रेक्चर हो गया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक आलोक तिग्गा चना खरीदकर अपने घर लौट रहा था। तभी सामने से आ रही बस को ओवरटेक करने के दौरान बोलेरो ने बच्चे को धक्का दे दिया और मौके से फरार हो गया। हांलाकि कुछ लोगों ने बोलेरो का पीछा भी किया लेकिन सफल नहीं हो पाए। इधर बच्चे की स्थिति को देखते हुए। चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

### महाविद्यालय में प्रथम त्रैमासिक परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में प्रारंभ



**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में 12वीं विज्ञान एवं कला की त्रैमासिक परीक्षा आरंभ हुओ परीक्षा का शुभारंभ गुमला विभाग निरीक्षक अखिलेश कुमार, महाविद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह और आचार्य दीदी जी के द्वारा भैया-बहनों को तिलक लगाकर और मुँह मीठा कर किया गयो 12वीं विज्ञान एवं कला की परीक्षा चार कक्षो में संचालित की गई महाविद्यालय में यह त्रैमासिक परीक्षा जैक द्वारा ली जाने वाली मुख्य परीक्षा के अनुरूप ही आयोजित की जाती है जिससे भैया बहनों को 12वीं की बोर्ड परीक्षा की तैयारी को विशेष बल मिले प्रथम दिवस में 12वीं कला की राजनीतिक विज्ञान और विज्ञान की भौतिकी की परीक्षा हुई यह परीक्षा चार दिनों तक चलेगी त्रैमासिक परीक्षा में सभी छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लियो परीक्षा को संपादित करने में सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं और छात्र-छात्राओं का महत्वपूर्ण योगदान रहो

### आचार्य विष्णु दत्त पांडेय अंतरराष्ट्रीय हिंदी परिषद, झारखंड प्रदेश के उपाध्यक्ष मनोनीत



**लोहरदगा।** सम्पूर्ण भारत वर्ष में हिन्दी के प्रचार प्रसार एवं हिन्दी को राष्ट्रीय भाषा घोषित कराने के अभियान में अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दी परिषद के संथापक, चेयरमैन ह्रदय नारायण मिश्रा के द्वारा विष्णु दत्त पाण्डेय का प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर मनोनयन किया गया। झारखंड प्रदेशाध्यक्ष सुरेश चंद्र तिवारी की अनुशंसा पर एवं झारखंड प्रदेश प्रभारी भगवत प्रसाद पांडेय एवं हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष आचार्य भगवती प्रसाद शुक्ल के प्रस्ताव पर अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष ह्रदय नारायण मिश्रा के द्वारा विष्णु दत्त पाण्डेय को प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया। श्री पांडेय ने संस्थापक अध्यक्ष का आभार प्रकट किया। विष्णु दत्त पांडेय शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में हिंदी विषय के आचार्य हैं। उनका निवास स्थान विद्या मंदिर के पड़ोस के मोहल्ले शारदा नगर में है। विष्णु दत्त पांडेय ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले से प्राप्त की। उन्होंने अपनी एमए बीएड की शिक्षा बनारस यूनिवर्सिटी से प्राप्त की। विष्णु दत्त पांडेय 1996 से विद्या मंदिर में कार्यरत हैं। अंतरराष्ट्रीय हिंदी परिषद के झारखंड प्रदेश के उपाध्यक्ष बनाए जाने पर विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, सचिव अजय प्रसाद, उपाध्यक्ष विनोद राय, कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, गुमला विभाग के विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, एवं विद्यालय के आचार्य बंधु भगिनी ने श्री पांडेय को हार्दिक बधाई दी है।

### मान्यता प्राप्त समस्त राजनीतिक दलों के साथ मतदान सूची से संबंधित बैठक संपन्न



**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित बसिया-निर्वाचक निबंधन अधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी बसिया की अध्यक्षता में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई बैठक में द्वितीय मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के बारे में बताया गया दिनांक आज से 24 जुलाई तक तक चलने वाले कार्यक्रम के दौरान बी एल ओ के द्वारा मतदाता सूची का घर-घर जाकर सत्यापन किया जाना है यदि किन्ही व्यक्ति का 18 साल या 18 साल से ऊपर आयु हो तो मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कर सकता है साथ ही मतदाता सूची में किसी मतदाता की मृत्यु हो गई हो तो वह प्रपत्र 7 भरकर मतदाता सूची से अपना नाम हटा सकता है। यदि मतदाता सूची में किन्हीं मतदाता का नाम मतदाता सूची में त्रुटि ही तो प्रपत्र 8 भरकर वह अपना नाम पता पिता पति का नाम फोटो सुधार कर सकते हैं

### सड़क दुर्घटना में वृद्ध महिला हुई घायल, अस्पताल में भर्ती

**सेन्हा-लोहरदगा।** सड़क दुर्घटना में सेन्हा की वृद्ध महिला घायल स्थानीय ग्रामीणों एवं परिजनों के मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद में कराया गया भर्ती घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस.सेन्हा थाना क्षेत्र के सेन्हा मेन रोड पर सोमवार को हुई सड़क दुर्घटना में सेन्हा निवासी स्वर्गीय खेदरु राम की 65 वर्षीय पत्नी दुलारी देवी मोटरसाइकिल के चपेट में आने से घायल हो गई.घटना के बाद स्थानीय ग्रामीण तथा परिजन घायल अवस्था मे वृद्ध महिला को सेन्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां चिकित्सक प्रभारी डॉ0 सजित आनंद के निगरानी में इलाज किया गया. बताया जाता है. कि पल्सर मोटरसाइकिल जे एच 08 एच 7036 पर घोड़टांगर टोली निवासी स्वर्गीय सतरंजन बड़ाइक के पुत्र राजेश बड़ाइक सहित तीन लोग लोहरदगा रेलवे स्टेशन से सवार हो घाघरा थाना क्षेत्र के घोड़टांगर टोली जा रहे थे.उसी दौरान सेन्हा मेन चौक में रास्ता को पार कर रही वृद्ध महिला दुलारी देवी को धक्का मार दिया. जिससे वृद्ध महिला के कंधा पैर में हल्की चोटें आई है.और माथे में अंदरूनी चोट बताया जा रहा है। फिलहाल खतरे से बाहर है।

## ट्रक के धक्के से बाइक सवार युवती की मौत, चालक गंभीर रूप से घायल

**गिरिडीह।** डुमरी थाना क्षेत्र के कुलगो के समीप सोमवार को एक ट्रक ने बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी. हादसे में बाइक पर सवार युवती की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक चला रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया । वहीं बाइक पर सवार एक किशोर को मामूली चोट आई है । बताया गया कि बरकट्ठा निवासी वीरेन्द्र साव (32) अपनी ससुराल जामतारा गया था । वहां से वह अपनी साली ममता कुमारी व साला सूरज कुमार (10 वर्ष) को लेकर बाइक से अपने रिश्तेदार के घर सोना पहाड़ी पूजा में शामिल होने जा रहा था । तभी बाइक ट्रक की चपेट में आ गई । ममता कुमारी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि वीरेन्द्र कुमार और उसका साला घायल हो गए । दोनों को 108 एंबुलेंस से डुमरी रेफरल अस्पताल ले जाया गया । डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायय बाइक चालक वीरेन्द्र को धनबाद रेफर कर दिया । वहीं पुलिस ने शव जांच-पड़ताल के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पाल भेज दिया ।

## स्वच्छता सामूहिक जिम्मेदारी, इसे दिनचर्या में शामिल करें : जीएम

**बोकारो।** सीसीएल कथारा क्षेत्र में इन दिनों स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है. जीएम (महाप्रबंधक) संजय कुमार ने सोमवार को स्वच्छता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ कथारा क्षेत्र की सभी परियोजनाओं, कॉलोनियों व आसपास के गांवों का भ्रमण कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जगरूक करेगा। जीएम ने कहा कि स्वच्छता सामूहिक जिम्मेवारी है। इसे हर किसी को अपनी दिनजर्या में शामिल करना चाहिए। जागरूकता रथ के माध्यम से कंपनी स्वच्छता का महत्व हर व्यक्ति तक पहुंचाना चाहती है । स्वच्छता केवल घरों और कार्यालयों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसे समाज का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए। कार्यक्रम का आयोजन सीएसआर उपप्रबंधक चंदन कुमार के द्वारा किया गया। कोयला मंत्रालय के दिशा-निदेशों के अनुसार स्वच्छता पखवाड़ा 30 जून तक मनाया जा रहा है। इस दौरान कर्मियों व आम लोगों के बीच स्वच्छता से संबंधित विभिन्न गतिविधियों और कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा । मौके पर एसओपी जयंत कुमार, एसओसी संजय कुमार, कथारा क्षेत्र के सुरक्षा प्रभारी सुनील कुमार, सीएसआर उपप्रबंधक चंदन कुमार, कामोद प्रसाद, सचिन कुमार, अनूप सोय, मो । निजाम अंसारी, आदि मौजूद थे ।

## बेरमो में बाइक के चकमा से पलटा ऑटो, एक यात्री की मौत



**बोकारो।** बेरमो थाना क्षेत्र के रामविलास हाई स्कूल के समीप सोमवार की सुबह एक ऑटो बाइक से चकमा खाकर अनियंत्रित होकर पलट गई । दुर्घटना में ऑटो पर सवार नावाडीह के आहरडीह निवासी शिवनंदन साव की घटनास्थल पर ही मौत हो गई । पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । घटना की सूचना मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और शव देख दहाड़ मारकर रो पड़े । स्थानीय लोगों ने उन्हें संभाला । हृदय विदारक दृश्य देख वहां मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं ।

## तोपचांची में जलसंकट, शोभा की वस्तु बनीं जलमीनारें

**धनबाद।** तोपचांची प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट गहरा गया है. जल जीवन मिशन के तहत प्रखंड की 28 पंचायतों में जलमीनार का निर्माण करवाया गया था, ताकि ग्रामीणों को गर्मी में पेयजल की किल्लत झेलनी नहीं पड़े । पीएचईडी की ओर से आनन-फानन में जलमीनार का निर्माण तो करवाया दिया गया, लेकिन ज्यादातार जल मीनारें शोभा की वस्तु बनी हुई हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल के लिए हाहाकार मचा हुआ है । लगातार मिल रही शिकायतों को देखते हुए प्रखंड प्रमुख आंनद महतो ने पंचायत समिति सदस्यों को जांच का आदेश दिया । सोमवार को तोपचांची प्रखंड उप प्रमुख हेमलाल महतो ने जलमीनारों का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकतर जलमीनार अपने मुख्य उद्देश्य से परे पाया । कहा कि जल मीनारों से जल ही गायब है । पीएचईडी अधिकारियों ने अधिकतर जलमीनारां को ड्राई बोरिंग में फिट कर कागजी खानापूर्ति कर ली है । हर जलमीनार गड़बड़ी पाई गई है । कई जगहों पर तो सिर्फ जलमीनार का स्ट्रक्चर खड़ा कर छोड़ दिया गया है । उन्होंने चेतावनी दी कि यदि विभाग ने दोषियों पर कार्रवाई नहीं की तो ग्रामीण आंदोलन करने को बाध्य होंगे ।

## दो शराब दुकान से 4.45 लाख कैश व शराब की दर्जनों बोतलें हुईं चोरी

**घाटशिला।** थाना क्षेत्र के गोपालपुर स्थित पुराना रेलवे फाटक के समीप एवं मऊभंडार ओपी क्षेत्र के मुख्य बाजार स्थित अंग्रेजी शराब दुकान से रविवार की देर रात चोरों ने 4.45 लाख कैश समेत कीमती शराब की दर्जनों बोतलों की चोरी कर ली. मामले की जानकारी तब मिली जब सुबह लोगों ने दुकान का ताला टूटा देखा । शराब दुकान में काम करने वाले सभी कर्मचारी पहुंचे और मामले की जानकारी पुलिस को दी । घाटशिला पुलिस ने मौका-ए-वारदात पर पहुंच कर देखा कि शराब बिक्री के पैसे जिस लॉकर में रखे जाते हैं चोर उस लॉकर को ही उखाड़ कर ले गए । लेकिन यह पता नहीं चल पाया कि कितनी पेटी शराब की बोतल लेकर चोर गया है । मऊभंडार में भी यही हाल है । बताया जाता है कि घाटशिला की शराब दुकान में दो दिन की बिक्री के करीब 3 लाख 10 हजार एवं मऊभंडार की शराब दुकान में एक लाख 35 हजार नगद जो लॉकर में रखा था उसे लेकर चोर चले गए । पुलिस मामले की गंभीरता को लेकर आसपास की सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि चोरी के कुछ सुराग का पता चल सके ।

## शपथ पत्र

मैं, मंजीत कुमार पासवान पिता सुरेश पासवान, ग्राम-टरिया, पोस्ट+थाना- तरहसी, वर्तमान पता- जीएलए कॉलेज गेट, नियर देवराज पब्लिक स्कूल डालटनगंज, पलामू, झारखंड का निवासी हूं। मैं शपथपूर्वक ब्यान करता हूं कि मेरा पुत्र रोहित कुमार संत जेवियर एकाडमी स्कूल के विद्यार्थी है। जिसमें पुत्र रोहित कुमार का जन्म तिथि में भूलवश 02.01.2011 तथा मेरा नाम मंजीत पासवान (Manjit Paswan) दर्ज हो है, जो कि गलत है। जबकि मेरे पुत्र का आधार कार्ड संख्या- 394505498902 में जन्म तिथि 02.10.2012 दर्ज है तथा मेरा नाम मंजीत कुमार पासवान (Manjeet Kumar Paswan) वास्तविक दर्ज है जो सही है।

**शपथ पत्र संख्या : 51/13961 दिनांक : 24/06/2024**

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, चतरा

### शुद्धि–पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि Advertisements PR 326773 Tender Reference No. WRD/MID/ CHATRA/ F2-01/2024-25 Date- 18.06.2024 कार्य से संबंधित है, के कुछ तिथियों में तकनीकी एवं अपरिहार्य कारणवश संशोधन किया जा रहा है जिसका विवरण निम्नवत है–

| क्रमांक | मद | पूर्व की तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि | 24.06.2024 | 01.07.2024 |
| 2 | वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय | 05.07.2024 at 5.00 pm | 11.07.2024 at 5.00 pm |
| 3 | निविदा खोलने की अंतिम तिथि एवं समय | 01.07.2024 at 5.00 pm | 12.07.2024 at 5.00 pm |

कार्यपालक अभियंता,
PR 327545 Minor Irrigation(24-25).D लघु सिंचाई प्रमण्डल, चतरा

## ओलंपिक दिवस पर खेल व चित्रांकन प्रतियोगिताएं हुईं आयोजित

**जमशेदपुर।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस 2024 के अवसर पर जिला खेल शाखा की ओर से शहर में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. जिसमें हैंडबॉल, वॉलीबॉल, एनसिएंट तथा मॉडर्न खेल पर आधारित प्रश्नोत्तरी और चित्रांकन प्रतियोगिताएं शामिल हैं।

## प्रपत्र VI 'क'
## समाहरणालय, गढ़वा (जिला भू–अर्जन शाखा, गढ़वा) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

### प्रारंभिक अधिसूचना
### (अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)
### अधिसूचना संख्या 464/भू0अ0,गढ़वा, दिनांक 18.06.2024

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–रोहड़ा, थाना नं0–127, थाना–रमकण्डा, अंचल–रमकण्डा, जिला–गढ़वा में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना रंका–रमकण्डा पथ (कुल लम्बाई 20.925 कि0मी0) का चौड़ीकरण एवं मजबुतीकरण का कार्य अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–रोहड़ा, थाना नं0–127, थाना–रमकण्डा, अंचल–रमकण्डा, जिला–गढ़वा में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश– **0.300** एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

| क्र. | खाता संख्या | सर्वे प्लॉट संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | पूरा पता सहित वर्तमान रैयत का नाम | सीमा (भूखंड सं) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 136 | 328 | रैयती | टॉड दो | 0.16 | 1 राजकुमार भुईयां पिता स्व0 कोदू भुईयां 2 पिंटु भुईयां पिता स्व0 विष्वनाथ भुईयां 3 बसंत भुईयां पिता स्व0 जवाहिर भुईयां 4 बुटाई भुईयां पिता नारायण भुईयां 5 राजेश भुईयां पिता राजमुनी भुईयां 6 विडियो कोरवा 7 जगेशर भुईयां पिता स्व0 जोकि भुईयां | रास्ता | 326 | 328 | 329 |
| 2 | 16 | 340 | रैयती | टॉड दो | 0.051 | मंजूर मंसूरी पिता इब्राहिम मंसूरी | 339 | 341 | 850 | रास्ता |
| 3 | 140 | 342 | रैयती | टॉड दो | 0.085 | 1 नन्हक मियां पिता सेखावत मियां 2 रटु मियां पिता सेखावत मियां 3 समसाद मंसूरी पिता बसारत मंसूरी | 341 | 345 | 346 | रास्ता |
| 4 | 12 | 343 | रैयती | टॉड दो | 0.004 | हुसैनी मियॉ पिता बसारत मंसूरी | 342 | 345 | 345 | 344 |
| कुल :– | | | | | 0.300 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम,2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा और उनके अमीन फैजुल्लाह अंसारी, को प्राधिकृत करता हूँ।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

झारखण्ड सरकार, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, (भू–अर्जन निदेशालय) रॉची, झारखण्ड की अधिसूचना संख्या सं0सं0–08/08/भू0अ0नि0(अधिनियम)–129/2017/नि0रा, दिनांक 09.10.2018 के आलोक में यह परियोजना सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन की कार्यवाही से मुक्त है।

PR.NO.327432 District(24-25):D

उपायुक्त, गढ़वा।

## प्रपत्र VI 'क'
## समाहरणालय, गढ़वा (जिला भू–अर्जन शाखा, गढ़वा) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

### प्रारंभिक अधिसूचना
### (अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)
### अधिसूचना संख्या 466/भू0अ0,गढ़वा, दिनांक 18.06.2024

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि **ग्राम–केरवा**, थाना नं0–128, थाना–रमकंडा, अंचल–रमकंडा, जिला–गढ़वा में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना **रंका–रमकण्डा पथ (कुल लम्बाई 20.925 कि0मी0) का चौड़ीकरण एवं मजबुतीकरण** का कार्य अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि **ग्राम–केरवा**, थाना नं0–128, थाना–रमकंडा, अंचल–रमकंडा, जिला–गढ़वा में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश– **0.891** एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

| क्र. | खाता संख्या | सर्वे प्लॉट संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | पूरा पता सहित वर्तमान रैयत का नाम | सीमा (भूखंड सं) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 23 | 410 | रैयती | टॉड़ दो | 0.04 | रेका कोरवा पिता गेयार कोरवा बंधिका रामनाथ ठाकुर पिता केदार ठाकुर | रास्ता | 409 | 411 | 410 |
| 2 | 34 | 521 | रैयती | टॉड़ दो | 0.04 | विजय यादव पिता वंशीधर यादव | 520 | रास्ता | रास्ता | 522 |
| 3 | 37 | 522 | रैयती | टॉड़ दो | 0.031 | 1 विजय यादव 2 भारदुल यादव पिता स्व0 वंशीधर यादव | 518 | 523 | रास्ता | 512 |
| 4 | 34 | 523 | रैयती | टॉड़ दो | 0.037 | भारदुल यादव पिता स्व0 वंशीधर यादव | 522 | 524 | रास्ता | 526 |
| 5 | 18 | 524 | रैयती | मकान मय सहन | 0.084 | विनोद यादव पिता स्व0 वंशीधर यादव | 523 | रास्ता | रास्ता | 525 |
| 6 | 42 | 525 | रैयती | टॉड़ दो | 0.079 | 1 जीतनारायण यादव 2 विनोद यादव पिता स्व0 वंशीधर यादव | 526 | रास्ता | 524 | 529 |
| 7 | 36 | 702 | रैयती | टॉड़ दो | 0.06 | 1 षिवलाल भुईयां पिता स्व0 बंधन भुईयां राजकुमार भुईयां पिता स्व0 बेलास भुईयां | रास्ता | 698 | रास्ता | 699 |
| 8 | 59 | 698 | रैयती | टॉड़ दो | 0.064 | 1 राजेश यादव 2 शिवशंकर यादव 3 जीतनारायण यादव पिता स्व0 वंशीधर यादव | 702 | 697 | रास्ता | 694 |
| 9 | 26 | 681 | रैयती | धान दो | 0.006 | गफ्फार मियां पिता ओजाह मियां | 680 | रास्ता | 680 | 680 |
| 10 | 71 | 707 | रैयती | टॉड़ दो | 0.013 | नरेश कोरवा पिता स्व0 जोदड कोरवा | रास्ता | 708 | 707 | 705 |
| 11 | 18 | 717 | रैयती | मकान मय सहन | 0.01 | दुखन कोरवा पिता दिलदान कोरवा के वंशज | 704 | 719 | 719 | रास्ता |
| 12 | 18 | 719 | रैयती | टॉड़ दो | 0.055 | 1 शेवधर यादव 2 देवेन्द्र यादव 3 विनोद यादव पिता फागु यादव | 717 | रास्ता | 716 | रास्ता |
| 13 | 15 | 740 | रैयती | टॉड़ दो | 0.058 | अकलू सिंह पिता रामप्रसादसिंह | रास्ता | 739 | रास्ता | 742 |
| 14 | 31 | 742 | रैयती | टॉड़ दो | 0.064 | भोला यादव पिता भगवान यादव | रास्ता | 749 | 740 | 741 |
| 15 | 37 | 745 | रैयती | टॉड़ दो | 0.011 | सत्यनारायण यादव पिता स्व0 वंशीधर यादव | 744 | रास्ता | 746 | रास्ता |
| 16 | 13 | 764 | रैयती | टॉड़ दो | 0.044 | शिवनायण यादव पिता रामवृक्ष यादव | रास्ता | 765 | 761 | रास्ता |
| 17 | 13 | 765 | रैयती | टॉड़ दो | 0.02 | मनोज यादव पिता स्व0 रामदास यादव | 764 | 766 | 761 | रास्ता |
| 18 | 13 | 766 | रैयती | मकान मय सहन | 0.019 | 1 मनोज यादव पितास्व0 रामदास यादव 2 विपती कुंवर पति स्व0 रामदास यादव | 765 | 767 | 765 | रास्ता |
| 19 | 13 | 767 | रैयती | टॉड़ दो | 0.034 | विपती कुंवर पति स्व0 रामदास यादव | 766 | 768 | 761 | रास्ता |
| 20 | 42 | 459 | रैयती | टॉड़ दो | 0.004 | पुरन चौधरी पिता रामदेनी चौधरी | 458 | रास्ता | 455 | 458 |
| 21 | 42 | 460 | रैयती | धान् दो | 0.004 | पुरन चौधरी पिता रामदेनी चौधरी | 460 | रास्ता | रास्ता | 460 |
| 22 | 42 | 461 | रैयती | टॉड़ दो | 0.063 | पुरन चौधरी व विगन चौधरी पिता रामदेनी चौधरी | 460 | रास्ता | रास्ता | 461 |
| 23 | 47 | 432 | रैयती | टॉड़ दो | 0.029 | चन्दन चौरसिया संजय चौरसिया वगैरह पिता स्व0 रामराज चौरसिया | रास्ता | 428 | 199 | रास्ता |
| 24 | 42 | 415 | रैयती | धान् दो | 0.004 | रामलाल कोरवा पिता रेका कोरवा | रास्ता | 414 | 416 | 412 |
| 25 | 42 | 412 | रैयती | धान् दो | 0.012 | रामलाल कोरवा पिता रेका कोरवा | रास्ता | 413 | 415 | 411 |
| 26 | 42 | 411 | रैयती | धान् दो | 0.006 | तिलक देवार पिता वृज देवार वंधिका भारदुल यादव पिता स्व0 वंशीधर यादव | रास्ता | 407 | 412 | 410 |
| कुल :– | | | | | 0.8910 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम,2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा और उनके अमीन फैजुल्लाह अंसारी, को प्राधिकृत करता हूँ।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

झारखण्ड सरकार, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, (भू–अर्जन निदेशालय) रॉची, झारखण्ड की अधिसूचना संख्या सं0सं0–08/08/भू0अ0नि0(अधिनियम)–129/2017/नि0रा, दिनांक 09.10.2018 के आलोक में यह परियोजना सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन की कार्यवाही से मुक्त है।

PR 327414 District(24-25)#D

उपायुक्त, गढ़वा

## झारखण्ड सरकार
## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
## उद्यान निदेशालय, झारखण्ड
### कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, लोहरदगा, प्रखण्ड उद्यान नर्सरी परिसर, लोहरदगा– 835302

### आम सूचना

झारखण्ड सरकार, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग) के विभागीय राज्यादेश सं0–11 दिनांक–17.05.2024के आलोक में कृषक भाईयों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में केन्द्रीय प्रायोजित कृषोन्नति योजना - Mission for Integrated Development of Horticulture (MIDH) अन्तर्गत National Bamboo Mission (NBM) योजना कार्यान्वयन लोहरदगा जिला में निम्नांकित रूप से किया जाना है। जिसके लिए योजनानुसार अवयवार निर्धारित अनुदान पर योजना का लाभ प्रदान किया जाना है। इच्छुक कृषक/स्वयं सहायता समूह/कृषक उत्पादक समूह (FPO)/सहकारी समिति/सखीमण्डल, जो इस योजना का लाभ लेना चाहते हैं, वे अपना आवेदन स्थानीय माननीय जनप्रतिनिधि से अनुसंशित कराकर दिनांक **12.07.2024** तक कार्यालय अवधि में जिला उद्यान कार्यालय, प्रखण्ड उद्यान नर्सरी परिसर,लोहरदगा में जमा कर सकते हैं।

| क्र0 सं0 | कार्य अवयव | भौतिक लक्ष्य (हेक्टेयर) |
|---|---|---|
| 1 | कृषकों के निजी भूमि पर बॉस रोपण का कार्य | 06 Ha. |

नोट :–
1. योजना के क्रियान्वयन में पिछले तीन वर्षों में जिन लाभुक या उनके परिवार का चयन नहीं किया गया है, केवल उन्हीं का चयन किया जायेगा।
2. योजना के क्रियान्वयन में पूर्व से बॉस रोपण/बॉस से निर्मित वस्तुओं का उत्पादन करने वाले कृषकों को चयन में प्राथमिकता दी जायेगी।
3. ST, SC, टाना भगत, किसान उत्पादक संगठनों (FPOs)एवं Marginal Farmersका नियमानुसार प्राथमिकता के आधार पर चयन किया जायेगा। साथ ही महिला कृषकों को चयन में प्राथमिकता दी जायेगी।
4. इस योजना का कार्यान्वयन एवं अनुश्रवण जिला एवं राज्य स्तर पर एन0बी0एम0 मार्गदर्शिका में निहित प्रावधानों के अनुसार किया जायेगा।
5. आवेदन कार्यालय में पूर्ण रूपेण भरा हुआ दिनांक 12.07.2024 तक जमा किया जाना है, उसके बाद आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।
6. आवेदन स्थानीय माननीय जनप्रतिनिधि/पंचायत प्रतिनिधि के द्वारा सत्यापित होना आवश्यक है।
7. कार्यालय अवधि में ही आवेदन पत्र निःशुल्क उपलब्ध है।
8. अपूर्ण आवेदन स्वतः रद्द समझा जायेगा।
9. योजना के संदर्भ में विशेष जानकारी हेतु प्रखण्ड स्तर पर **BAO/BTM/ATM/VLW**/उद्यान मित्र/ कृषक मित्र एवं जिला स्तर पर कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, लोहरदगा से सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला उद्यान पदाधिकारी,
लोहरदगा

PR 327504 Lohardaga(24-25)#D

## कार्यालय जिला परिषद, पलामू
**Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com**

### दुकान आवंटन हेतु आम डाक सूचना।

दिनांक 02.12.2023 को संपन्न जिला परिषद बोर्ड की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में एतद् द्वारा निम्नांकित प्रखण्डों में अवस्थित जिला परिषदीय रिक्त दुकान के आम डाक के माध्यम से आवंटन हेतु पलामू जिले के प्रमुख एवं लोकप्रिय समाचार पत्र के माध्यम से इच्छुक व्यक्तियों से विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है :–

| क्र0 | प्रखण्ड | | रिक्त दुकान सं0 | कुल रिक्त दुकान | वार्षिक किराया दर प्रति दुकान | जमानत की राशि | डाक की न्यूनतम राशि (Non Refundable) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | नीलाम्बर–पीताम्बरपुर | भूतल | NR-6, NR-7, NR-8 | 03 | 8640.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 2 | नीलाम्बर–पीताम्बरपुर | भूतल | NL-7 | 01 | 8640.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 3 | नीलाम्बर–पीताम्बरपुर | भूतल | WS-7, WS-14 | 02 | 8640.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 4 | नीलाम्बर–पीताम्बरपुर | भूतल | S-1, S -3, S -5, S -6, S -9, S-14 | 06 | 8640.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 5 | सतबरवा | भूतल | C-04 | 01 | 8640.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| | | | कुल :– | 13 | | | |

1. आवेदन पत्र बिक्री की तिथि :–24.06.2024 से 02.07.2024 तक
2. आवेदन पत्र बिक्री का स्थान :–कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
3. आवेदन पत्र का शुल्क (प्रत्येक दुकान के लिए अलग–अलग) :– 15000.00 (पन्द्रह हजार) रूपये मात्र।
4. आवेदन पत्र जमा करने की तिथि :– 24.06.2024 से 03.07.2024 तक
5. आवेदन पत्र जमा करने का स्थान :– कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
6. डाक की तिथि व समय :– 04.07.2024 को 11:00 बजे अपराह्न
7. डाक का स्थान :– Block-C DRDA, सभाकक्ष, पलामू।
8. आवेदन पत्र के साथ संलग्न कागजात :–वैद्य पहचान पत्र (आधार कार्ड), स्थानीय प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट साइज फोटो

**नोट 1:–** दुकान का आवंटन खुली डाक द्वारा नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से की जायेगी जिसमें सर्वोच डाकवक्ता को दुकान आवंटित किया जायेगा। डाक कॉलम संख्या– 7 में अंकित एकमुस्त Non Refundable राशि के आधार पर किया जायेगा। डाक में दो बोली के बीच की अन्तर राशि न्यूनतम 5000.00 (पाँच हजार) रूपये होगी। डाक समाप्ति के पश्चात संपूर्ण डाक राशि राशि (Non Refundable) 24 घंटा के अन्दर जमा करना होगा उसके उपरांत आवंटियों की सूची जारी की जायेगी।

**नोट 2:–** दुकान आवंटन हेतु निर्धारित शर्त से संबंधित विस्तृत आम सूचना पलामू NIC के Website- www.palamu.nic.in, कार्यालय जिला परिषद, पलामू एवं संबंधित प्रखण्ड कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त –सह–
मुख्य कार्यापालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू।

PR.NO.327459 District(24-25):D

## कार्यालय–भूमि संरक्षण पदाधिकारी, चतरा
जिला संयुक्त कृषि भवन तपेज, पोस्ट तपेज जिला–चतरा
Pin No. 825401, E-mail-id chatrasco@gmail.com

### वित्तीय वर्ष 2024–25 में जलनिधि योजनान्तर्गत डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक निर्माण हेतु कृषको के लिए आम सूचना।

झारखण्ड राज्य योजनान्तर्गत कृषि को बढ़ावा देने, के लिए मानसुन पर कृषकों को निर्भरता कम करने हेतु विभिन्न श्रोतों से सिंचाई की समूचित व्यवस्था हेतु जलनिधि योजनान्तर्गत **डीप बोरिंग** एवं **परकोलेशन टैंक निर्माण की योजना** जिससे कृषि योग्य भूमि को सिंचित और बहुफसलीय कृषि को बढ़ावा दिया जा सके।

**कृषक/संस्था का चयन**

(1) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/लधु/सीमांत कृषक/महिला कृषकों/ईच्छुक कृषकों का चयन प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा।
(2) जिन कृषकों को पूर्व में डीप बोरिंग, सिचांई पम्प एवं परकोलेशन टैंक निर्माण का लाभ प्राप्त हो चुका है, उनकी पात्रता जलनिधि योजना के लिए मान्य नही होगी।
(3) योजना के कार्यान्वयन में त्रिस्तरीय पंचायती राज्य व्यवस्था की सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी एवं योजना बनाओं अभियान/विशेष ग्राम–सभा के तहत चयनित योजनाओं तथा माननीय स्थानीय विधायक की अनुशंसा को प्राथमिकता दिया जायेगा।

**आवेदन पत्र की प्राप्ति**

(I) **भूमि संरक्षण पदाधिकारी, चतरा** के लिए निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध सुपात्र कृषकों से विहित प्रपत्र–I में आवेदन प्राप्त किया जायेगा।
(II) कार्यालय–भूमि संरक्षण पदाधिकारी, चतरा (**जिला संयुक्त कृषि भवन तपेज, पोस्ट–तपेज, जिला चतरा**) से कार्यालय अवधि में निःशूल्क आवेदन–पत्र प्राप्त किया जा सकता है।
(III) आवेदन–पत्र का प्रारूप विभागीय वेबसाईट www.jharkhand.gov.in/agri. एवं www.Sameti.org पर भी उपलब्ध है।

**आवेदन–पत्र निम्न कागजातों के साथ विज्ञापन प्रसारण के बाद से ही दिनांक 05.07.2024 तक कार्यालय अवधि में भूमि संरक्षण कार्यालय, चतरा (जिला संयुक्त कृषि भवन तपेज, पोस्ट– तपेज, जिला चतरा) में जमा लिया जायेगा।**

1. संबंधित योजना ग्राम–सभा/विशेष ग्राम से पारित होनी चाहिए एवं पारित ग्राम–सभा की छाया प्रति मुखिया द्वारा अभिप्रमाणित होना चाहिए।
2. जिस स्थल पर डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक का कार्यान्वयन होगा उस रैयती भूमि का खाता सं0, प्लॉट सं0, रकबा, का भूमि प्रतिवेदन अंचलाधिकारी द्वारा मान्य होगा।
3. विभागीय स्वीकृत्यादेश के विभिन्न मापदण्डो/कंडिकाओ का अनुपालन किया जायेगा।

**(1) डीप बोरिंग की योजनाः–**

| कार्य योजना | पात्रता | अनुदान की राशि: अनुमानित योजना लागत प्रति इकाई | अधिकतम अनुदान की राशि | कृषक समूह का अंशदान की राशि |
|---|---|---|---|---|
| योजना अंतर्गत 6 ईंच Diameter Deep Boring, Submersible Pump 1.5 HP, आवश्यक Accessories एवं संस्थापन (Installation) के साथ लक्ष्य OSP-33 SCSP-- 29 | योजना लधु एवं सीमांत कषक समूहों के लिए लागु होगा। विभागीय मार्गदर्शन के आलोक में विधिवत पानी पंचायत का गठन कर इसका कार्यान्वयन कराया जायेगा। समिति के सदस्यों के पास कलस्टर में न्यूनतम 05 एकड़ भूमि होना अनिर्वाय होगा। | 3.50 लाख | 90 प्रतिशत (3.15 लाख) | 10 प्रतिशत (0.35 लाख) |

**(2) परकोलेशन टैंक की योजना।**

| कार्य योजना | पात्रता | अनुदान की राषि: अनुमानित योजना लागत प्रति इकाई | अधिकतम अनुदान की राशि | कृषक समूह का अंशदान की राशि |
|---|---|---|---|---|
| Length of percolation tank 120ft. width of percolation tank 100ft. Depth of percolation tank 12ft. Length of Bound-370ft side slope-1:1 लक्ष्य OSP-108 SCSP-80 | योजना लधु एवं सीमांत कषक समूहों के लिए लागु होगा। विभागीय मार्गदर्शन के आलोक में विधिवत पानी पंचायत का गठन कर इसका कार्यान्वयन कराया जायेगा। समिति के सदस्यों के पास कलस्टर में न्यूनतम 10 एकड़ भूमि होना अनिर्वाय होगा। | 4.30 लाख | 90 प्रतिशत (3.87 लाख) | 10 प्रतिशत (0.43 लाख) |

| क्र0 | प्रखण्ड का नाम | डीप बोरिंग OSP | डीप बोरिंग SCSP | परकोलेशन टैंक OSP | परकोलेशन टैंक SCSP | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चतरा | 4 | 4 | 14 | 10 | प्रखण्डवार लक्ष्य के अनुरूप आवेदन अप्राप्त रहने की स्थिति में लक्ष्य की प्राप्ति अन्य प्रखण्डों से कर लिया जायेगा। |
| 2 | हण्टरगंज | 6 | 5 | 19 | 15 | |
| 3 | कान्हाचट्टी | 3 | 2 | 9 | 7 | |
| 4 | प्रतापपुर | 4 | 3 | 9 | 9 | |
| 5 | कुन्दा | 2 | 2 | 7 | 4 | |
| 6 | सिमरिया | 2 | 2 | 8 | 6 | |
| 7 | टण्डवा | 2 | 2 | 8 | 6 | |
| 8 | मयूरहण्ड | 3 | 2 | 8 | 6 | |
| 9 | पथलगडा | 1 | 1 | 3 | 2 | |
| 10 | गिद्वौर | 1 | 1 | 3 | 2 | |
| 11 | लावालौंग | 2 | 2 | 8 | 5 | |
| 12 | ईटखोरी | 3 | 3 | 12 | 8 | |
| | कुलः– | 33 | 29 | 108 | 80 | |

PR 327552 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(24-25)#D


भूमि संरक्षण पदाधिकारी,
चतरा

# जी 7 का सदस्य बनेगा भारत ?

***देश*** में विपक्ष पीएम मोदी को कटु आलोचक है पर सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री मोदी के साथ इतालवी प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी की सेल्फी में वह बहुत खुश और अभिभूत हैं। हमारे सत्तर वर्षीय प्रधानमंत्री ने अलग-अलग तरह के वैश्विक नेताओं के साथ गर्मजोशी, मिलनसारिता और व्यक्तिगत रिश्ते बनाने में अनूठी महारत दल है। उन्हें केवल आउटरीच सेशन में भागीदारी के लिए आमंत्रित किया गया था, लेकिन सामूहिक तस्वीर लेते वक्त उन्हें प्रमुखता से केंद्र में रखा गया। संक्षेप में कहें, तो उनके प्रति काफी सम्मान और शिष्टाचार दशार्या गया। और हो भी क्यों नहीं? अमेरिका और फ्रांस के राष्ट्रपतियों तथा ब्रिटिश एवं कनाडा के प्रधानमंत्रियों (जनमत सर्वेक्षणों में जिनकी लोकप्रियता घट गई है और अनिश्चित राजनीतिक भविष्य का सामना कर रहे हैं) की तुलना में मोदी ने भारत में तीसरी बार प्रधानमंत्री बनकर इतिहास रच दिया है, हालांकि उनकी अपनी पार्टी लोकसभा चुनाव में उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाई। इस अवसर का लाभ उठाते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कई ऐसे मुद्दे उठाए, जो न सिर्फ भारत के लिए, बल्कि पूरी दुनिया के लिए महत्वपूर्ण हैं। एआई और ऊर्जा, अफ्रीका एवं भूमध्यसागर पर जी-7 के आउटरीच सेशन में उन्होंने कई विषयों पर प्रकाश डाला, मुख्य रूप से मानव प्रगति में प्रौद्योगिकी के व्यापक उपयोग पर। मानव जीवन के विभिन्न पहलुओं में प्रौद्योगिकी के उदय ने साइबर सुरक्षा के महत्व की भी पुष्टि की है। उन्होंने यह भी बताया कि भारत अपनी विकास यात्रा के लिए किस तरह से एआई का लाभ उठा रहा है। यह जरूरी है कि एआई पारदर्शी, सुरक्षित, सुलभ और जिम्मेदार बना रहे। जहां तक ऊर्जा का सवाल है, भारत का दृष्टिकोण उपलब्धता, पहुंच, सामर्थ्य और स्वीकार्यता पर आधारित है। हम निर्धारित समय से पहले अपनी कॉप प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए काम कर रहे हैं। भारत लाइफ (एलआईएफई) मिशन के सिद्धांतों के आधार पर हरित युग की शुरूआत करने के लिए काम कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने धरती को और अधिक टिकाऊ बनाने के लिए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान पर भी प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री मोदी ने दावा किया कि समय से पहले कॉप प्रतिबद्धताओं को पूरा करने वाला भारत पहला देश होगा और यह 2070 तक नेट जीरो का लक्ष्य पाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा है। सितंबर, 2023 में जी-20 की अध्यक्षता के दौरान अफ्रीकी यूनियन को उसका पूर्ण सदस्य बनवाने के भारत के प्रयासों का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने ग्लोबल साउथ की भलाई के लिए बोलने और विश्व मंच पर अपनी प्राथमिकताओं और चिंताओं को व्यक्त करने की प्रतिबद्धता दोहराई। भारत-इटली के बीच रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए उन्होंने भारत-प्रशांत और भूमध्यसागरीय क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने की आशा व्यक्त की। पिछले दो दशक से ज्यादा समय से हम सुन रहे हैं कि द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद जन्मी मौजूदा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) आज दुनिया की वास्तविकताओं को नहीं दर्शाती और उसकी समस्याओं का समाधान करने में अक्षम है। यही बात जी-7 के साथ लागू होती है, जिसकी स्थापना 1975 में दुनिया के सबसे बड़े औद्योगिक लोकतंत्रों (अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान) के एक अनौपचारिक समूह के रूप में तेल संकट, वित्तीय संकट और मंदी से निपटने के लिए की गई थी। इस समूह में कनाडा 1975 में शामिल हुआ। इसका न तो मुख्यालय है, न सचिवालय और न ही चार्टर। इसकी अध्यक्षता बारी-बारी से हर साल सदस्य देशों द्वारा की जाती है। मौजूदा अध्यक्ष एजेंडा निर्धारित करता है और गैर-सदस्य देशों को उचित समझकर आमंत्रित करता है। पिछले कुछ वर्षों में मुद्रास्फीति और अन्य आर्थिक चिंताओं के अलावा जलवायु परिवर्तन, अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा, ऊर्जा सुरक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और प्रवासन जैसे कई मुद्दे जी-7 की चर्चाओं में प्रमुखता से शामिल रहे हैं। जी-7 देशों की कुल जीडीपी, जो विश्व की जनसंख्या का मात्र 10 फीसदी है, 463 खरब डॉलर है। आईएमएफ के अनुसार, 2023 में यह वैश्विक जीडीपी का 26.4 फीसदी रह गया है, जबकि 2000 में यह 40 फीसदी था। हालांकि वर्तमान में ब्रिक्स की जीडीपी लगभग 260 खरब डॉलर होने का अनुमान है। गोल्डमैन सैक को लगता है कि 2050 तक ब्रिक्स जी-7 की जीडीपी से आगे निकल सकता है!

इन दिनों

# ऊंचाई पर शेयर मार्केट पर खरीद को समर्थन नहीं



शशांक भारद्वाज

***पिछले*** सप्ताह भारतीय शेयर मार्केट ने चार दैनिक सत्रों में तीन में नई ऐतिहासिक ऊंचाई बनाई परंतु इस ऊंचाई के समर्थन में खरीद नहीं देखी गई, इस ऊंचाई को बेचा ही गया। इसलिए बड़ा ब्रेक आउट नहीं आया। शुक्रवार को निफ्टी ने 23667 अंक की नई ऊंचाई अवश्य बनाई परंतु बंदी इस ऊंचाई से 166 अंक नीचे 23501 पर दी। यह गुरुवार की बंदी 23567 से भी 66 अंक नीचे थी। यह ऊंचे स्तरों पर बिकवाली का संकेत है तथा एक सतत संकेत दिखा है। जब तक इस विक्रय को आत्मसात नही किया जाता, मार्केट में इन स्तरों से बड़ी तेजी आने की संभावना कम ही है। एक बार निफ्टी की नई ऊंचाई छूने के पश्चात 100 अंक और ऊपर बंद होने से फिर एक बड़ी तेजी देखी जा सकती है। भारतीय शेयर मार्केट के लिए तात्कालिक आधार पर दो महत्वपूर्ण घटनाक्रम लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव तथा केंद्रीय बजट है। लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव भाजपा तथा उनके सहयोगी दलों में मध्य संबध को और अधिक स्पष्ट करेगा, बजट भारतीय अर्थव्यवस्था पर सरकार की नीतियों को स्पष्ट करेगा। दोनों का शेयर मार्केट पर बड़ा प्रभाव पड़ सकता है। यदि दोनो मार्केट के लिए अनुकूल रहे तब फिर एक बहुत अच्छी चाल दिख सकती हैं। आर्थिक कारक, शेयर मार्केट में धन का प्रवाह, भारतीय अर्थव्यवस्था को अच्छी श्रेणी, कंपनियों के लाभ में 20 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान आदि शेयर मार्केट के लिए सकारात्मक तथा उत्साहजनक बने हुए हैं। मोदी सरकार के लिए राजनीतिक रूप से अभी तक तो कोई नकारात्मक बात आयी नही है। आर्थिक क्षेत्र में भी सरकार गतिशील दिख रही है। जीएसटी परिषद की बैठक के निर्णय ऐसा ही संकेत कर रहे हैं।पिछली तिथि से कर, अर्थदंड में छूट दी गई है।कुछ वस्तुओं पर भी जीएसटी दर में संशोधन किया गया है। सरकार खुले हृदय से व्यापार को प्रोत्साहन के लिए कार्य करने की प्रवृत्ति जारी रखती दिख रही है। शेयर मार्केट के लिए यह एक



**भारतीय शेयर मार्केट के लिए तात्कालिक आधार पर दो महत्वपूर्ण घटनाक्रम लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव तथा केंद्रीय बजट है। लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव भाजपा तथा उनके सहयोगी दलों में मध्य संबध को और अधिक स्पष्ट करेगा, बजट भारतीय अर्थव्यवस्था पर सरकार की नीतियों को स्पष्ट करेगा। दोनों का शेयर मार्केट पर बड़ा प्रभाव पड़ सकता है। यदि दोनो मार्केट के लिए अनुकूल रहे तब फिर एक बहुत अच्छी चाल दिख सकती हैं।**

अच्छा संकेत ही है। जीएसटी चोरी रोकने के लिए भी कुछ उपायों की घोषणा की गई है। इससे जीएसटी संग्रह में अच्छी बढ़ोतरी हो सकती है क्योंकि अभी भी अर्थव्यवस्था में काले धन का प्रचलन माना जा रहा है। जीएसटी संग्रह बढ़ने से सरकार का धन सामर्थ्य तो बढ़ेगा ही, आधारभूत संरचनाओं के विकास के लिए भी धन की उपलब्धता बढ़ेगी। इससे अर्थव्यवस्था को भी अधिक गति मिलेगी। विगत सप्ताह संस्थागत निवेशकों के निवेश के आंकड़े बहुत रुचिकर थे। बुधवार तथा गुरुवार, दोनो दिन विदेशी तथा घरेलू संस्थागत निवेशकों ने मिलकर नकद संभाग में क्रमशः 4125 करोड़ रूपए एवं 15016 करोड़ रुपए के शेयर क्रय किए। जून माह में 21 जून तक विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने भी 12170 करोड़ रूपए के शेयर खरीदे जबकि उन्होंने मई में 25586 करोड़ रूपए के शेयर बेचे थे। इन सारी खरीदारी के पीछे बिकवाली उच्च आय वर्ग वाले भारतीय निवेशकों की रही होगी। उनके हाथों से इतनी बड़ी राशि के शेयरों का अपेक्षाकृत शक्तिशाली हाथों में जाना मार्केट की शक्ति के लिए अच्छा ही है। ऐसा भी लग रहा है कि चुनाव परिणामों के पश्चात मोदी सरकार की वापसी से विदेशी निवेशक भारतीय शेयर मार्केट में पुनः खरीदार बन रहें हैं। घरेलू संस्थागत निवेशक तो लगभग सतत क्रय कर ही रहें हैं। तो शेयरों की मांग के आपूर्ति से अधिक बने रहने की अच्छी संभावना है। शेयर मार्केट का विस्तार भी अच्छा हो रहा है। इस वर्ष एक लाख करोड़ रुपए के आईपीओ आने की संभावना है। महाराष्ट्र के बाद कोई दूसरा राज्य 1 करोड़ निवेशकों का बना है तो वो उत्तर प्रदेश है जिसे वित्तीय उत्पाद जागरूकता में किसी समय अग्रणी नहीं समझा जाता था। 2010 में तो मात्र 7 लाख निवेशक उत्तर प्रदेश में थे। भारत की युवा पीढ़ी शेयर निवेश के प्रति अधिक आशान्वित हो रही है, शेयरों में अपना निवेश बढ़ा रही है। भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा घरेलू उड्डयन मार्केट बन गया है। विमान कंपनिया 1000 नए विमान क्रय कर रही है। सरकारी कंपनिया बिक्री से ले कर लाभ के मोर्चे पर अच्छा प्रदर्शन कर रहीं हैं। इससे संपत्ति का अच्छा प्रतिफल प्राप्त हो रहा है, देश की अर्थव्यवस्था में लग रहा है। बजट को ले कर भी विचार विमर्श प्रारंभ हो गया है। मोदी सरकार उद्योग व्यापार को प्रोत्साहन का महत्व समझती है, अतः बजट के इस दिशा के होने की पूरी आशा है। दीर्घ अवधि के पूंजीगत लाभ पर कर बढ़ाने की आशंकाएं जताई जा रहीं हैं। ऐसा होने पर शेयर मार्केट में निवेश कम आकर्षक होगा परंतु लगता नही कि सरकार कोई ऐसा पग उठाएगी। शेयर मार्केट को अच्छा बने रहने देना सरकार के लिए आवश्यक भी है ताकि पूंजी निर्माण की प्रक्रिया में कोई बाधा नहीं आए। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 85 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर हो गया है। यह भारत के लिए अच्छा नहीं है यद्यपि सिटी बैंक तो इसके 2025 के 60 डॉलर तक नीचे जाने की भविष्यवाणी कर रहा है। ऐसा होता है तो यह भारत के लिए बहुत सकारात्मक होगा। दीर्घ अवधि में भारत के चीन यहां तक कि अमेरिका से भी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की बात कहने जाने लगी है। अर्थव्यवस्था जितनी विशाल होगी, शेयर मार्केट का पूंजीकरण भी उतना ही विशाल होगा। निफ्टी में पिछले सप्ताह मात्र 36 अंको की बढ़त रही। इस सप्ताह जून माह के फ्यूचर तथा ऑप्शन सौदों का मासिक कटान है। इस कारण इस सप्ताह बड़ा उतार चढ़ाव दिख सकता है। विदेशी मार्केट से अच्छे संकेत मिले तो निफ्टी 23800 से 24000 की ओर भी बढ़ सकता है परंतु यह मंदी के सौदों के कटान के कारण होगा। नीचे में 23300 से 23000 में अच्छा समर्थन है। कुछ क्षेत्र विशेष, शेयर विशेष में गिरावट दिख रही है, विशेषकर उनमें जहां बहुत बड़ी तेजी देखी गई थी। वितरण सा दिख रहा है। यदि अगले दो दिनों में उनमें पुनः तेजी आरंभ नहीं होती है तो दूसरे क्षेत्र के शेयरों में निवेश करना अधिक उचित लग रहा है। कुछ क्षेत्र विशेष में परिवर्तन की प्रवृत्ति बन रही है। अब टेक्सटाइल, केमिकल, फार्मा अच्छे क्षेत्र हो सकते हैं। यदि कोई राजनितिक उथलपुथल नहीं होती है तो बजट तक भारतीय शेयर मार्केट में मोटे आधार पर रैली बनी रह सकती है। मिड तथा स्मॉल कैप सूचकांकों ने नई ऊंचाइयां बनाई है। यूएस में एसएंडपी सूचकांक का नई ऊंचाई बनाना वहां की अर्थव्यवस्था में विस्तारित तेजी का संकेत है। इंडिया विक्स 13.18 पर बना हुआ है। सोलर ऊर्जा क्षेत्र की कंपनियों में निवेश अच्छा लाभ दे सकता है।

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**

## आपकी बात

# सूचना तंत्र में रिक्तता का भाव



राकेश दुबे

***कुछ*** अजीब सा लगा जब ये आँकड़े सामने आए, जैसे - भारत निर्वाचन आयोग के अनुसार 2024 के आम चुनाव में 64.2 करोड़ लोगों ने मतदान किया। इनमें 36.6 प्रतिशत या लगभग 23.5 करोड़ लोगों ने देश पर पिछले 10 वर्षों से शासन कर रही भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में वोट डाले। यदि आप देश में लगभग 400 समाचार चैनलों में से कई चालू करें तो ऐसा लगेगा कि ये 23.5 करोड़ लोग केवल समाचार ही देखते हैं। अगर यह मान लिया जाए कि ये लोग केवल टेलीविजन देखते हैं तो उस सूरत में इनकी संख्या देश में टेलीविजन देखने वाले कुल 90 करोड़ लोगों के एक तिहाई से कम ही होगी। अब समाचार पत्र पर निगाहें - जब आप बड़े राष्ट्रीय समाचार पत्रों, विशेषकर अंग्रेजी और हिंदी, के पन्ने पलटेंगे तो पाएंगे कि इन 23.5 करोड़ लोगों की पसंद-नापसंद एवं उनके विचार प्रमुखता से दिखते हैं। इंडियन रीडरशिप सर्वेक्षण के ताजा आंकड़ों के अनुसार यह संख्या समाचार पढ़ने वाले 42.1 करोड़ लोगों की आधी है। कई लोग संभवतः समाचार पत्र पढ़ने के साथ टेलीविजन भी देखते होंगे। इस लिहाज इसे इन आंकड़ों में दोहराव की बात से इनकार नहीं किया जा सकता। अगर वर्ष 2014 और 2019 के आंकड़ों पर विचार करें तो इनमें भिन्नता दिखती है। मगर मोटे तौर पर लगता है कि समाचार माध्यम केवल एक प्रकार के दर्शकों का ध्यान रखते हैं। यह रुझान स्थिर बना हुआ है। दूसरे दलों के पक्ष में मतदान करने वाले 40.7 करोड़ लोगों की अनदेखी लगभग एक दशक तक क्यों की गई, एक सवाल है। अगर आप पूरे देश की आबादी पर विचार करें तो समाचार चैनलों का संकीर्ण दृष्टिकोण कहीं अधिक हतप्रभ करने वाला है और इससे एक सूचना तंत्र में कहीं न कहीं रिक्तता का भाव पैदा हुआ है। यह सब इस बात का प्रभाव है कि हमारे पास कैसी खबरें पहुंच रही हैं। मुख्यधारा का मीडिया, जिसकी तगड़ी पहुंच है, ऐसी खबरों का अकेला सबसे बड़ा स्रोत है। विविधताओं से भरे भारत जैसे देश में विभिन्न प्रकार की खबरों के लिए असीमित गुंजाइश रहती है मगर पिछले एक दशक से केवल एक तरह की खबर ही परोसी जा रही है। मुख्यधारा की मीडिया द्वारा दिखाई एवं सुनाई जा रहीं खबरों पर सवाल उठाने वाली काफी कम खबरें सामने आ पाती हैं। ग्रामीण क्षेत्र में संकट या रोजगार की कमी जैसी समस्याओं को लेकर मुख्यधारा के मीडिया में काफी कम खबरें आती हैं। किसी तरह लोगों के बीच ऐसी वाजिब खबरें पहुंचती भी हैं तो लोग अक्सर चकित हो जाते हैं या इन पर विश्वास नहीं कर पाते हैं। पिछले कई वर्षों से पूरे देश में केवल एक निश्चित समूह की पसंद के अनुरूप खबरें चलाई जा रही हैं। इससे सूचना के स्तर पर कहीं न कहीं एक रिक्तता की स्थिति बन रही है जो लगातार बढ़ रही हैं।

(भोपाल)

अर्थव्यवस्था

# भारत की सावरेन क्रेडिट रेटिंग को अपग्रेड करने पर हो रहा है विचार



प्रहलाद सबनानी

***वैश्विक*** स्तर पर विभिन्न देशों की सावरेन क्रेडिट रेटिंग पर कार्य कर रही संस्था स्टैंडर्ड एंड पूअर ने हाल ही में भारतीय अर्थव्यवस्था का आंकलन करते हुए भारत के सम्बंध में अपने दृष्टिकोण को सकारात्मक किया है एवं कहा है कि वह भारत की सावरेन क्रेडिट रेटिंग को अपग्रेड करने के उद्देश्य से भारत के आर्थिक विकास सम्बंधी विभिन्न पैमानों का एवं भारत के राजकोषीय घाटे से सम्बंधित आंकड़ों का लगातार अध्ययन एवं विश्लेषण कर रहा है। यदि उक्त दोनों क्षेत्रों में लगातार सुधार दिखाई देता है तो भारत की सावरेन क्रेडिट रेटिंग को अपग्रेड किया जा सकता है। किसी भी देश की सावरेन क्रेडिट रेटिंग को यदि अपग्रेड किया जाता है तो इससे उस देश में विदेशी निवेश बढ़ने लगते हैं क्योंकि निवेशकों का इन देशों में पूंजी निवेश तुलनात्मक रूप से सुरक्षित माना जाता है। साथ ही,

**किसी भी देश की जितनी अच्छी सावरेन क्रेडिट रेटिंग होती है उस देश की कम्पनियों को कम से कम ब्याज दरों पर ऋण उगाहने में आसानी होती है। भारत में हाल ही में केंद्र में नई सरकार के गठन सम्बंधी प्रक्रिया सम्पन्न हो चुकी है।**

अच्छी सावरेन क्रेडिट रेटिंग प्राप्त देशों की कम्पनियों को अन्य देशों में पूंजी उगाहना न केवल आसान होता है बल्कि इस प्रकार लिए जाने वाले ऋण पर ब्याज की राशि भी कम देनी होती है। किसी भी देश की जितनी अच्छी सावरेन क्रेडिट रेटिंग होती है उस देश की कम्पनियों को कम से कम ब्याज दरों पर ऋण उगाहने में आसानी होती है। भारत में हाल ही में केंद्र में नई सरकार के गठन सम्बंधी प्रक्रिया सम्पन्न हो चुकी है। प्रधानमंत्री मोदी सहित केंद्रीय मंत्रीमंडल के समस्त सदस्यों को विभागों का आबंटन भी किया जा चुका है। केंद्र सरकार द्वारा पिछले दस वर्षों के दौरान लिए गए आर्थिक निर्णयों का भरपूर लाभ देश को मिला है। इससे देश के आर्थिक विकास को गति मिली है एवं आज भारत, विश्व में सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गया है। गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले नागरिकों की संख्या में अपार कमी दृष्टिगोचर है। देश में बहुत बड़े स्तर पर वित्तीय समावेशन हुआ है, जनधन योजना के अंतर्गत 50 करोड़ से अधिक बैंक बचत खाते खोले जा चुके हैं एवं इन बचत खातों में आज लगभग 2.50 लाख करोड़ रुपए की राशि जमा है, इस राशि का उपयोग देश के आर्थिक विकास के लिए किया जा रहा है। रोजगार के नए अवसर भारी संख्या में निर्मित हुए हैं। देश में प्रति व्यक्ति आय भी बढ़कर लगभग 2200 अमेरिकी डॉलर प्रतिवर्ष तक पहुंच गई है। **(ये लेखक के निजी विचार है)**

## बोधि वृक्ष

# दुनियाभर में फेमस है नालंदा का शीतला माता मंदिर

***माता*** के आदेश के बाद राजा ने उक्त जमीन की खुदाई कराई तो वहां से मां की प्रतिमा मिली, जिसे बाद में पास में मंदिर बनाकर उन्हें स्थापित कर दिया गया, जो आज मघड़ा गांव के शीतला मंदिर के नाम से प्रसिद्ध है। जिस दिन मां शीतला की मूर्ति मिली थी उस दिन चैत्र कृष्ण पक्ष की सप्तमी थी तथा अष्टमी के दिन मां की प्रतिमा की स्थापना हुई थी। उसी समय से मघड़ा में मेला की शुरूआत हुई, जो अबतक जारी है। जहां पर खुदाई की गई थी उस स्थान ने कुएं का रूप ले लिया, जो आज मिठ्ठी कुआं के रूप में जाना जाता है। स्थानीय लोगों के अनुसार इस कुएं का पानी आज तक नहीं सुखा है। श्रद्धालु इस कुएं की पूजा जरूर करते हैं। बताया जाता है कि मघड़ा गांव स्थित माता शीतला मंदिर में दिन में दीपक नहीं जलते हैं। धूप, हुमाद और अगरबत्ती जलाना भी



मना है। भगवान सूर्य के अस्त होने के बाद ही मंदिर में माता की आरती उतारी जाती है और हवन होता है। कहा जाता है कि माता शीतला के शरीर में बहुत जलन (लहर) रहती है इसलिए मंदिर में दीपक, धूप या हवन करना वर्जित माना गया है।

(क्रमशः)

## फेसबुक वॉल से

**Anita Devi**
16 Jun

कुछ पल गौ माता के साथ।
अनुसंधान बताते हैं कि गौ माता के साथ कुछ समय... See more




389 · 38 comments 1 share
Like Comment Send Share

**Dilip Singh**
गौ सेवा से बढकर कोई काम नहीं पुण्य का काम है
Like Reply 3

## X - से

chankya_inspiration
Made with AI
Follow




4,263 likes
chankya_inspiration राजनीति.. एक ऐसा खेल है जिसे चतुर लोग खेलते हैं और.. मूर्ख लोग दिन भर चर्चा करके अपने ही... more
View all 9 comments

**अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com**

# सिर्फ फौरी अंशदान से समृद्ध नहीं होगा किसान

कृषि कर्म अब लाभकारी नहीं रहा। किसानों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्हें उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पाता। लागत अधिक है और मुनाफा कम है। बीज महंगे हैं। कृषि यंत्र महंगे हैं। कारें सस्ती हैं। कृषि कार्य में उपयोग में लाये जाने वाले ट्रैक्टर महंगे हैं। कारों को बैंक तत्काल ऋण देते हैं। किसानों को ऋण देने में त्रस्त होने की सीमा तक चक्कर लगवाते हैं। सरकारी तंत्र द्वारा छूट के लिए दफ्तर पहुंचे किसानों को आदर नहीं दिया जाता। उन्हें कई बार परेशान किया जाता है। कागजी औपचारिकता के लिए सरकारी तंत्र की आदतें भी बैंकों जैसी हैं। बड़ी समस्या यह भी है कि फसलों के उत्पादन के बाद उपज बेचने के लिए बाजार उपलब्ध नहीं है। बिचौलियों का सहारा लेकर ही किसान अनाज बेच पाते हैं। कई बार बिचौलिए ही किसानों की भूमिका में देखे जाते हैं। इसका एक कारण यह भी है कि किसानों के पास अपनी उपज के भंडारण के लिए व्यवस्था नहीं है। सुनिश्चित स्थान नहीं है। जैसे ही फसल तैयार होती है किसान फसल लेकर नगरीय या निकट के बाजारों में बेचने के लिए जाते हैं। किसानों के उत्पादन में सबसे पहले बिचौलिए हावी होते हैं। मूल खरीदार बाद में आता है। किसान बिचौलियों की बातों में फंसकर अपनी उपज को कम मूल्य में ही बेचने को मजबूर होते हैं। बिजली के बिल कुछ राज्यों में मुफ्त हैं। उत्तर प्रदेश में इसकी प्रक्रिया चल रही है। सरकार के इस कदम से किसानों को आर्थिक लाभ होगा। बिजली विभाग किस तरह से किस उपभोक्ताओं को दौड़ाता है, यह बात किसी से छिपी नहीं है। सरकार द्वारा लगातार कार्रवाई करने अच्छे निष्कर्ष की आशा है। राजनीति किसानों की बात सबसे पहले करती है, मगर किसानों की स्थिति आजादी से अब तक बहुत अधिक नहीं सुधरी है। यह कहा जा सकता है कि किसानों के पक्के घर बन गए हैं। वे आधुनिक सुविधाओं से लैस हैं। कारों से चलते हैं। उनका जीवन स्तर ऊंचा हुआ है। मगर वही किसान ठीक स्थिति में हैं जिनके पास खेती के अतिरिक्त भी आय के अन्य साधन भी हैं। वैदिक साहित्य में वर्णन है कि पृथ्वी अपने आरंभिक काल में बिना जुताई के अति उर्वर थी। इसी कारण पृथ्वी का एक नाम उर्वी भी है। आगे कहा गया है कि मनुष्य सुख से कृषि करें। हल द्वारा सुख पूर्वक कर्षण अर्थात जुताई करें तथा रस्सियां सुखपूर्वक बद्ध हों। खेतों को बार-बार जोते जाने के साथ छहों ऋतुओं को संयुक्त किए जाने को कहा गया है। ऋषि पाराशर का कथन है कि देवता, असुर, मनुष्य सभी अन्न से जीवित हैं। अन्न धान्य से उत्पन्न होता है। अतः सभी कर्म छोड़कर कृषि करना चाहिए। ऋग्वेद में जुआ खेलना छोड़कर खेती करने को प्रेरित किया गया है। उस काल खण्ड में खेती करना श्रेष्ठ था। तभी तो घाघ कवि ने लिखा था कि उत्तम खेती, मध्यम बान। संस्कृति, सभ्यताएं नदियों के किनारे पर अधिक विकसित हुई। मनुष्यों ने अपने निवास स्थान नदियों के तट पर बनाये। बृहस्पति संहिता के अनुसार मृदु मिट्टी वाली भूमि हर प्रकार की खेती के लिए उपयोगी है।

**अरुण कुमार दीक्षित**

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**

## टेक वर्ल्ड

# जल्द आएगा व्हाट्सएप का नया फीचर

***उदाहरण*** के लिए, अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हुई है कि क्या ट्रांसफर के दौरान दोनों डिवाइसों को व्हाट्सएप में लॉग इन करने की आवश्यकता है, या क्या क्यूआर कोड नए डिवाइस पर साइन-इन की सुविधा भी देता है। इसके अतिरिक्त, स्थानांतरण की अवधि स्थानांतरित किए जा रहे डेटा की मात्रा के आधार पर भिन्न हो सकती है। वर्तमान में, इस सुविधा का बीटा संस्करण Google Play Store के माध्यम से बीटा प्रोग्राम में पहले से नामांकित उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध है। हालाँकि, बीटा प्रोग्राम वर्तमान में पूरी क्षमता पर है, जिसका अर्थ है कि नए उपयोगकर्ताओं को सुविधा के व्यापक रूप से जारी होने तक इंतजार करना पड़ सकता है। हालाँकि इसके सार्वजनिक रोलआउट के लिए कोई आधिकारिक समयरेखा नहीं है, लेकिन बीटा चरण में इसकी उपस्थिति निकट भविष्य में संभावित कार्यान्वयन का सुझाव देती है।



(समाप्त)

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.-0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### ट्रक ने टाटा मैजिक में मारी टक्कर,एक की मौत चार घायल

**पूर्वी चंपारण।** जिले के मेहसी थाना क्षेत्र के ओवर ब्रिज के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने टेंट का सामान लाद कर ले जा रहे टाटा मैजिक को टक्कर मार कर मौके से फरार हो गया। टक्कर लगने के बाद मैजिक बेकाबू होकर बीच सड़क पर पलट गयी।इस दौरान मैजिक के नीचे दबने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई।जब कि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिससे घंटो यातायात बाधित रहा। सूचना पर मौके पर पहुंची मेहसी थाना पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा।साथ ही मैजिक को वहां से हटाकर यातायात को सुचारू कराया। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि मैजिक वाहन हरपुर नाग से टेंट का सामान लेकर मोतीपुर जा रहा था।

### एसटीएफ ने कुख्यात नक्सली को किया गिरफ्तार

**गया।** पुलिस और एसटीएफ ने एक कुख्यात नक्सली को गिरफ्तार किया। मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार नक्सली गोरेलाल रब्बानी कोच थाना अंतर्गत हत्याकांड में शामिल था। इसने कई जघन्य घटनाओं को अंजाम दिया था. नक्सली को एसएसपी गया के मार्गदर्शन में पुलिस की स्पेशल टीम और एसटीएफ के द्वारा संयुक्त कार्रवाई में गिरफ्तार किया गया । बता दें कि 14 जून को थाना अध्यक्ष कोच को सूचना मिली थी कि ग्राम कमल बीघा में एक व्यक्ति जो कि पूर्व में नक्सली रहा है, उसकी नक्सलियों के द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई थी । इसी मामले में टिकारी थाना क्षेत्र के झिलमिल गांव के रहने वाले स्वर्गीय चीनी राम के बेटे नक्सली गोरेलाल रब्बानी उर्फ गुरु जी को गिरफ्तार किया गया है । गया एसपी ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि गोरेलाल पर सलैया थाना, रफीगंज थाना, मदनपुर थाना, बाराचट्टी समेत कई थानो मे मामले दर्ज हैं ।

## पटना में ईओयू ऑफिस पहुंची सीबीआई

# गिरफ्तार आरोपियों को ट्रांजिट रिमांड पर दिल्ली ले जाने तैयारी

- जेई सिकंदर यादवेंदु की गिरफ्तारी से हुआ खुलासा
- सिकंदर के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का मामला

**एजेंसी। पटना**

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की एक टीम सोमवार को नीट प्रश्नपत्र लीक मामले को लेकर पटना स्थित आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) के कार्यालय पहुंची। कहा जा रहा है कि सीबीआई पेपर लीक से जुड़े सभी दस्तावेज और सबूत ले रही है। सीबीआई से पहले ईओयू ही पूरे मामले की जांच कर रही थी। इस ईओयू के एक अधिकारी ने बताया कि सीबीआई की टीम सभी दस्तावेज और सबूत ले रही है, जिससे जांच को आगे बढ़ाया जा सके। उन्होंने बताया कि इसमें जले प्रश्न पत्र के टुकड़े, मोबाइल फोन, लोगों के बयान, लैपटॉप सहित कई चीजें हैं। सीबीआई के अधिकारी गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय से ट्रांजिट रिमांड लेकर पूछताछ के लिए दिल्ली भी ले जा सकती है।




पूछताछ के लिए आरोपियों को दिल्ली जाने की संभावना

### गोधरा सर्किट हाउस पहुंची सीबीआई की टीम

**गोधरा।** पंचमहाल जिले के गोधरा स्थित जय जलाराम स्कूल में नीट परीक्षा में परीक्षार्थी को पास कराने के लिए सेटिंग करने के मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने के बाद सोमवार को एजेंसी की जांच टीम गोधरा सर्किट हाउस पहुंची है। पंचमहाल जिले के गोधरा स्थित जय जलाराम स्कूल में नीट परीक्षा में परीक्षार्थी को पास कराने के लिए सेटिंग मामले की गूंज देश भर में सुनाई दी थी। इस मामले को लेकर 8 मई, 2024 को गोधरा तहसील थाने में शिकायत दर्ज की गई थी। मामले में 5 आरोपितों को पकड़ा गया था। अब इस मामले की जांच राज्य सरकार ने सीबीआई को सौंप दी है। सोमवार को गोधरा सर्किट हाउस में पहुंची सीबीआई टीम के साथ पंचमहाल जिले के पुलिस अधीक्षक हिमांशु सोलंकी भी हैं। समग्र देश में हड़कंप मचाने वाले नेशनल एलिजबिलिटी-कम-एंट्रेंस टेस्ट अंडर ग्रेजुएट-2024 (नीट यूजी) की 5 मई को परीक्षा ली गई थी। परीक्षा में गड़बड़ी के संबंध में केन्द्र सरकार के डायरेक्टर, डिपार्टमेंट ऑफ हायर एजुकेशन की ओर से प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। इसकी जांच सीबीआई को सौंपी गई है। गोधरा तहसील थाने में दर्ज प्राथमिकी की भी जांच राज्य सरकार ने सीबीआई को सौंप दी है। जांच मामले में सभी आरोपितों से पूछताछ से मिली जानकारी समेत अन्य आरोपितों को पकड़ने की कवायद शुरू की गई है।

## मोदी के नेतृत्व में साकार हो रही 'आत्मनिर्भर भारत-विकसित भारत' की संकल्पना : योगी

**एजेंसी। लखनऊ**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सोमवार को लोकसभा सदस्य के रूप में तीसरी बार शपथ लेने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें बधाई दी। अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर सीएम योगी ने लिखकर उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। योगी आदित्यनाथ ने लिखा कि लोकसभा सदस्य के रूप में लगातार तीसरी बार शपथ लेने की आपको हार्दिक बधाई ! आपके यशस्वी नेतृत्व में 'आत्मनिर्भर भारत-विकसित भारत' की संकल्पना साकार हो रही है। निःसंदेह, यह तीसरा कार्यकाल 140 करोड़ देशवासियों की आकांक्षाओं और अमृतकाल के सभी संकल्पों को पूर्ण करने वाला सिद्ध होगा।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरी बार लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ ली। प्रधानमंत्री उत्तर प्रदेश के वाराणसी से ही अनवरत तीसरी बार सांसद चुने गए हैं।



## एजेंट की भूमिका निभाने वाले शिक्षक सीबीआई के निशाने पर

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में स्कूल में नौकरी के बदले नकदी मामले में सीबीआई अब सरकारी स्कूलों में कार्यरत कुछ शिक्षकों की जांच कर रही है, जिन पर बिचौलिए की भूमिका निभाने का संदेह है। सूत्रों ने बताया कि कुछ अभ्यर्थियों से पूछताछ के दौरान बिचौलियों के रूप में शिक्षकों की भूमिका सामने आई है। जिन पर भारी रकम देकर नियुक्ति पाने का संदेह था। सूत्रों ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा संचालित स्कूलों में कार्यरत 11 शिक्षक और 18 गैर-शिक्षण कर्मचारी भर्ती में उनकी भूमिका को लेकर केंद्रीय एजेंसी की जांच के दायरे में हैं। वे उन 35 नए बिचौलियों में शामिल हैं, जिनके नाम पिछले कुछ महीनों में जांच के दौरान सामने आए हैं। जांच अधिकारियों ने खुलासा किया कि अलग-अलग पदों के हिसाब से रकम ली गई। वहीं अभ्यर्थियों के घर के पास पोस्टिंग के लिए सबसे अधिक शुल्क लिया गया। सीबीआई अधिकारियों ने लगभग 2,500 उम्मीदवारों की पहचान की है, जिन्हें अकेले 2016 में नौकरियां मिली थीं।

## ब्रीफ न्यूज

### फर्जी नियुक्ति पत्र बांटने वाले गिरोह का पदार्फाश

**गोपालगंज।** पुलिस ने फर्जी नियुक्ति पत्र बांटने वाले गिरोह का पदार्फाश किया है. यह गिरोह संस्कृत विद्यालय और अल्पसंख्यक विद्यालय में शिक्षक के पद की नौकरी देने का झांसा देकर लोगों से पैसे ठगते थे । पुलिस इस मामले में गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया ।



एसपी स्वर्ण सिंह ने बताया कि साल 2023 में थावे थाना के रामचन्द्रपुर गांव के शैलेश कुमार सिंह ने फर्जी नियुक्ति पत्र देने वाले गिरोह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी । इसमें संस्कृत शिक्षक के पद पर नौकरी देने की बात दर्ज बताई गई थी । शैलेश ने नौकरी के नाम पर 52 लाख रुपये की ठगी का आरोप लगाया था । पुलिस ने इस मामले में नामजद तीनों अभियुक्तों को पकड़ा । पकड़े गए सदस्य मोतिहारी के शाहिद राजा, भोजपुर के विश्वजीत और मनीष सिंह हैं । चौथा अभियुक्त ओमप्रकाश सिंह की खोज जारी है । शैलश ने आरोप लगाया था कि संस्कृत विद्यालय और अल्पसंख्यक विद्यालय में शिक्षक के पद की नौकरी लगाने के लिए अप्रैल 2022 में 52 लाख रुपये दिए गए थे । इसके बाद 21 जून 2022 को संस्कृत शिक्षा बोर्ड से इन लोगों ने फर्जी नियुक्ति पत्र लाकर दे दिया । लेकिन जब संस्कृत बोर्ड में अनुमोदन लेकर गए तो पता चला कि किसी भी तरह की कोई नियुक्ति नहीं हुई है । उसके बाद आरोपियों से रुपये मांगे तो पैसे देने से इंकार कर दिया । वहीं पुलिस गिरोह के लोगों से पूछताछ कर इन लोगों का इतिहास खंगालने में लगी है, ताकि मामले की तह तक जाया जा सके ।

### मोतिहारी में पुल गिरने के बाद कंस्ट्रक्शन कंपनी के मैनेजर ने दर्ज करायी प्राथमिकी

**पूर्वी चंपारण।** जिले के घोड़ासहन में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बन रहे आरसीसी पुल के गिरने के मामले में पुल बनाने वाले ठेकेदार के मैनेजर गौतम ने थाने में अज्ञात लोगों पर केस दर्ज कराया है। बता दे,कि बीते 23 जून को धीरेंद्र कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड द्धारा बनाये जा रहे पुल निर्माण के साथ ही भरभरा कर गिर गया था।जिसके बाद राज्यस्तर इसकी चर्चा हुई और विपक्ष लगातार सरकार पर हमलावर है। वही स्थानीय लोगों की मानें तो पुल गिरने के बाद कंपनी की ओर से मौके पर कोई नहीं पहुंचा था। कंस्ट्रक्शन कंपनी के मैनेजर ने घोड़ासहन थाने में दिये आवेदन में कहा है कि रात में किसी व्यक्ति ने ढलाई किए गए पुल के बांस-बल्ला को नष्ट कर दिया। जिस कारण नवनिर्मित आरसीसी पुल गिर गया। आवेदन में उन अज्ञात व्यक्तियो को चिह्नित कर उस पर कार्रवाई करने की मांग की है। इस मामले में घोड़ासहन थानाध्यक्ष शंभू मांझी ने बताया कि पुल निर्माण कंपनी धीरेंद्र कंस्ट्रक्शन के मैनेजर ने अज्ञात लोगों के खिलाफ आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराया है। गई है। इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर घटना की जांच की जा रही है। उल्लेखनीय है,कि यह पुल प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत एक करोड़ 60 लाख की लागत से घोड़ासहन प्रखंड के अमवा से चैनपुर स्टेशन जाने वाली सड़क पर बन रहा है।



### पटना में सीएम आवास का घेराव करने पहुंचे गेस्ट शिक्षकों पर पुलिस ने किया लाठीचार्ज

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में सोमवार को मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने पहुंचे अतिथि शिक्षकों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया। अतिथि शिक्षक अपनी मांगों को लेकर सीएम आवास के बाहर धरना प्रदर्शन कर रहे थे। पुलिस ने पहले तो उन्हें समझा बुझाकर वापस जाने को कहा, लेकिन शिक्षकों के पीछे नहीं हटने पर पुलिस ने बल प्रयोग किया। अतिथि शिक्षकों का कहना है कि हमने लगभग 6 सालों तक विद्यालय में अपनी सेवाएं दी। अब हमारी सेवा को समाप्त कर दिया गया है। हमारी संख्या 4257 है, जब राज्य में शिक्षकों की कमी थी तब हमारी नियुक्ति की गई और अब एक झटके में बाहर कर दिया गया। हम सरकार के इस फैसले का विरोध कर रहे हैं। अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलने आए हैं, लेकिन पुलिस हमें ऐसा करने से रोक रही है। बिहार में अतिथि शिक्षक पिछले 6 साल से उच्च माध्यमिक स्कूल में पढ़ा रहे थे। अब नीतीश सरकार ने गेस्ट शिक्षकों की सेवा पर रोक लगा दी है। शिक्षा विभाग ने उन्हें सेवा मुक्त कर दिया है। 31 मार्च को उनके कार्यकाल का अंतिम दिन था।



## मणिपुर संकट के राजनीतिक समाधान की मांग को लेकर सड़कों पर उतरे हजारों आदिवासी

**एजेंसी। इंफाल**

पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में साल भर से चल रही जातीय हिंसा को समाप्त करने के लिए राजनीतिक समाधान की मांग को लेकर मणिपुर में हजारों आदिवासियों ने सोमवार को रैलियां निकालीं। साथ ही अपनी मांगों को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को एक ज्ञापन भेजा। मणिपुर में आदिवासियों की शीर्ष संस्था स्वदेशी जनजातीय नेता फोरम द्वारा आयोजित इस रैली में हजारों की संख्या में आदिवासियों ने हिस्सा लिया। जनजातीय पुरुषों और महिलाओं ने चुराचांदपुर जिले में एक रैली निकाली और जिले के उपायुक्त के माध्यम से केंद्रीय गृह मंत्री को ज्ञापन सौंपा। इसी तरह की रैलियां आदिवासी बहुल कांगपोकपी, टेंग्नौपाल और फेरजावल जिलों में भी आयोजित की गईं। कुकी, जोमी, हमार समुदायों से संबंधित आदिवासियों ने अपने हाथों में मांग वाली लिखी तख्तियां लेकर जातीय संकट के राजनीतिक समाधान की मांग की।

## सड़क हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत



> *मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद प्रयागराज में हुए सड़क में मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। साथ ही उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर पहुचकर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए*

**एजेंसी। प्रयागराज**

उत्तर प्रदेश में प्रयागराज जनपद के सरायममरेज थाना क्षेत्र में सोमवार की सुबह टैंकर की चपेट में आने से एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने टैंकर चालक को पकड़ लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख जताते हुए जिला प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

पुलिस के मुताबिक, सरायममरेज थाना क्षेत्र के सोरो पेट्रोल पंप के पास सुबह एक बेकाबू टैंकर ने मोटर साइकिल में टक्कर मार दी। हादसे में विकास (25), देवकी की पत्नी सुम्मरी (60) और नमकीन की पत्नी जनता (34) बेटा दीवाना और आठ माह की बच्ची लक्ष्मी की मौत हो गई। घटना के बाद भाग रहे टैंकर चालक को भीड़ ने पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने टैंकर और चालक को हिरासत में लेते हुए शवों को पोस्टमार्टम भेजकर घटना की जानकारी परिवार के लोगों दी है।

पुलिस का कहना है कि यह सभी जौनपुर जनपद के थाना मीरगंज क्षेत्र के चौकी खुर्द इलाके के रहने वाले थे। किसी रिश्तेदार की शादी में शामिल होने के बाद वापस अपने घर लौट रहे थे तभी यह हादसा हो गया है।

### नौकरी के नाम पर लड़कियों के यौन शोषण मामले को लेकर पटना में प्रदर्शन

**पटना।** बिहार के मुजफ्फरपुर में नौकरी के नाम पर लड़कियों के यौन शोषण मामले की उच्चस्तरीय न्यायिक जांच की मांग को लेकर पटना में महिला, छात्र-युवा और कई अन्य संगठनों ने सोमवार को बुद्धा स्मृति पार्क पर जोरदार प्रदर्शन किया। अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन (ऐपवा), बिहार महिला समाज, बिहार घरेलू कामगार यूनियन, बिहार लीगल नेटवर्क, इंसाफ मंच, मौलिक अधिकार मंच, गौरव ग्रामीण महिला विकास मंच, आइसा, मौलिक अधिकार महिला मंच सहित कई संगठनों ने मुजफ्फरपुर में नौकरी के नाम पर लड़कियों के यौन शोषण मामले की न्यायिक जांच की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह 'डबल इंजन' सरकार की नाकामी का चरम उदाहरण है। महिला सशक्तिकरण और महिलाओं की सुरक्षा का दावा करने वाले भाजपा और जदयू शासन में उसी मुजफ्फरपुर में महिलाओं के खिलाफ अपराध की यह दूसरी बड़ी घटना सामने आई है।

## आज का राशिफल

**मेष** — अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। किसी नजदीकी शुभचिंतक सलाह उपयोगी सिद्ध होगी।

**वृषभ** — संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पुरुषार्थ का सहारा लें। यात्रा का योग बनेगा।

**मिथुन** — शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। स्वविवेक से कार्य कर। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा।

**कर्क** — कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी।

**सिंह** — प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आनन्ददायक दिन रहेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा।

**कन्या** — स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। उन्नति के योग हैं। शुभांक-4-5-7

**तुला** — नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें।

**वृश्चिक** — जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी।

**धनु** — कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर वाले मदद करेंगे।

**मकर** — बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दे।

**कुम्भ** — सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम। व्यवसायिक अभ्युदय होगा और प्रसन्नताएं बढ़ेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

**मीन** — धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा।

### गोवा के मुख्यमंत्री डा.सावंत ने प्रधानमंत्री से की मुलाकात



**नई दिल्ली।** गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक्स पर पोस्ट किया, गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। वहीं मुख्यमंत्री सावंत ने अपनी एक्स पर पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से नई दिल्ली में मुलाकात की और बातचीत की।

### संदिग्ध परिस्थिति में हुई महिला की मौत

**कहलगांव।** जिले के सनोखर थाना क्षेत्र के सिलहन खजुरिया पंचायत के कुशवाहापुर गांव निवासी सोनू अंसारी की 20 वर्षीय पत्नी खूशबू खातून की मौत संदिग्ध परिस्थिति में हो गई। घटना बीते रात करीब 12 बजे की बताई जा रही है। मृतका के ससुराल वालों का कहना है कि रात में अचानक पेट में दर्द हुआ और तुरंत उसकी मौत हो गई। वहीं दूसरी ओर मृतका के मां ने कहा कि पेट में दर्द होने से मौत नहीं हुई है। इसकी हत्या की गई है। मेरी बेटी के साथ हमेशा मेरा दामाद और उसकी सास मारपीट करती थी। बीते रात्रि में मेरी बेटी का गला दबा कर मार डाला गया। आज से छः साल पहले मेरे बेटी कीज्ञशादी हुई थी। उधर घटना की जानकारी मिलते ही सनोखर थानाध्यक्ष रणतेज भारती और एएसआई पीके गुप्ता मनोज कुमार दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुँचे और घटना की छानबीन शुरू कर दी।

## वाराणसी के बाबा विश्वनाथ धाम की आय में चार गुना की वृद्धि

- कोरोना महामारी की वजह से साल 2020-21 के बीच श्रद्धालुओं की संख्या में गिरावट आई थी
- आकंड़ों के अनुसार मई 2024 तक श्रद्धालुओं की संख्या 16.22 करोड़ दर्ज की गई

**एजेंसी। वाराणसी**

उत्तर प्रदेश के वाराणसी स्थित काशी विश्वनाथ धाम के कॉरिडोर के लोकार्पण के बाद इसकी आय में चार गुना की वृद्धि हुई है।

मंदिर के कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2017-18 में आय 22 से 23 करोड़ के आसपास थी, जो 2023-24 में बढ़कर 86 करोड़ हो चुकी है। विश्वनाथ धाम के विस्तार और सुविधाओं के बाद पिछले सात साल में बढ़े दान के साथ ही दर्शनार्थियों की संख्या में भी रिकॉर्ड वृद्धि हुई है। आकंड़ों के अनुसार मई 2024 तक श्रद्धालुओं की संख्या 16.22 करोड़ दर्ज की गई।



काशी विश्वनाथ धाम के कायाकल्प के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निरंतर निरीक्षण और मार्गदर्शन में कई सुविधाएं जोड़ी गई हैं। कोरोना महामारी की वजह से साल 2020-21 के बीच श्रद्धालुओं की संख्या में गिरावट आई थी, लेकिन अब इसमें तेजी से वृद्धि हो रही है। देश के कोने-कोने से श्रद्धालु हर दिन बड़ी संख्या में बाबा के दर्शन करने पहुंच रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 31 दिसंबर 2021 को काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का लोकार्पण किया था। यह धाम करीब 5 लाख स्क्वायर फीट में फैला हुआ है, जिसकी कुल लागत 900 करोड़ रुपये है। इसमें कुल 23 इमारतें और 27 मंदिर हैं। अब, श्रद्धालु गंगा घाट से सीधे कॉरिडोर के रास्ते बाबा के दर्शन आसानी से कर पा रहे हैं। काशी विश्वनाथ मंदिर भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंग में से एक है। देश ही नहीं बल्कि विश्वभर से लोग यहां कि प्राचीन सांस्कृतिक विरासत और भव्यता को देखने आते हैं।

### मुख्यमंत्री तमांग प्रधानमंत्री से मिले



**गंगटोक।** मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने सोमवार को नई दिल्ली स्थित संसद भवन परिसर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी को लगातार तीसरी बार चुनाव जीतने के लिए बधाई दी और उनके नेतृत्व पर भरोसा जताया। मुख्यमंत्री तमांग ने आज अपने आधिकारिक फेसबुक पेज के जरिये बताया कि प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के दौरान उन्होंने लगातार समर्थन, खासकर पिछले साल अक्टूबर में सिक्किम में आई बाढ़ के दौरान तत्काल राहत के लिए धन्यवाद दिया। इस क्रम में मुख्यमंत्री ने पुनर्निर्माण और पुनरुद्धार के लिए 3673.25 करोड़ रुपए की आपदा के बाद आवश्यकता आकलन रिपोर्ट प्रस्तुत की।


### संविधान पर हमला स्वीकार नहीं, राहुल गांधी ने सत्ता पक्ष पर साधा निशाना



**नई दिल्ली।** नई सरकार के गठन के बाद लोकसभा का 18वीं सत्र आज से शुरू हो गया। प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित कैबिनेट मंत्रियों और विपक्षी सदस्यों को शपथ दिलाई। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि संविधान पर हमला स्वीकार नहीं है। इस दौरान एक खास बात ने सभी का ध्यान खींचा। विपक्ष के सभी सांसदों ने संविधान की पुस्तक हाथ में लेकर शपथ ली, जबकि सत्ता पक्ष के किसी भी सांसद ने ऐसा नहीं किया। जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी से पत्रकारों ने इस बारे में सवाल किया तो उन्होंने पीएम मोदी और अमित शाह को आड़े हाथों लेते हुए इसका जवाब दिया। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह जिस तरह से संविधान पर आक्रमण कर रहे हैं, वो हमारे लिए स्वीकार्य नहीं है, इसलिए हमने शपथ लेते हुए संविधान पकड़ा हुआ है। जब राहुल गांधी से पूछा गया कि क्या ऐसा कर आप कोई संदेश देना चाह रहे हैं तो इस पर उन्होंने कहा कि बिल्कुल संदेश है। मैं एक बात आपसे कह दूं कि कोई भी शक्ति भारत के संविधान को छू नहीं सकती। हमारे लिए भारत का संविधान ही सब कुछ है और जो कोई भी इस पर आक्रमण करेगा, हम उसे छोड़ेंगे नहीं।

### केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। दरअसल, दिल्ली शराब घोटाला मामले में अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से फिलहाल राहत नहीं मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल की जमानत पर अंतरिम रोक हटाने से मना कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई बुधवार 26 जून के लिए टाल दी है। उन्हें फिलहाल जेल में ही रहना होगा और दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले का इंतजार करना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल की याचिका पर कहा कि हमें दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले का इंतजार करना चाहिए। तब तक हम कुछ नहीं कह पाएंगे। ज्ञात हो कि शराब घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तिहाड़ जेल में बंद हैं। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने लोकसभा चुनाव के प्रचार के लिए उन्हें जमानत दे दी थी जिसके बाद केजरीवाल ने 2 जून को सरेंडर किया था। इससे पहले दिल्ली हाई कोर्ट ने 21 जून को एक अंतरिम आदेश में प्रवर्तन निदेशालय की याचिका पर आम आदमी पार्टी (आप) सुप्रीमो की रिहाई पर रोक लगा दी थी, इसमें निचली अदालत के जमानत आदेश को चुनौती दी गई थी।



**टी-20 वर्ल्ड कप 2024**

**अफगानिस्तान बनाम बांग्लादेश**
प्रातः 06.00 बजे से
**स्टेडियम :** आर्नोस वेल स्टेडियम

**यूरो कप-2024**

1 **अल्बानिया बनाम स्पेन**
प्रात : 12.30 बजे से
**स्टेडियम:** फ्रैंकफर्ट एरिना, स्टेडियम

2 **क्रोएशिया बनाम इटली**
प्रात : 12.30 बजे से
**स्टेडियम:** रेड बुल एरिना, लीपज़िग

**एक नजर**

### कोहली ने अनावश्यक आलोचना झेली है : डेविड वार्नर

**नई दिल्ली।** भारत के खिलाफ टी 20 विश्व कप के महत्वपूर्ण सुपर आठ मुकाबले से पहले ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी ओपनर डेविड वार्नर ने विराट कोहली के समर्थन में आगे आते हुए कहा है कि बल्लेबाज ने अपने स्ट्राइक रेट को लेकर अनावश्यक आलोचना का सामना किया है। कोहली ने न्यूयॉर्क में ग्रुप चरण में फ्लॉप शो के बाद वेस्ट इंडीज में सुपर आठ मैचों में अफगानिस्तान और बांग्लादेश के खिलाफ क्रमशः 24 और 37 रन बनाये हैं। वार्नर ने कहा कि मैदान पर कोहली की ऊर्जा भारत के खिलाफ मुकाबलों में आग में ईंधन डालने का काम करती है। वार्नर ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, यह खेल के प्रति उसका जुनून है, जैसे, उसे रन बनाने की आदत है और रन बनाने की भूख है।

### मेजबान टीम टी20 विश्व कप से बाहर

**नार्थ साउंड (एंटीगा)।** टी20 विश्व कप कप 2024 में सुपर-8 के ग्रुप 2 से सेमीफाइनल में पहुंचने वाली दो टीमों का नाम तय हो चुका है। ग्रुप-2 में दक्षिण अफ्रीका ने छह अंकों के साथ पहले स्थान पर रहते हुए क्वालीफाई किया, जबकि इंग्लैंड की टीम चार अंक के साथ दूसरे स्थान पर रही। बारिश से बाधित मैच में सोमवार को एंटीगा में दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज की टक्कर हुई। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। टूनार्मेंट की सह मेजबान वेस्टइंडीज ने अफ्रीकी टीम के सामने 136 रन का लक्ष्य रखा। टीम के लिए सबसे ज्यादा रन रोस्टन चेज (52 रन) ने बनाए।

## टी20 विश्व कप 2024 के सुपर-8 के अंतिम मुकाबले में

# ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए चाहिए 206 रन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टी20 विश्व कप सुपर 8 मैच सेंट लूसिया के ग्रोस आइलेट स्थित डैरेन सैमी नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में शुरू हो गया है। बहरहाल, ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिचेल मार्श ने टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी का फैसला लिया है। ऑस्ट्रेलिया के लिए सेमीफाइनल की रेस में बने रहने के लिए यह मैच जीतना बेहद जरूरी है। टीम इंडिया को रोहित शर्मा ने 41 गेंदों पर 92 रन बनाकर तेजतर्रार शुरूआत दी। इसके बाद सूर्यकुमार ने 31, शिवम दुबे ने 28 तो हार्दिक पांड्या ने 27 रन बनाकर स्कोर 205 तक पहुंचा दिया।




**सूर्यकुमार-शिवम ने दी मजबूती :** रोहित के आऊट होने पर सूर्यकुमार यादव और शिवम दुबे ने पारी को संभाल लिया। दोनों ने ताबड़तोड़ शॉट लगाए। सूर्यकुमार अपने मनपसंद शॉट लगाते दिखे। उनका विकेट 15वें ओवर में गिरा। तब तक सूर्यकुमार 16 गेंदों पर 3 चौके और 2 छक्कों की मदद से 31 रन बना चुके थे। जबकि दूसरे छोर से शिवम दुबे ने शॉट लगाने जारी रखे। 19वें ओवर में शिवम दुबे का विकेट गिरा। उन्होंने 22 गेंदों पर 2 चौके और एक छक्के की मदद से 28 रन बनाए।

**विराट कोहली दूसरी बार 0 पर आऊट :** टीम इंडिया के लिए ओपनिंग पर आए विराट कोहली फिर असफल हो गए। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ महत्वपूर्ण मुकाबले में विराट 0 रन पर हेलजवुड की गेंद पर टिम डेविड के हाथों लपके गए। उन्होंने पांच गेंदें भी खेलीं। कोहली का विश्व कप में ओपनिंग खल नहीं रह है। वह आयरलैंड के खिलाफ 1, पाकिस्तान के खिलाफ 4, यूएसए के खिलाफ 0, अफगानिस्तान के खिलाफ 24 तो बांग्लादेश के खिलाफ ओपनिंग करते हुए 37 रन ही बना पाए हैं। यह इस विश्व कप में कोहली का दूसरा डक भी है।

**रोहित ने स्टार्क की ओवर से खींचे 29 रन :** कोहली जब पवेलियन लौट चुके थे तो कप्तान रोहित शर्मा ने तीसरे ओवर में ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क को आड़े हाथों ले लिया। उन्होंने स्टार्क की पहली 2 गेंदों पर लगातार छक्के लगाए। तीसरी गेंद पर चौका तो चौथी गेंद पर छक्का जड़.दिया। यह देखकर कमेंट्री कर रही रिकी पोंटिंग भी उत्साहित दिखे। रोहित ने इसके बाद आखिरी गेंदों पर भी छक्का लगाकर स्टार्क की ओवर से 29 रन खींच लिए।

**19 गेंदों पर लगाया अर्धशतक, 92 रन बनाए :** भारतीय टीम जब 5वां ओवर खेल रही थी तो पहली ही गेंद पर रोहित ने पैट कमिंस को छक्का जड़ दिया। इसके बाद बारिश आ गई और मैच रोक देना पड़ा। उन्होंने पैट कमिंस के ओवर में 9 रन और खींचे और 19 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा कर लिया।

**आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप सुपर-8 ग्रुप-1 पॉइंट्स टेबल**

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | पॉइंट्स | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | +2.425 |
| ऑस्ट्रेलिया | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | +0.223 |
| अफगानिस्तान | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | -0.650 |
| बांग्लादेश | 2 | 2 | 2 | 0 | 0 | -2.489 |

**आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप सुपर-8 ग्रुप-2 पॉइंट्स टेबल**

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | पॉइंट्स | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| साउथ अफ्रीका (द) | 3 | 3 | 0 | 0 | 6 | +0.599 |
| इंग्लैंड (द) | 3 | 2 | 1 | 0 | 4 | +1.992 |
| वेस्टइंडीज (ए) | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | +0.963 |
| यूएसए (ए) | 3 | 0 | 3 | 0 | 0 | -3.906 |

### अफगानिस्तान का सामना बांग्लादेश से होगा आज

**सेंट विंसेंट।** टी20 विश्व कप 2024 के सुपर-8 के अंतिम मुकाबले में सेमीफाइनल की संभावनाओं के लिए अफगानिस्तान का सामना बांग्लादेश से होगा। यह मुकाबला मगंलवार को भारतीय समयानुसार सुबह 6 बजे से किंग्सटाउन के सेंट विंसेंट मैदान पर होगा। जहां ग्रुप 2 के दो सेमीफाइनलिस्ट पक्के हो चुके हैं, वहीं अफगानिस्तान की ऑस्ट्रेलिया पर जीत के बाद ग्रुप 1 का समीकरण भी रोमांचक हो गया है।

ऑस्ट्रेलिया जैसी टीम को हराने के बाद अफगानी टीम का आत्मविश्वास बढ़ा है और वे बांग्लादेश को भी हराकर पहली बार सेमीफाइनल में पहुंचने की कोशिश करेंगे। वहीं बांग्लादेश की टीम इस मैच को बड़े अंतर से जीतकर अपनी बची संभावनाओं को ज़िंदा रखना चाहेगी। दोनों टीमों के बीच अब तक 11 टी20 मुकाबले हुए हैं, जिसमें अफगानिस्तान को छह जबकि बांग्लादेश को पांच मैचों में जीत मिली है। वहीं टी20 विश्व कप में दोनों टीमें सिर्फ. एक बार भिड़ी हैं, जिसमें बांग्लादेश को जीत मिली थी।

## वेस्टइंडीज तीन विकेट से हारा दक्षिण अफ्रीका सेमीफाइनल में




**एजेंसी। एंटीगुआ**

दक्षिण अफ्रीका ने सोमवार की सुबह (भारतीय समयानुसार) यहां आईसीसी टी-20 विश्व कप के सुपर 8 के एक रोमांचक मुकाबले में वेस्टइंडीज को 3 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। बारिश से बाधित इस मुकाबले में वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट पर 135 रन बनाए। जवाब में जब दक्षिण अफ्रीका की टीम बल्लेबाजी करने उतरी तो पहले ओवर में क्विंटन डी कॉक ने 12 रन जोड़े। हालांकि आंद्रे रसेल ने दूसरे ओवर में रीजा हैंड्रिक्स (00) और डी कॉक (12) को आउट कर अफ्रीकी टीम की शुरूआत बिगाड़ दी। बारिश ने डाला खेल में खलल, दक्षिण अफ्रीका को 17 ओवर में मिला 123 रनों का लक्ष्य हालांकि इसके बाद बारिश शुरू हो गई। बारिश रूकने के बाद दक्षिण अफ्रीका को डकवर्थ लुइस नियम के आधार पर 17 ओवर में 123 रनों का संशोधित लक्ष्य मिला। दक्षिण अफ्रीका को कप्तान एडन मार्करम और ट्रिस्टन स्टब्स ने सधी शुरूआत दिलाई। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 27 रन जोड़े, इस साझेदारी को अल्जारी जोसेफ ने मार्करम को आउट कर तोड़ा। मार्करम ने 15 गेंदों पर 2 चौकों की बदौलत 18 रन बनाए। मार्करम के आउट होने के बाद बल्लेबाजी करने आए हेनरिक क्लासेन ने तेजी से बल्लेबाजी करनी शुरू की और केवल 10 गेंदों पर 3 चौके और 1 छक्के की बदौलत 22 रन बनाए। 77 के कुल स्कोर पर अल्जारी जोसेफ ने क्लासेन को विकेटकीपर पूरन के हाथों कैच आउट कराया। डेविड मिलर कुछ खास नहीं कर सके और 93 के कुल स्कोर पर रोस्टन चेज ने उन्हें बोल्ड कर दक्षिण अफ्रीका पांचवां झटका दिया। इसके बाद संभलकर खेल रहे ट्रिस्टन स्टब्स ने चेज को छक्का मारने के चक्कर में मिडऑन पर काइल मेयर्स को कैच थमा दिया। स्टब्स ने 27 गेंदों पर 4 चौकों की बदौलत 29 रन बनाए।

## ओलंपिक में क्रिकेट के लिए होगा अविश्वसनीय अनुभव : पीटरसन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 में क्रिकेट भी खेला जाएगा। यानी 128 साल बाद क्रिकेट की ओलंपिक में वापसी होगी। यह एक ऐतिहासिक क्षण होगा। वहीं, इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन का मानना है कि ओलंपिक में खेलना एक क्रिकेटर के लिए 'सबसे अविश्वसनीय अनुभव' होगा। पीटरसन के करियर में टी20 विश्व कप ट्रॉफी, भारत और ऑस्ट्रेलिया जैसे क्रिकेट दिग्गजों के खिलाफ यादगार जीत शामिल है। उन्होंने क्रिकेट को ओलंपिक में शामिल करने की पहल की सराहना की। क्रिकेट को 2028 खेलों के लिए ओलंपिक में जोड़ा गया है। आईसीसी के अनुसार, इस गेम के टीवी और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर 3 बिलियन से अधिक दर्शकों के होने का अनुमान है। वर्ष 1900 के बाद यह पहली बार होगा जब ओलंपिक खेलों में क्रिकेट को जोड़ा गया है। पीटरसन ने पॉडकास्ट श्रृंखला '180 नॉट आउट' में कहा, मैंने कभी ओलंपिक खेल नहीं खेला।

### क्रिस जॉर्डन ने हैट्रिक लेकर घर वापसी का लुत्फ उठाया

**ब्रिजटाउन।** इंग्लैंड के क्रिस जॉर्डन ने केंसिंग्टन ओवल में अपने करियर के यादगार क्षण का जश्न मनाया, और हैट्रिक लेकर अपनी टीम को यूएसए पर 10 विकेट की धमाकेदार जीत के साथ-साथ टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह भी दिलाई। बारबाडोस में जन्मे 35 वर्षीय गेंदबाज ने इस रिकॉर्ड को अपने लिए बेहद खास बताया, क्योंकि उनका इस मैदान से गहरा नाता है, जहां से उनकी क्रिकेट यात्रा शुरू हुई थी। सुपर-8 में यूएसए के खिलाफ, जॉर्डन ने 2.5 ओवर में 4/10 का आंकड़ा हासिल किया।

## हॉकी ने जो कुछ भी दिया, उसके लिए आभारी हूं : माधुरी किंडो

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय महिला हॉकी टीम की गोलकीपर माधुरी किंडो को हाल ही में जूनियर टीम से प्रमोट किया गया है। अपने इस शानदार सफर को याद करते हुए उन्होंने कहा कि हॉकी ने जो कुछ भी उन्हें दिया, वो उसके लिए सदैव आभारी रहेंगी। माधुरी ओडिशा के बीरमित्रपुर के एक साधारण किसान परिवार से हैं, जो राउरकेला के राजसी बिरसा मुंडा




हॉकी स्टेडियम से एक घंटे की दूरी पर है। माधुरी ने अपने जीवन में हॉकी के महत्व के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि बीरमित्रपुर में हमारे पास बिना कंक्रीट की छत वाले दो घर थे और परिवार में केवल मेरे भाई मनोज ही कमाते थे। उन्होंने नए घर के निर्माण का सारा खर्च उठाया और पश्चिमी रेलवे से नौकरी का प्रस्ताव मिलने के बाद, मैं आखिरकार उनकी आर्थिक मदद करने में सक्षम हुई। अपने भाई की मदद करना काफी अच्छा एहसास था। मैं हॉकी की आभारी हूं, जिसने मुझे हर चीज में मदद की। माधुरी अपने भाई मनोज किंडो के हॉकी कौशल से काफी प्रभावित थी।

### झारखंड हॉकी के चार पदाधिकारी पेरिस ओलंपिक में होंगे शामिल

**रांची।** झारखंड हॉकी के पदाधिकारी हॉकी पेरिस ओलंपिक में शामिल होंगे। इन पदाधिकारियों में हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह, महासचिव विजय शंकर सिंह, कोषाध्यक्ष असरिता लकड़ा और सीईओ रजनीश कुमार शामिल हैं। इस दौरान असरिता लकड़ा 28 से 31 जुलाई तक तो वहीं विजय शंकर सिंह और रजनीश कुमार पांच अगस्त से 10 अगस्त तक पेरिस ओलंपिक खेलों का लुत्फ उठाएंगे। इनका सारा खर्च हॉकी इंडिया की टीम उठायेगी।

**व्यापार/लाइफ व साइंस**

### एसएंडपी ने भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान 6.8% रखा

**नई दिल्ली।** एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के वृद्धि दर अनुमान को 6.8 फीसदी पर कायम रखा है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि ऊंची ब्याज दरों और कम राजकोषीय प्रोत्साहन से मांग में कमी आएगी। पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था 8.2 फीसदी की दर से बढ़ी है। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने सोमवार को एशिया प्रशांत के लिए जारी आर्थिक परिदृश्य में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था अपनी आर्थिक वृद्धि के साथ हैरान कर रही है। एजेंसी का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष में भारत की आर्थिक वृद्धि दर घटकर 6.8 फीसदी पर आ जाएगी।

### जमाखोरी रोकने के लिए सरकार ने गेहूं की स्टॉक लिमिट तय की

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 31 मार्च, 2025 तक गेहूं की स्टॉक लिमिट तय कर दी है। सरकार ने गेहूं की कीमतों में स्थिरता लाने और जमाखोरी रोकने के लिए यह कदम उठाया है। उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्रालय ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि सरकार ने समग्र खाद्य सुरक्षा का प्रबंधन करने तथा जमाखोरी और सट्टेबाजी को रोकने के लिए गेहूं पर स्टॉक सीमा लागू की है। मंत्रालय के मुताबिक यह आदेश 24 जून से तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

## दुनिया भारत का उत्थान देख रही, यह हमारा क्षण : अदाणी

**एजेंसी। अहमदाबाद**

अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने सोमवार को कहा कि भू-राजनीतिक तनावों और वैश्विक रिश्तों को खराब करने वाली अनिश्चितताओं के बीच दुनिया भारत के उत्थान को देख रही है और यह भारत का क्षण है। अदाणी एंटरप्राइजेज की वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों को संबोधित करते हुए गौतम अदाणी ने कहा कि एक जटिल विश्व में भारत अब स्थायित्व, सहयोग और प्रगति की शक्ति बन चुका है। अदाणी समूह के चेयरमैन ने कहा, भारत की वृहद अर्थव्यवस्था की स्थिरता और महत्वाकांक्षी विकास योजनाएं हमारा विश्वास बढ़ाती हैं। उन्होंने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के बहुगुणक प्रभाव के मद्देनजर केंद्र सरकार ने इस पर फोकस करते हुए इसके लिए फंडिंग में 16 प्रतिशत का इजाफा किया।



### हमारा पोर्टफोलियो मजबूत, सबसे अच्छा समय आना अभी बाकी

**अहमदाबाद।** अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी ने सोमवार को कहा कि अपने इतिहास में सबसे दमदार नतीजे, मजबूत कैश पोजीशन और सबसे कम डेट रेश्यो के साथ ग्रुप का पोर्टफोलियो का रास्ता बड़ी उपलब्धियों के वादों के साथ रोशन है। बता दें, अदाणी ग्रुप का प्रदर्शन वित्त वर्ष 2023-24 में काफी शानदार रहा है। अदाणी एंटरप्राइजेज की एनुअल जनरल मीटिंग (एजीएम) में गौतम अदाणी ने अपने शेयरधारकों से कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में हमने 45 प्रतिशत की वृद्धि के साथ अब तक का सबसे अधिक 82,917 करोड़ रुपये (करीब 10 अरब डॉलर) का ईबीआईटीडीए हासिल किया है। इसके कारण हमारा टैक्स के बाद मुनाफा सालाना आधार पर 71 प्रतिशत बढ़कर 40,129 करोड़ रुपये हो गया है।

### विपरीत परिस्थितियों ने हमें और मजबूत बनाया : गौतम अदाणी

**अहमदाबाद।** अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी ने सोमवार को कहा कि विपरीत परिस्थितियों ने हमारी परीक्षा ली और हमें पहले के मुकाबले अधिक मजबूत बनाया। साथ ही कहा कि कोई भी चुनौती ग्रुप की नीव नहीं हिला सकती। अदाणी एंटरप्राइजेज की एनुअल जनरल मीटिंग (एजीएम) को संबोधित करते हुए गौतम अदाणी ने कहा कि विदेशी शॉर्ट सेलर की ओर से उन पर तथ्यहीन आरोप लगाए गए और उनकी दशकों की मेहनत पर सवाल उठाए गए।

### लाखों को सशक्त बनाने के लिए स्किलिंग हेल्थकेयर हमारी प्राथमिकताएं : अदाणी

**अहमदाबाद।** अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने सोमवार को कहा कि कौशल, स्वास्थ्य, पोषण तथा अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराकर कंपनी दुनिया पर एक छोटी सकारात्मक छाप छोड़ने में अपनी भूमिका अदा करना चाहती है। अदाणी फाउंडेशन में शेयरधारकों को संबोधित करते हुए गौतम अदाणी ने कहा कि हर संख्या अपने-आप में बदलाव की, एक जीवन के सशक्तीकरण की और एक समुदाय को विकास का अवसर प्रदान करने की कहानी कहती है।

## ली-आयन बैटरियों की हमारी रिसाइकलिंग दुनियाभर में सर्वश्रेष्ठ : नितिन गुप्ता

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत की सबसे बड़ी एंड-टू-एंड ई-वेस्ट मैनेजमेंट और दुनिया की श्रेष्ठ ली-आयन बैटरी रीसाइक्लिंग कंपनी एटेरो के सह-संस्थापक और सीईओ नितिन गुप्ता ने सोमवार को कहा कि कंपनी की बैटरी से महत्वपूर्ण सामग्रियों को निकालने की दर 98 प्रतिशत से अधिक है।

आईएएनएस के साथ बातचीत के दौरान गुप्ता ने बताया, हम कोबाल्ट, लिथियम काबोर्नेट, ग्रेफाइट और निकेल जैसी शुद्ध बैटरी-ग्रेड सामग्री निकालने के लिए एक व्यापक यांत्रिक और हाइड्रोमेटेलर्जिकल दृष्टिकोण के साथ काम करते हैं। इसकी रिकवरी दर 98 प्रतिशत से अधिक है। कंपनी का यह असाधारण प्रदर्शन दुनिया की अन्य कंपनियों से बेहतर है।



आमतौर पर उनकी रिकवरी दर 75 प्रतिशत से कम होती है। गुप्ता ने कहा, एटेरो में, लिथियम-आयन रीसाइक्लिंग प्रक्रिया इस परिवर्तन का एक प्रमुख उदाहरण है। यह वर्जिन धातुओं के निष्कर्षण की तुलना में ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में 97 प्रतिशत या उससे अधिक की उल्लेखनीय कमी प्रदर्शित करती है। एटेरो भारत में एकमात्र इकाई के रूप में उभर कर सामने आई है। यह ब्लैक मास के पूर्ण प्रसंस्करण और शोधन के संचालन में दुनिया की सर्वश्रेष्ठ कंपनियों में से एक है। एटेरो अन्य कंपनियों को ब्लैक मास का निर्यात या आपूर्ति नहीं करती है।

इसके बजाय, कंपनी अपने ग्राहकों के लिए ब्लैक मास को बैटरी-ग्रेड सामग्री में परिष्कृत कर रीसाइक्लिंग प्रक्रिया से मूल्य को अधिकतम करने पर ध्यान केंद्रित करती है। एटेरो लिथियम काबोर्नेट निकालने के लिए दुनिया में सबसे कम खर्च का दावा करता है। यह प्रति टन मात्र 3,200 डॉलर है। यह बैटरी रीसाइक्लिंग क्षेत्र में उद्योग मानकों की तुलना में 40 प्रतिशत सस्ता है। इसकी तुलना में, पारंपरिक हाइड्रो प्रक्रिया के लिए न्यूनतम खर्च 5,500 डॉलर प्रति टन है। पाइरो प्रक्रिया के लिए, यह अन्य कंपनियों के लिए 10,000 डॉलर प्रति टन तक बढ़ जाता है।

## चालू वित्त वर्ष में दोहरे अंक में बढ़ेगी कैपिटल गुड्स कंपनियों की आय

**एजेंसी। मुंबई**

सरकार की ओर से रेलवे (मेट्रो सहित), डिफेंस और रिन्यूएबल सेक्टर में लगातार पूंजीगत व्यय किए जाने के कारण कैपिटल गुड्स बनाने वाली कंपनियों के राजस्व में वित्त वर्ष 2024-25 में दोहरे अंक में उछाल देखने को मिल सकता है। सोमवार को आई एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। क्रिसिल रेटिंग्स की ओर से जारी की गई रिपोर्ट में कहा गया कि बाजार में उच्च प्रतिस्पर्धा के कारण वित्त वर्ष




2024-25 ऑपरेटिंग मार्जिन 80 से 100 बेसिस अंक कम होकर 12 से 13 प्रतिशत रह सकता है। एक्सपोर्ट, जहां पर मार्जिन अधिक होता है, उसमें सुस्ती रह सकती है। हालांकि, इस दौरान कच्चे माल जैसे स्टील, कॉपर और एलुमिनियम की कीमतें स्थिर रह सकती हैं। क्रिसिल रेटिंग्स के डायरेक्टर आदित्य झावेर ने कहा कि निजी कंपनियों की ओर से पारंपरिक सेक्टर में पूंजी लगाई जा रही है।

## सीतामरण ने ट्रेड यूनियनों और श्रम संगठनों के साथ की बजट पूर्व बैठक

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को आम बजट 2024-25 की तैयारियों के मद्देनजर ट्रेड यूनियनों और श्रम संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में ट्रेड यूनियनों और श्रम संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव दिए और विचार रखे। बजट पूर्व परामर्श बैठक में वित्त सचिव, वित्तीय सेवा के सचिव, आर्थिक मामलों के विभाग और श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के



सचिवों और वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार ने भी भाग लिया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम चुनाव से पहले वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम बजट पेश किया था। चुनाव के बाद उन्हें फिर से वित्त मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने अब पूर्ण बजट पेश करने के पहले उसकी तैयारी शुरू कर दी है।

## निचले स्तरों से लौटी खरीदारी सेंसेक्स 131 अंक बढ़कर बंद

**एजेंसी। मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार के लिए सोमवार का कारोबारी दिन काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा है। बाजारों की शुरूआत नकारात्मक हुई थी, लेकिन कारोबारी सत्र में तेजी हुई और दिन के ऊपरी स्तरों पर बाजार बंद हुआ। सेंसेक्स 131 अंक या 0.17 प्रतिशत बढ़कर 77,341 और निफ्टी 36 अंक या 0.16 प्रतिशत बढ़कर 23,537 पर बंद हुआ। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 147 अंक या 0.27 प्रतिशत बढ़कर 55,577 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 18 अंक या 0.10 प्रतिशत गिरकर 18,217 पर बंद हुआ। सेक्टर के हिसाब से देखें तो ऑटो, फिन सर्विस, एफएमसीजी और कंजम्पशन इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए हैं। पीएसयू बैंक, मेटल, मीडिया और हेल्थकेयर इंडेक्स दबाव के साथ बंद हुए हैं। सेंसेक्स पैक में एमएंडएम, पावर ग्रिड, सन फार्मा, नेस्ले, अल्ट्राटेक सीमेंट, आईसीआईसीआई बैंक और एनटीपीसी टॉप गेनर्स थे।



## एक नजर

### कृषि मंत्री बादल पत्रलेख के पीएस राकेश दुबे का निधन

**रांची।** कृषि मंत्री बादल पत्रलेख के सरकारी पीएस (निजी सचिव) राकेश दुबे का सोमवार को निधन हो गया। राकेश दुबे झारखंड राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी थे और पुंदाग ओपी क्षेत्र स्थित सेल सिटी में रहते थे। वे अगले साल आईएएस रैंक में प्रोन्नत होने वाले थे। बताया जा रहा है कि राकेश दुबे रविवार रात खाना खाने के बाद सोने चले गए। वे हर दिन मॉर्निंग वॉक पर जाते थे। आज सुबह जब वह नहीं उठे तो उनकी पत्नी ने पहले सोचा कि वह थक गये हैं इसलिए नहीं उठ पाए लेकिन 2-3 घंटे के बाद जब जाकर देखा तो उनका शरीर ठंडा पड़ चुका था। किसी प्रकार की कोई हलचल भी नहीं थी। आनन-फानन में परिजन दुबे को पारस अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### निलंबित नेता सीमा पात्रा के मामले में मेंटेनेबिलिटी पर सुनवाई पूरी

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने नौकरानी के साथ क्रूरता मामले में निचली अदालत द्वारा डिस्चार्ज पेटिशन खारिज किए जाने को चुनौती देने वाली भाजपा की निलंबित नेता सीमा पात्रा की क्रिमिनल रिवीजन की सुनवाई सोमवार को की। मामले में मेंटेनेबिलिटी (याचिका सुनवाई योग्य है या नहीं) के बिंदु पर सुनवाई पूरी हो गई। इस पर कोर्ट कल यानी मंगलवार को फैसला सुनाएगा। सुनवाई के दौरान इस पर बहस की गई कि यह मामला क्रिमिनल रिविजन का है या अपील का। सूचक विवेक बास्की की ओर से अधिवक्ता शुभाशीष रसिक सोरेन एवं अधिवक्ता शोभा लकड़ा ने पैरवी की। मामले को लेकर सीमा पात्रा के खिलाफ अरगोड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

### मदरसा परीक्षा को ले निषेधाज्ञा लागू

**रांची।** झारखंड अधिविद्य परिषद, रांची द्वारा आयोजित वार्षिक मदरसा परीक्षा (वर्ग वस्तानिया से मौलवी तक) 2024 एवं (आलिम से फाजिल) परीक्षा-2023 आगामी 25 जून से प्रारंभ होकर 04 जुलाई तक प्रथम पाली 09.45 बजे पूर्वाह्न से 01.00 बजे अपराह्न तक एवं द्वितीय पाली 02.00 बजे अपराह्न से 05.15 बजे अपराह्न तक आयोजित होगा। इन परीक्षा केन्द्रों पर कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा का आयोजन कराने के लिए रांची उपायुक्त एवं एसएसपी ने पुलिस बल एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति कर दी है।

### प्रदेश भाजपा के आगामी 60 दिनों के कार्यक्रमों की घोषणा

# राहुल की दादी इंदिरा ने आपातकाल में उड़ाई थी संविधान की धज्जियां : बाबूलाल मरांडी

**ब्यूरो रिपोर्ट**

रांची। झारखंड विधानसभा के चुनाव का लगभग सौ दिन का समय बचा है, स सौ दिन में करीब 60 दिनों का भाजपा प्रदेश कमेटि ने अपने कार्यक्रमों की घोषणा कर दी है। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में पार्टी की आगामी कार्यक्रमों की घोषणा की। प्रेस वार्ता में प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अशोक बड़ाईक एवं प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज उपस्थित थी। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी बूथ से लेकर राज्य स्तर पर कई प्रकार की कार्यक्रम आयोजित करेगी। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल ने बताया कि 25 जून को पार्टी के द्वारा देश भर में आपातकाल के विरोध में काला दिवस के रूप में मनाई जाएगी। पार्टी पूरे प्रदेश भर में काला दिवस मनायेगी। इसको लेकर कार्यक्रम प्रभारियों बनाए गए है। इसमें प्रदीप वर्मा, गुरविंदर सिंह सेठी, प्रेम मित्तल, प्रदीप सिन्हा, दीनदयाल वर्णवाल, डॉ राजश्री जयंती शामिल है।



#### 30 जून को मन की बात

मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात की कार्यक्रम की तीसरी कार्यकाल की यह पहली मन की बात कार्यक्रम 30 जून को निर्धारित है। पार्टी द्वारा सभी बूथों पर मन की बात कार्यक्रम किया जाएगा। इसके लिए कमिटी बनाई गई है जिसमे प्रदीप वर्मा, सरोज सिंह, कुमार अमित, सुमन कुमार को शामिल किया गया है। साथ ही 30 जून को हूल दिवस कार्यक्रम को भी कार्यकर्ता अपने अपने बूथों पर मनायेगी। कार्यकर्ता द्वारा सिद्धो-कान्हो, चाँद-भैरव, फूलों- झानो के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करें उन्हें याद करेगी।

#### 6 से 15 जुलाई तक विजय संकल्प दिवस

बाबूलाल ने बताया कि 6 से 15 जुलाई के बीच अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा कार्यक्रम किया जाएगा। लोकसभा चुनाव में भाजपा को लगभग 81 लाख वोट प्राप्त हुए। राज्य की जनता ने 9 लोकसभा सीट पर भाजपा को जीत दिलाया। राज्य की एक बहुत बड़ी आबादी ने पार्टी का साथ दिया। इसलिए पार्टी ने विधानसभा स्तर पर बड़े-बड़े कार्यकम आयोजित कर उस क्षेत्र की जनता एवं कार्यकताओं का अभिनंदन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में पार्टी के नेता, सांसद, विधायक सभी उपस्थित रहेंगे।

#### 20 जुलाई को विस्तृत प्रदेश कार्यसमिति बैठक

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 20 जुलाई को विस्तृत प्रदेश कार्यसमिति बैठक आयोजित की जाएगी जिसमें मंडल स्तर के कार्यसमिति, जिला कार्यसमिति एवं प्रदेश कार्यसमिति तक के कार्यकर्ता शामिल रहेंगे। यह कार्यक्रम संभवतः मोरहाबादी मैदान में आयोजित की जायेगी। उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव में 3 महीना का समय बचा है, इसके लिए पार्टी ने राज्य सरकार के खिलाफ आरोप पत्र बनाने के लिए 'आरोप पत्र समिति' का गठन किया गया है। इसके लिए बाबूलाल मराण्डी, अर्जुन मुंडा, अमर कुमार बाउरी, अन्नपूर्णा देवी, नवीन जयसवाल, अन्नत ओझा, भानु प्रताप शाही, गीता कोड़ा, बीडी राम, संजय सेठ को जिम्मेवारी दी गई है। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची का पुनरीक्षण समिति के बैठक 29 जून को सुनिश्चित की गई है। इसमे राकेश प्रसाद, नंदी प्रसाद, चंद्र प्रकाश, कर्नल संजय सिंह, कर्नल बीके सिंह, बलराम दुबे, बबलू मंडल को जिम्मेवारी दी गई है। उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव के दौरान कई प्रमुख नेताओं का कार्यक्रम होता है इसके लिए उनके भाषण के बिंदु तैयार करने के लिए टॉयरो बैठक 29 जून को रखी गई है। इसमें योगेंद्र प्रताप सिंह, समीर उराँव, रविनाथ किशोर जिम्मेवारी दी गई है। उन्होंने बताया कि युवा मोर्चा 28 जून को और महिला मोर्चा बैठक 29 जून को होगी। इसमें विकास महतो, मनीष दुबे, रूपेश सिन्हा, अमित अग्रवाल, रामाशीष तिवारी,आरती सिंह, आरती कुजूर, सुनीता सिंह, पिंकी मंडल, गीता बुलमुचु, बारी मुर्मू, रितिका मुखी, डॉ सुनीता देवदूत सोरेन को जिम्मेवारी दी गई है।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान राहुल गांधी संविधान की कॉपी लेकर देश भर में घूमघूम कर भ्रम फैला रहे थे कि नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे तो संविधान और आरक्षण समाप्त कर देंगे। लेकिन देशवासी को स्मरण है कि जो संविधान और आरक्षण बचाने की गारंटी दे रहे थे उनके ही दादी इंदिरा गांधी ने देश भर में आपातकाल लगा कर संविधान को कुचल दी थी। आपातकाल के समय मीडिया पर प्रतिबंध लगाया था, किसी भी नागरिक की स्वतंत्रता नहीं थी। जो भी नेता विरोध में आवाज उठाते थे उनको जेल में डाल देते है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी पीएम मोदी के बारे में बोलने से पहले उन्हें अपने दादी इंदिरा गांधी के फैसलों पर भी बोलना चाहिए।

### भाजपा संविधान को बदल रही और आरोप कांग्रेस पर लगा रही : कांग्रेस

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा कांग्रेस और राहुल गांधी पर लगाए गए आरोपों के जवाब में कहा कि देश में शैक्षणिक आपातकाल लगा हुआ है, भाजपा संविधान की धज्जियां उड़ाने में लगी है और बाबूलाल मरांडी कांग्रेस पर आरोप लगा रहे हैं। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि देश की जनता ने संविधान की रक्षा के नाम पर कांग्रेस और इंडिया गठबंधन को वोट दिया है और इसमें कांग्रेस कभी पीछे नहीं रहेगी। देश के संवैधानिक मूल्यों की रक्षा का दायित्व भरोसा करके जनता ने हम पर पर सौंपा है, उनके भरोसे को कायम रखने के लिए राहुल गांधी के नेतृत्व में संघर्ष सदन के अंदर से सदन के बाहर तक जारी है। लोकसभा के प्रोटेम स्पीकर पद पर वरीय सांसद की नियुक्ति न कर पीएम मोदी ने अपनी मंशा स्पष्ट कर दी है। बाबूलाल मरांडी को इस मामले में थोड़ा ज्ञान प्रधानमंत्री को भी देना चाहिए। लोकतांत्रिक ढंग से चुनी हुई राज्य सरकारों को खरीद- फरोख्त के माध्यम से बदलने वाली भाजपा गिरेबान बचाने के लिए कांग्रेस पर आरोप लगा रहे हैं।

#### सरकार बनाने का सपना देख रहे भाजपाई

## दहाई अंक भी नहीं करेंगे पार : सुप्रियो भट्टाचार्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा प्रदेश प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, सह प्रभारी और असम के सीएम हेमंत विस्वा शर्मा और प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी पर जमकर निशाना साधा है। झामुमो प्रवक्ता ने कहा कि प्रभारी पर व्यापम घोटाला और हेमंत विस्वा शर्मा पर शारदा घोटाला का आरोप है, जबकि बाबूलाल मरांडी झारखंड के भ्रष्टाचारियों के संरक्षक बनकर उभरे हैं। झामुमो प्रवक्ता सोमवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि रविवार को भाजपा के दोनों प्रभारियों ने प्रदेश के नेताओं के साथ विधानसभा चुनाव में जीत की रणनीति बनाई और सरकार बनाने का सपना दिखाया, लेकिन इस बार भाजपा दहाई अंक भी पार नहीं कर पाएगी। झारखंड में साम्प्रदायिकता के सहारे नहीं बल्कि भाईचारे के साथ चुनाव लड़ा जाएगा।



झामुमो नेता ने भाजपा पर तंज कसते कहा कि जिन दो आदिवासी नेताओं के कंधे पर सवार होकर विधानसभा चुनाव लड़ना चाहते हैं, उनका हश्र लोकसभा में दिख चुका है। झामुमो प्रवक्ता ने कहा कि वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण कुछ दिनों पहले झारखंड आयी थीं। उनसे दो लोगों ने मुलाकात की, जिसमें एक सेना की भूमि के घोटाले के आरोपित विष्णु अग्रवाल हैं, दूसरे व्यक्ति कमलेश कुमार है, जिसके यहां से एक करोड़ और कारतूस मिले।

## विस चुनाव से पूर्व कैप सर्वे की तैयारी सर्वेक्षणकर्मी 27 से करेंगें आंकड़ा संग्रह

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने निर्वाचन सदन में कैप सर्वे टीम के सदस्यों के लिए आयोजित 2 दिवसीय कार्यशाला को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मतदाताओं की निर्वाचन सहभागिता की वास्तविक स्थिति की जानकारी एकत्रित करने के लिए राज्य में कैप सर्वे कराया जा रहा है। सर्वे टीम के सदस्य, सर्वेक्षण के दौरान मतदाताओं से सूचनाएं एकत्रित करते समय सभी प्रश्नों को उचित फॉर्मेट में इंट्री करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने निर्देश दिया कि कैप सर्वे की टीम ससमय अपने प्रतिवेदन उपलब्ध कराए ताकि मतदाताओं के बीच समय रहते आवश्यक जागरूकता फैलाई जा सके। निर्वाचन सदन में आयोजित 2 दिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम में सर्वे टीम के सदस्यों को इससे संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत रूप से प्रशिक्षण भी दिया गया। प्रशिक्षण के उपरांत सर्वे कर्मी 27 जून से फील्ड वर्क करेंगें। सर्वे टीम सिस्टम रैंडम मैथड के जरिये मतदाताओं की निर्वाचन सहभागिता प्रवृत्तियों, जानकारी के स्तर आदि से संबंधित सूचनाएं एकत्रित करेंगें। जुलाई के अंत तक सर्वे टीम निर्वाचन विभाग को सर्वे से संबंधित सभी बिंदुओं पर विस्तृत रूप से विश्लेषणात्मक रिपोर्ट समर्पित करेगी। कैप सर्वे में सिस्टम रैंडम मैथड के जरिये राज्य की 20 विधानसभा क्षेत्रों के 60 मतदान केंद्रों के 30-30 घरों में लगभग 1800 से अधिक परिवारों के बीच जाकर मतदाताओं के ज्ञान, दृष्टिकोण, विश्वास, व्यवहार व अभ्यास का अध्ययन कर सर्वे रिपोर्ट ससमय उपलब्ध कराएगी। इस अवसर पर डा. हरीश्वर दयाल, डॉ. सीमा अखोरी, डॉ. अश्विनी कुमार, डॉ. अमित कुमार ने सर्वे से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर सर्वे कर्मियों को प्रशिक्षण दिया।


#### मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए ऑनलाइन या ऑफलाइन कर सकते हैं आवेदन : के. रवि कुमार



**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने राज्य में होने वाले मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर मीडिया से मुखातिब हुए। उन्होंने राज्य के नागरिकों से अनुरोध किया है कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान नए पात्र मतदाता स्वयं को पंजीकृत करवाने या जिन मतदाताओं के पास पुराने लेमिनेटेड कार्ड है उसे अद्यतन कराने हेतु अपने बीएलओ के माध्यम से अथवा वोटर हेल्पलाइन ऐप पर आवेदन समर्पित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार राज्य में 25 जून से 24 जुलाई तक मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का प्री-रिविजन एक्टिविटीज किया जा रहा है। इसके तहत बीएलओ घर-घर जाकर मतदाता सूची का पुनरीक्षण करेंगी साथ ही उच्च अधिकारियों द्वारा भी इसका भौतिक सत्यपन किया जाएगा।

## न्यूज बॉक्स

### मुख्यमंत्री से मिले सीसीएल के अध्यक्ष



**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से सोमवार को झारखंड मंत्रालय में सेंट्रल कोल फील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक निलेंदु कुमार सिंह ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

### गोपीनाथपुर गांव की घटना मामले को लेकर भाजपा ने राज्यपाल सौंपा ज्ञापन



**रांची।** नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी के नेतृत्व में प्रदेश भाजपा के एक शिष्टमंडल ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से सोमवार को राजभवन में मुलाकात की। भाजपा शिष्टमंडल ने राज्यपाल से पाकुड़ जिला के गोपीनाथपुर गांव में गत 17 जून को बकरीद के दिन उपद्रव की घटना का उल्लेख करते हुए विभिन्न मांगों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा। शिष्टमंडल ने ज्ञापन के माध्यम से गोपीनाथपुर गांव में तत्काल एक स्थायी पुलिस पिकेट की स्थापना करने और केंद्रीय पुलिस बल तैनात करने, गोपीनाथपुर की घटना की एक उच्चस्तरीय न्यायिक जांच करा कर दोषियों पर कार्रवाई करने, वहां के ग्रामीणों को हुई क्षति को देने की मांग की। साथ ही राज्य में इस प्रकार की घटना की पुनार्वृति न हो, इस दिशा में कार्रवाई करने के लिए पहल करने का आग्रह किया। शिष्टमंडल ने वहां के शिक्षा के लिए एक स्कूल की स्थापना करने और पूरे राज्य में प्रतिबंधित मांस की बिक्री करने वाले व्यक्तियों को चिह्नित कर कार्रवाई करने का आग्रह किया। शिष्टमंडल में विधानसभा सदस्य नवीन जयसवाल, भानु प्रताप शाही, रणधीर कुमार सिंह और अमित मण्डल मौजूद थे।

### संजय सेठ ने संसद में शपथ ग्रहण किया



**रांची।** 18वीं लोकसभा के संसद के रूप में रांची के सांसद संजय सेठ ने शपथ ग्रहण किया। इस अवसर पर संसद सेठ में बताया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत सशक्त भारत बनाने के लिए निष्ठा पूर्वक कार्य करेंगे। शपथ ग्रहण के उपरांत सांसद संजय सेठ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिवादन किया। सांसद सत्र शुरू होने के पहले दिन लोकसभा में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अगवाई की।

### स्वच्छता हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है : संजय कुमार

**रांची।** कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय कुमार ने सोमवार को महाप्रबंधक कार्यालय, कथारा से स्वच्छता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर सभी विभागाध्यक्ष, क्षेत्रीय सलाहकार समिति के सदस्य, अधिकारी, कार्यालय के कर्मचारी एवं आम नागरिक उपस्थित थे। स्वच्छता जागरूकता रथ कथारा क्षेत्र की सभी परियोजनाओं, इकाइयों, कॉलोनियों और आसपास के गांवों का भ्रमण करेगा और स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुंचाएगा। इस कार्यक्रम का आयोजन चंदन कुमार, उप प्रबंधक (सीएसआर) द्वारा कोयला मंत्रालय के दिशा निर्देशों के अनुसार 14 जून से 30 जून 2024 तक मनाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान विभागाध्यक्ष (कार्मिक एवं प्रशासन) जयंत कुमार के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान स्वच्छता से संबंधित विभिन्न गतिविधियों और कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि में मेगा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

**रांची।** एक्स्ट्रामार्क्स एजुकेशन इंडिया प्रा लिमिटेड ने जेईपीसी (झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद), मुख्यालय रांची द्वारा शासित आईसीटी झारखंड परियोजना चरण 2 और 3 में कंप्यूटर प्रशिक्षक (शिक्षक) के पद के लिए एक व्यापक भर्ती अभियान चलाया है। यह संगठन 11 महीने के लिए अनुबंध के आधार पर योग्य उम्मीदवारों की तलाश कर रहा है। इसमें मासिक सीटीसी 10,500 की राशि निर्धारित है, और इस राशि में 500 रुपये की बढ़ोतरी प्रत्येक वर्ष किए जाने का प्रावधान है। चयनित उम्मीदवार पूरे झारखंड के विभिन्न प्रखंडों में विद्यार्थियों को कंप्यूटर शिक्षा प्रदान करने का कार्य करेंगे। आवेदकों के पात्रता मानदंड इस प्रकार निर्धारित थे। इस दो दिवसीय कैंपस ड्राइव में 250 से अधिक अभ्यर्थियों ने भाग लिया।

### 9 साल से जेएसएससी सीजीएल परीक्षा की आस में हैं अभ्यर्थी

**रांची।** जेएसएससी द्वारा ली जाने वाली परीक्षा जेएसएससी सीजीएल (संयुक्त स्नातकोत्तरीय परीक्षा) 9 वर्षों से नहीं हुई है। वहीं, इस परीक्षा की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों की आस टूट रही है। वर्ष 2015 से परीक्षा के लिए आवेदन तो मांगे जाते हैं, लेकिन परीक्षा आयोजित नहीं हो पाती है। आवेदन मांगने के बाद किसी ना किसी कारण से परीक्षा को स्थगित या रद्द कर दिया जाता है। वर्ष 2024 में दो फेज में परीक्षा होनी थी। पहले फेज की परीक्षा जनवरी में हुई और दूसरे फेज की परीक्षा फरवरी में होनी थी। लेकिन, पहले फेज की परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक हो गया। इसे लेकर अभ्यर्थियों ने विरोध प्रदर्शन किया और इसके बाद परीक्षा को रद्द तक दिया गया।

### नई शिक्षा नीति के अनुसार किताबें उपलब्ध कराई जाएं : विशाल यादव

**रांची।** युवा आजसू का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को विशाल यादव के नेतृत्व में मारवाड़ी महाविद्यालय के प्राचार्य से मुलाकात कर उन्हें 9 सूत्री मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र सौंपते हुए युवा आजसू के विशाल यादव ने मारवाड़ी महाविद्यालय के प्राचार्य से कहा कि पूरे कैंपस में छात्र-छात्राओं के लिए वाईफाई की व्यवस्था की जाए। विशाल यादव ने कहा कि मारवाड़ी महिला महाविद्यालय में लिफ्ट की मरम्मत कर उसे चालू किया जाए। महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं के पढ़ने के लिए नई शिक्षा नीति के अनुसार किताबें उपलब्ध नहीं हैं, नई शिक्षा नीति सिलेबस के अनुसार किताबें उपलब्ध कराई जाएं।

### नाबालिग सामूहिक दुष्कर्म के विरोध में आजसू ने निकाला आक्रोश कैंडल मार्च

**रांची।** आजसू पार्टी रांची महानगर ने ओरमांझी में 12 वर्षीय बच्ची के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म और सरकार की नाकामी, प्रशासन की विफलता के विरोध में आजसू पार्टी द्वारा रांची यूनिवर्सिटी गेट से फिरायालाल चौक तक आक्रोश कैंडल मार्च निकाला गया। जिसमें सैंकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए। कैंडल मार्च का नेतृत्व आजसू पार्टी केन्द्रीय सचिव सह रांची महानगर प्रभारी जितेंद्र सिंह ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हम सभी को पीड़ित बच्ची एवं उनके परिवार के प्रति गहरी सहानुभूति है एवं आजसू पार्टी के द्वारा उन्हें हर संभव सहायता दी जायेगी।

## पृष्ठ एक का शेष

**सरकार बहुमत से चलती है...**
लक्ष्य को साकार करने के लिए आज से 18वीं लोकसभा शुरू हो रही है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के बाद यह केवल दूसरी बार है जब देश ने किसी सरकार को तीसरी बार सेवा करने के लिए अपना जनादेश दिया है। उन्होंने कहा, यह अवसर 60 वर्षों के बाद आया है जो इसे अपने आप में गौरवपूर्ण है।

**आज आपातकाल के 50 वर्ष पूरे हो रहे हैं, यह भारतीय लोकतंत्र पर काला धब्बा :** प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए देश को आपातकाल की याद दिलाते हुए कहा कि 25 जून को आपातकाल के 50 साल पूरे हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह भारतीय लोकतंत्र पर एक काला धब्बा है। उन्होंने कहा कि भारत की नई पीढ़ी उस दिन को कभी नहीं भूलेगी, जब लोकतंत्र को कुचलकर भारत के संविधान को पूरी तरह से नकार दिया गया था और देश को जेल खाने में बदल दिया गया था। प्रधानमंत्री ने नागरिकों से भारत के लोकतंत्र और लोकतांत्रिक परंपराओं की रक्षा का संकल्प लेने का आह्वान किया ताकि ऐसी स्थिति फिर कभी न आए। प्रधानमंत्री ने कहा, हम एक जीवंत लोकतंत्र का संकल्प लेंगे और भारत के संविधान के अनुसार आम लोगों के सपनों को पूरा करेंगे।

**प्रधानमंत्री सहित मंत्रिपरिषद ने...**
में राज्यों के सासंदों को शपथ दिलायी गई। सबसे पहले आंध्र प्रदेश से सांसदों ने शपथ ग्रहण की। ज्यादातर मंत्रियों ने अपने राज्य की भाषा में शपथ ली। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के शपथ ग्रहण के दौरान विपक्ष ने शोर किया। इस दौरान विपक्ष के नेता नीट-नीट शेम-शेम के नारे लगाने लगे। सदन में विपक्ष के नेता हाथ में संविधान लिए हुए विरोध करने लगे। मंगलवार को भी सदस्यों को शपथ दिलाई जाएगी और अध्यक्ष का चयन किया जाएगा। बुधवार को राष्ट्रपति का अभिभाषण होगा, जिस पर चर्चा होगी और प्रधानमंत्री का वक्तव्य होगा। पहला सत्र 3 जुलाई तक है इसके पूरा होने के कुछ दिनों के बाद बजट सत्र आयोजित किया जाएगा। इसमें वित्त मंत्री वित्तीय वर्ष 24-25 के लिए बजट पेश करेंगी।

**जीएसटी के 7 साल : घरेलू सामान...**
के लिए लगातार काम कर रहे हैं।

**आटा, दही, छाछ, शहद, कॉस्मेटिक, टेलीविजन, पंखा, कूलर और रेफ्रिजरेटर हुए सस्ते :** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) की ओर से जारी किए गए डेटा के मुताबिक, जीएसटी लागू होने के बाद घरों में उपयोग होने वाली कई वस्तुओं जैसे आटा, कॉस्मेटिक, टेलीविजन और रेफ्रिजरेटर आदि की कीमतों में कमी आई है। सीबीआईसी के आंकड़ों के मुताबिक, जीएसटी आने से पहले आटे, दही एवं छाछ और शहद पर क्रमशः 3.5 प्रतिशत, 4 प्रतिशत और 6 प्रतिशत टैक्स लगता था, जो अब शून्य हो गया है। वहीं, कॉस्मेटिक और डिटर्जेंट पर 28 प्रतिशत, हेयर ऑयल, साबुन और टूथपेस्ट पर 27 प्रतिशत टैक्स लगता था। जीएसटी आने के बाद इन उत्पादों पर 18 प्रतिशत टैक्स लगता है। जीएसटी आने से पहले एलपीजी चूल्हे पर 21 प्रतिशत टैक्स लगता था, जो कि अब घटकर 18 प्रतिशत हो गया है। सीबीआईसी द्वारा आंकड़ों में बताया गया कि इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों, पंखा, वाटर कूलर और फर्नीचर पर जीएसटी लागू होने से पहले 31.3 प्रतिशत टैक्स लगता था, जो अब घटकर 18 प्रतिशत हो गया है।

**सांसद वीडी राम ने ली...**
प्रतिबद्ध हैं। सांसद ने इस अवसर पर पलामू संसदीय क्षेत्र की समस्त जनता के प्रति आभार व्यक्त किया। कहा कि लगातार तीसरी बार पलामू-गढ़वा की जनता ने अपना आशीर्वाद व समर्थन देकर भारी मतों से जिताया है। साथ ही जनता की सेवा करने का मौका दिया हैं।

**राम मंदिर का निर्माण 9 महीने में...**
दरवाजे भी होंगे। मंदिर के ग्राउंड फ्लोर पर गर्भगृह होगा। इसमें भगवान श्री राम के बाल स्वरूप के दर्शन होंगे। राम मंदिर का निर्माण 9 महीने में पूरा कर लिया जाएगा। जानकारी के मुताबिक 1000 से भी अधिक मजदूर राम मंदिर के निर्माण कार्य में दिन रात जुटे हैं। 9 महीने में सभी काम को खत्म करने को कहा गया है। इसके बाद परिसर में कोई काम नहीं दिया जाएगा। पत्थरों की कटाई का काम करीब पूरा हो चुका है। इनको एक-एक कर जोड़ा जा रहा है। मंदिर परिसर में मुख्य भवन के अलावा श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए भी सुविधा केन्द्र का निर्माण कराया जा रहा है।

**लातेहार में टीएसपीसी नक्सली...**
छापामारी आरंभ कर दी। इसी बीच गुप्त सूचना मिली कि लातेहार थाना क्षेत्र के तिकुलियाटांड़ के पास कुछ उग्रवादी एकत्रित होकर किसी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। सूचना मिलने के बाद पुलिस इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने छापामारी की और घटनास्थल से सात उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार उग्रवादियों में दीपक उरांव और इस्लाम अंसारी गिरोह का सरगना था। दोनों कुछ दिन पूर्व ही जेल से निकले थे और लातेहार जिले में टीएसपीसी संगठन को फिर से सक्रिय बनाने का प्रयास कर रहे थे। परंतु अपनी योजना में सफल होने से पूर्व ही सभी उग्रवादी गिरफ्तार हो गए। एसपी ने बताया कि उग्रवादियों की गिरफ्तारी में पुलिस इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार के अलावे सब इंस्पेक्टर रंजन कुमार पासवान, धर्मवीर सिंह ,कुबेर प्रसाद देव ,रविंद्र महली, उमापद महतो समेत अन्य पुलिस अधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

**वीर भूमि को फिर अलगाववाद से लाल...**
तो विदेशी थे, जबकि 188 देश के भीतर के ही थे। पंजाब के पटियाला में खालिस्तानी आतंकी पन्नू ने खालिस्तान स्थापना दिवस मनाने का ऐलान किया था, जिसके बाद स्थानीय हिंदू संगठन ने खालिस्तानी मुदार्बाद मार्च निकालने का ऐलान किया था। मार्च निकालने के बाद खालिस्तान समर्थकों ने विरोध किया और दोनों समुदायों के बीच तनाव ऐसा बढ़ा कि पत्थरबाजी और बवाल में तब्दील हो गया था। पंजाब के अजनाला में 23 फरवरी को खालिस्तानी समर्थक संगठन वारिस पंजाब दे ने खूब बवाल मचाया। खालिस्तान समर्थक संगठनों और आतंकियों की मौजूदगी कनाडा से लेकर दुबई, पाकिस्तान, यूके और ऑस्ट्रेलिया तक रही है। विदेशों में कई हिंदू मंदिरों में तोड़फोड़ की घटनाएं सामने आई हैं, जिनके तार खालिस्तान समर्थकों से जुड़े थे। स्वामीनारायण मंदिर पर हमला, विक्टोरिया के श्रीशिवा विष्णु मंदिर में तोड़फोड़, मेलबर्न के इस्कॉन टेंपल में तोड़फोड़, महाशिवरात्रि पर क्वीन्सलैंड के गायत्री मंदिर में कॉल पर धमकी देकर खालिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने को कहा गया था। ऐसी घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। सभी में सोशल मीडिया का दुरुपयोग किया गया है जिससे भारत में नफरत फैले और ब्रांड भारत बदनाम हो।

**एक शब्द में लिख डाला...**
रिकार्ड में अंकित होगा। तब मेरा सपना पूरा होगा। शिवकुमार पांडेय काफी मेहनती व ईमानदार प्रवृत्ति के इंसान हैं। उनकी खासियत है सरल व उच्च विचार। उनकी यह विशेषता के अलावा उनकी एक और विशेषता है कि वे वैद्य भी हैं। कई तरह की आयुर्वेदिक पद्धति की भी जानकारी रखते हैं।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com



# विपक्षी सांसदों ने संविधान की प्रति ले लोस में ली शपथ

## लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत ने भी हाथ में संविधान की प्रति लेकर शपथ ली

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के कुछ सांसदों ने हाथ में संविधान की प्रति लेकर लोकसभा में संसद सदस्यता की शपथ ली। अंबाला से कांग्रेस सांसद वरुण चौधरी ने हाथ में संविधान की कॉपी लेकर शपथ ली। रकीबुल हुसैन जो कि असम की धुबरी से चुने गए हैं, उन्होंने भी लोकसभा सदस्य की शपथ लेते समय हाथ में संविधान की कॉपी पकड़ी हुई थी। इसी तरह झारखंड की लोहरदगा सीट से कांग्रेस सांसद सुखदेव भगत ने भी हाथ में संविधान की प्रति लेकर शपथ ली। कांग्रेस के कई अन्य सांसदों ने सोमवार को संसद सदस्य के रूप में शपथ ली। इनमें पूर्व केंद्रीय मंत्री व वरिष्ठ कांग्रेस नेता कुमारी शैलजा, रोहतक से कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा शामिल रहे। 18वीं लोकसभा के पहले सत्र में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सरकार को घेरते हुए कहा कि प्रधानमंत्री, गृह मंत्री संविधान पर आक्रमण कर रहे हैं। यह हमारे लिए स्वीकार्य नहीं है, हम ऐसा होने नहीं देंगे। इसीलिए हमने शपथ लेते हुए संविधान को पकड़ा है। संदेश जा रहा है। हिंदुस्?तान के संविधान को कोई शक्ति नहीं छू सकती।

उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन का मजबूत विपक्ष अपना दबाव जारी रखेगा, लोगों की आवाज उठाएगा और प्रधानमंत्री को बिना जवाबदेही बचकर निकलने नहीं देगा। गौरतलब है कि इंडिया गठबंधन के कई सांसदों ने सोमवार को संसद परिसर में संविधान



की प्रति के साथ प्रदर्शन भी किया। प्रदर्शन में कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, डीएमके समेत इंडिया गठबंधन के विभिन्न दल शामिल रहे।

इस दौरान कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व अन्य विपक्षी नेताओं ने 'संविधान की रक्षा हम करेंगे' व 'लोकतंत्र जिंदाबाद' के नारे लगाए। सदन का नेता होने के नाते सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शपथ दिलाई गई। प्रधानमंत्री के उपरांत कांग्रेस सांसद कोडिकुन्निल सुरेश का नाम पुकारा गया। लेकिन, वह सदन में मौजूद नहीं थे। सुरेश आठ बार लोकसभा चुनाव जीत चुके हैं। इसी के चलते उन्हें प्रोटेम स्पीकर की सहायता के लिए भी नियुक्त किया गया है। प्रोटेम स्पीकर की अनुपस्थिति में सुरेश को नए सांसदों को शपथ दिलानी थी। हालांकि, कांग्रेस का कहना है कि प्रोटेम स्पीकर की नियुक्ति में सुरेश की वरिष्ठता को नजरअंदाज किया गया।

## अपनी मां की तरह बांसुरी स्वराज ने संस्कृत में ली सांसद पद की शपथ





दिवंगत विदेश मंत्री सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज ने संस्कृत भाषा में शपथ ली। इससे पहले सुषमा स्वराज जब साल 2014 में विदिशा लोकसभा सीट से सांसद निर्वाचित हुई थी तब उन्होंने भी बतौर संसद सदस्य संस्कृत में शपथ ली थी। बांसुरी स्वराज ने अपने पहले लोकसभा चुनाव में नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र से जीत हासिल की। हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से भाजपा सांसद कंगना रनौत ने सोमवार को 18वीं लोकसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। उन्होंने हिंदी में शपथ ली। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ ली।

### संविधान पर हमला स्वीकार नहीं : राहुल गांधी

नई सरकार के गठन के बाद लोकसभा का 18वीं सत्र आज से शुरू हो गया। प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित कैबिनेट मंत्रियों और विपक्षी सदस्यों को शपथ दिलाई। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि संविधान पर हमला स्वीकार नहीं है।

## ब्रिफ न्यूज़

### सोनाक्षी और जहीर ने किया रोमांटिक डांस, काटा वेडिंग केक



**मुंबई।** सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल ने रविवार को परिवार वालों की मौजूदगी में कोर्ट मैरिज की। इसके बाद कपल ने ग्रैंड रिसेप्शन पार्टी भी होस्ट की। इस पार्टी की फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। एक वीडियो में कपल डांस करते नजर आ रहे हैं। सोनाक्षी ने 'तेरे मस्त मस्त दो नैन', 'चिकनी कमर', 'छैया छैया' और 'आफरीन' जैसे पॉपुलर सॉन्ग पर डांस किया। मुंबई के लिंकिंग रोड पर स्थित बास्टियन रेस्टोरेंट में रिसेप्शन पार्टी रखी गई। लुक की बात करें तो सोनाक्षी ने सुर्ख लाल रंग की बनारसी सिल्क ब्रोकेड साड़ी पहनी हुई थी। उसमें गोल्डन कढ़ाई का वर्क था। यह एथिनिक फैशन लेबल 'रॉ मैंगो' के कलेक्शन से ली गई थी।

### केरल का नाम बदल 'केरलम' करने का प्रस्ताव फिर से पास

**तिरुवनंतपुरम।** केरल विधानसभा में सर्वसम्मति से राज्य का नाम बदलने के संबंध में एक प्रस्ताव पारित किया गया। सोमवार को यह प्रस्ताव मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने पेश किया। प्रस्ताव के मुताबिक केरल का नाम केरलम कर दिया जाएगा। अब यह प्रस्ताव मंजूरी के लिए केंद्र के पास भेजा जाएगा। बता दें कि पिछले वर्ष 9 अगस्त को इसी प्रकार का एक प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित कर केंद्र को भेजा गया था, जिसमें संविधान के अनुच्छेद 3 के तहत राज्यों के नाम में संशोधन के लिए तत्काल कदम उठाने की मांग की गई थी।

### सरकार बनने के बाद हिमाचल पहुंची 16वें वित्त आयोग की टीम

**शिमला।** लोकसभा चुनाव में जीत की हैट्रिक और केंद्र में नई सरकार बनने के बाद 16वें वित्त आयोग की टीम हिमाचल प्रदेश के शिमला पहुंची। वित्त आयोग की टीम के शिमला पहुंचने के बाद वित्तीय संकट से जूझ रही सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार को एक आस बंधी है। सोमवार को आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता में राज्य अतिथि गृह पीटरहॉफ में 16वें वित्त आयोग की बैठक हुई। हिमाचल के लगातार बढ़ रहे राजस्व घाटे को देखते हुए सरकार ने वित्त आयोग के समक्ष राज्य के हितों की पैरवी की ताकि नया वित्त आयोग केंद्र के समक्ष ग्रांट को बढ़ाने की सिफारिश कर सके।

### अफगानिस्तान में भूस्खलन से सात लोगों की हुई मौत



**काबूल।** पूर्वी अफगानिस्तान के पक्तिया प्रांत के एक गांव में भूस्खलन से कम से कम सात लोगों की मौत हो गई है। सरकारी समाचार एजेंसी बख्तार ने सोमवार को यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की खबर के अनुसार, प्रांत के जनिखैल जिले के जकोरगोर गांव में रविवार रात आई प्राकृतिक आपदा में एक घर बह गया। अफगानिस्तान के सुदूर इलाकों में आज भी ज्यादातर लोग मिट्टी के घरों में रहते हैं। इस कारण भारी बारिश, हिमपात और भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं के समय उन्हें नुकसान की आशंका बनी रहती है।

## सरोगेसी से मां बनने वाली महिलाओं को भी मिलेगी 6 महीने की छुट्टी

-आरपी सिंह



▸ प्राइवेट कंपनियों में काम करने वाली महिलाओं के लिए सरकार यह लागू करे

**नई दिल्ली।** नौकरीपेशा महिलाओं द्वारा बहुत समय से सरोगेसी के लिए अवकाश की मांग किये जाने के बाद अब सरकार के कान पर जूं रेंगा है। लेकिन इसमें प्राइवेट कंपनियों में काम करने वाली महिलाओं को भी शामिल करना चाहिए। केन्द्र सरकार ने नियम में संशोधन करके नया नियम बनाया है कि अब सरकारी महिला कर्मचारी सरोगेसी से मां बनने पर भी छह महीने का मातृत्व अवकाश ले सकेंगी। केंद्र सरकार ने इस मामले में 50 साल पुराने नियम में संशोधन कर दिया है। केन्द्र सरकार ने सरोगेसी के मामले में महिला कर्मियों को 6 महीने के मातृत्व अवकाश की अनुमति देने के लिए नियमों में संशोधन किया। सरोगेसी का मतलब किराए पर ली गई कोख के जरिये बच्चे को जन्म देना होता है। केंद्रीय सिविल सेवा (अवकाश) नियमावली, 1972 में किए गए बदलावों के मुताबिक मां (सरोगेसी के जरिये पालने वाली मां) बच्चे की देखभाल के लिए अवकाश ले सकती है। बच्चे के पिता भी 15 दिन का पितृत्व अवकाश ले सकता है।

## नेतन्याहू ने कहा, गाजा में भीषण लड़ाई जल्द खत्म होगी

एजेंसी



**यरूशलेम।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि हमास के खिलाफ गाजा में भीषण लड़ाई जल्द खत्म होने वाली है। इजरायली चैनल 14 टीवी न्यूज को दिए एक इंटरव्यू में नेतन्याहू ने रविवार को कहा कि "रफा में युद्ध समाप्त होने वाला है"। साथ ही उन्होंने कहा, पूरी गाजा पट्टी में युद्ध समाप्त होने के "बहुत करीब" है। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया कि नेतन्याहू ने साथ ही ये भी कहा है कि इसका मतलब ये नहीं है कि गाजा पट्टी में चल रहे हमास के साथ संघर्ष का अंत हो जाएगा। हमास के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी। नेतन्याहू ने लेबनानी सशस्त्र समूह हिजबुल्लाह के खिलाफ युद्ध शुरू करने की इजरायल की चेतावनियों का जिक्र करते हुए कहा, गाजा में युद्ध समाप्त होने के बाद, "हम उत्तर की ओर बढ़ना जारी रखेंगे।" उन्होंने कहा कि इजरायल-लेबनान सीमा पर युद्ध विराम सुनिश्चित करने के लिए कोई भी समझौता "हमारी शर्तों पर होगा।" इजरायल के उत्तर में हिजबुल्लाह-इजरायल के बीच 7 अक्टूबर, 2023 से गोलीबारी चल रही है। उन्होंने कहा कि वह केवल इस समझौते पर सहमत होंगे कि गाजा पट्टी में हमास को पूरी तरह से सत्ता से हटा दिया जाएगा और लगभग 100 बंधकों को रिहा किया जाएगा।

## गया में मंगलवार से आयोजित होगी अग्निवीर सेना भर्ती रैली

एजेंसी

**गया।** बिहार के गया जिले में बीएमपी 3 मैदान में मंगलवार से सेना भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा। 5 दिवसीय इस रैली की शुरूआत 25 जून को होगी, जबकि समापन 29 जून को होगा। सेना भर्ती के निदेशक कर्नल राहुल द्विवेदी ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अग्निवीर सेना भर्ती में बिहार के 11 जिलों से शॉर्टलिस्ट किए गए पुरुष उम्मीदवार भाग लेंगे। इसमें औरंगाबाद,अरवल, जमुई, रोहतास, जहानाबाद, कैमूर, लखीसराय, नालंदा, नवादा और शेखपुरा जिले शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सेना भर्ती रैली के दौरान प्राथमिक चिकित्सा, विधि व्यवस्था, आपातकालीन चिकित्सा जिला प्रशासन की ओर से किया जाएगा। अग्निवीर सेना भर्ती के लिए 22 अप्रैल 2024 से 4 मई 2024 तक ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया था। इसमें चुने गए उम्मीदवारों के लिए भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। अग्निवीर योजना के तहत चार साल के लिए जवानों की भर्ती की जाती है। इस प्रक्रिया में सेना की सभी शाखा आर्मी, एयरफोर्स और नेवी शामिल होती हैं। इसके तहत भर्ती होने वाले जवानों को अग्निवीर कहा जाता है।

## गडकरी के मंत्रालय ने कैबिनेट से 22 लाख करोड़ रुपये के निवेश की मंजूरी मांगी

▸ यह 2031-32 तक देश में 30,600 किलोमीटर हाईवे बनाने के लिए है

-ब्यूरो



**नई दिल्ली।** सबसे ज्यादा और पक्ष-विपक्ष सबका काम काम करने के लिए प्रसिद्ध केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने कैबिनेट से 22 लाख करोड़ रुपये के निवेश की मंजूरी मांगी है। यह 2031-32 तक देश में 30,600 किलोमीटर हाईवे बनाने के लिए है। यह प्लान वित्त मंत्रालय को सौंपा गया है। इस प्लान के मुताबिक, पूरे देश में 18 हजार किलोमीटर एक्सप्रेस वे और हाई स्पीड कॉरिडोर बनाने की तैयारी है। इसके अलावा शहरों के आसपास 4 हजार किलोमीटर हाईवे को जाम मुक्त करने का भी प्लान है। वहीं सीमांत इलाकों में भी सड़क बनाने की योजनाएं हैं, जो रणनीतिक लिहाज से बेहद अहम हैं। गडकरी के मंत्रालय की योजना के मुताबिक, इसमें 25 प्रतिशत रकम प्राइवेट सेक्टर से आएगी। सड़क परिवहन मंत्रालय के अनुसार, दो चरणों में योजना तैयार की गई है। पहले राउंड के तहत 2028-29 तक सभी टेंडर जारी हो जाएंगे और उन पर 2031 तक काम पूरा कर लिया जाएगा। इन प्रोजेक्ट्स में 22 लाख करोड़ रुपये की पूंजी लगेगी। मंत्रालय ने सालाना 10 प्रतिशत बजट आवंटन बढ़ाने की मांग की है। ताकि परियोजनाओं को समय पर सुचारू रूप से पूरा किया जा सके। मालूम हो कि सरकार ने अंतरिम बजट में हाईवे मिनिस्ट्री को 2.78 लाख करोड़ का बजट आवंटित किया था। यह बीते वित्त वर्ष की तुलना में 2.7 प्रतिशत ज्यादा था। सड़क परिवहन मंत्रालय ने दूसरे चरण की जो योजना तैयार की है, उसके तहत 28,400 किलोमीटर हाइवे बनेगा। इस प्लान के तहत पूरी कार्ययोजना और टेंडर का काम 2033-34 तक निपटा लिया जाएगा और इन पर काम 2036-37 तक निपटा लिया जाएगा।

## आतिशी का स्वास्थ्य बिगड़ा, भर्ती होने की सलाह

▸ आतिशी का कहना है, मेरी जान से ज्यादा दिल्ली की जनता को पानी दिलाना जरूरी है।

एजेंसी



**नई दिल्ली।** दिल्ली में जल संकट को लेकर अनशन पर बैठीं जल मंत्री आतिशी का स्वास्थ्य गिरता जा रहा है। अनशन के चौथे दिन सोमवार को एलएनजेपी के चिकित्सकों ने आतिशी के स्वास्थ्य की जांच की। उनके स्वास्थ्य में भारी गिरावट को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती होने की सलाह दी है। आतिशी का कहना है, मेरी जान से ज्यादा दिल्ली की जनता को पानी दिलाना जरूरी है। जब तक दिल्लीवालों को उनके हक का पानी नहीं मिल जाता, उनका अनशन जारी रहेगा। 21 जून से दिल्ली की जलमंत्री आतिशी 28 लाख दिल्लीवालों को हरियाणा से उनके हक का पानी दिलाने के लिए अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठी हैं। सोमवार को अनशन के चौथे दिन लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल के चिकित्सकों की एक टीम ने उनके स्वास्थ्य की जांच की।

## बंगाल स्कूल नौकरी मामले में एजेंट की भूमिका निभाने वाले शिक्षक सीबीआई के निशाने पर

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में स्कूल में नौकरी के बदले नकदी मामले में सीबीआई अब सरकारी स्कूलों में कार्यरत कुछ शिक्षकों की जांच कर रही है, जिन पर बिचौलिए की भूमिका निभाने का संदेह है। सूत्रों ने बताया कि कुछ अभ्यर्थियों से पूछताछ के दौरान बिचौलियों के रूप में शिक्षकों की भूमिका सामने आई है। जिन पर भारी रकम देकर नियुक्ति पाने का संदेह था। सूत्रों ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा संचालित स्कूलों में कार्यरत 11 शिक्षक और दो गैर-शिक्षण कर्मचारी भर्ती में उनकी भूमिका को लेकर केंद्रीय एजेंसी की जांच के दायरे में हैं। वे उन 35 नए बिचौलियों में शामिल हैं, जिनके नाम पिछले कुछ महीनों में जांच के दौरान सामने आए हैं। जांच अधिकारियों ने खुलासा किया कि अलग-अलग पदों के हिसाब से रकम ली गई।

# रूस में आतंकी हमले में 15 पुलिस अधिकारी मारे गए

▸ दागेस्तान रूस के सबसे अधिक विविधता वाला क्षेत्र है, जहां अलग-अलग भाषा और नस्ल के लोग रहते हैं।

एजेंसी



22 मार्च को मास्को के क्रोकस सिटी हॉल कॉन्सर्ट स्थल पर आतंकवादी हमले के बाद ये दूसरी ऐसी घटना है।

**मास्को।** रूस के दक्षिणी दागेस्तान गणराज्य में हुए सिलसिलेवार आतंकी हमलों में कम से कम 15 पुलिस अधिकारी मारे गए। स्थानीय अधिकारियों के हवाले से आरआईए नोवोस्ती ने ये जानकारी दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि आतंकियों ने चर्च, पुलिस चौकी और यहूदियों के पूजा स्थल सिनेगॉग पर गोलीबारी की। इस हमले में कई नागरिकों के हताहत होने की खबर है। दागेस्तान गणराज्य के प्रमुख सर्गेई मेलिकोव ने कहा कि स्थिति पर काबू पा लिया गया है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार डर्बेंट में सिनेगॉग में हमलों के दौरान लगी आग को पूरी तरह बुझा दिया गया है। मेलिकोव ने सोशल मीडिया पर बताया, ''इसमें छह सशस्त्र हमलावर मारे गए हैं। कानून प्रवर्तन अधिकारी तब तक तलाश जारी रखेंगे जब तक कि आतंकवादी हमलों में शामिल सभी लोगों को पकड़ नहीं लिया जाता।

राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी समिति के अनुसार रूसी जांच समिति ने आतंकवादी हमलों और गोलीबारी से संबंधित कानून के तहत केस दर्ज किए हैं और साथ ही दागेस्तान में आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू किया गया है। दागेस्तान रूस के सबसे अधिक विविधता वाला क्षेत्र है, जहां अलग-अलग भाषा और नस्ल के लोग रहते हैं। समाचार एजेंसी ने बताया, ''हमलों के बाद रूस के यहूदी समुदाय संघ ने लोगों से आग्रह किया कि वे दागेस्तान में हुए हमल पर कोई प्रतिक्रिया न दें। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, माखचकाला और डर्बेंट में सभी मनोरंजन कार्यक्रम अगली सूचना तक रद्द कर दिए गए हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 22 मार्च को मास्को के क्रोकस सिटी हॉल कॉन्सर्ट स्थल पर आतंकवादी हमले के बाद ये दूसरी ऐसी घटना है। क्रोकस सिटी हॉल कॉन्सर्ट स्थल पर आतंकी हमले में कम से कम 144 लोगों की मौत हो गई थी, और 551 लोग घायल हो गए थे।

## पहली ही बारिश में राम मंदिर की छत से टपकने लगा पानी : पुजारी सत्येंद्र

एजेंसी



**अयोध्या।** मानसून की पहली बारिश ने राम मंदिर निर्माण की पोल खोल कर रख दी है। राम मंदिर की छत से बारिश का पानी टपकने लगा है। मंदिर के गर्भ गृह के बाहर वीआईपी दर्शन स्थल पर छत से तेजी के साथ पानी का रिसाव हो रहा है। राम मंदिर के प्रधान पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने कहा कि यह आश्चर्यजनक घटना है। देश के नामचीन इंजीनियर राम मंदिर के निर्माण कार्य में लगे हुए हैं। इसी साल 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा हुई है। राम मंदिर के छत से पानी टपक रहा है। मानसून की पहली बारिश में तेज पानी का तेज रिसाव हो रहा है। मंदिर निर्माण कार्य में लापरवाही हुई है। गर्भ गृह में भी पहले हुई बारिश के दौरान पानी टपका था, जिसे ठीक किया गया था।उन्होंने कहा कि गर्भ गृह के सामने दर्शन स्थल, जहां नए पुजारी बैठेते हैं, जहां से वीआईपी दर्शन करते हैं, रात में हुई बारिश में वहां पानी भर गया था। सुबह जब पुजारी भगवान के पूजन के लिए गए, तो वहां पानी भरा मिला। इसके बाद कड़ी मशक्कत के बाद मंदिर से पानी निकाला गया। उन्होंने कहा कि राम मंदिर में पानी निकलने का कोई रास्ता नहीं है, ऊपर से पानी टपकने लगा है। यह समस्या बहुत बड़ी है, सबसे पहले इस समस्या का समाधान होना चाहिए।